सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-138 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 09 नवम्बर 2024
06 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# एएमयू अल्पसंख्यक दर्जे की हकदार : सुप्रीम कोर्ट

- धार्मिक समुदाय शिक्षा संस्थान चला सकते हैं
- तीन जजों की पीठ लेगी अंतिम निर्णय
- सुप्रीम कोर्ट ने 1967 के फैसले को पलटा



"सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर तीन जजों की नई बेंच बनेगी। यह नई बेंच ही तय करेगी एएमयू का दर्जा क्या होगा। बता दें कि संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनके प्रशासन का अधिकार है। सात न्यायधीशों वाली संविधान पीठ में जस्टिस संजीव खन्ना, सूर्यकांत, जेबी पारदीवाला, दीपांकर दत्ता, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा शामिल हैं।

**नई दिल्ली।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं अब इसका फैसला तीन जजों की संविधान पीठ करेगी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे से जुड़े मामले को नई पीठ के पास भेज दिया। शीर्ष अदालत ने 1967 के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता, क्योंकि इसे केंद्रीय कानून के तहत बनाया गया था। शुक्रवार को सात जजों की पीठ ने मामले की सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने 4-3 के बहुमत से कहा कि मामले के न्यायिक रिकॉर्ड को सीजेआई के समक्ष रखा जाना चाहिए ताकि 2006 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले की वैधता तय करने के लिए नई पीठ गठित की जा सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि एएमयू अल्पसंख्यक संस्थान का हकदार है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी धार्मिक समुदाय संस्थान की स्थापना कर सकता है। मगर धार्मिक समुदाय संस्था का प्रशासन नहीं देख सकता है। संस्थान की स्थापना सरकारी नियमों के मुताबिक की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक दर्जे का हकदार है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

- मामले में तीन दिसंबर को होगी सुनवाई
- हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक




**रांची।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया है। जस्टिस जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस ए अमानुल्लाह की खंडपीठ ने केंद्र सरकार और याचिकाकर्ता दानियल दानिश को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई तीन दिसंबर को होगी। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है।

हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार को निर्देश दिया था कि वह फैक्ट फाइंडिग कमेटी के सदस्यों का नाम सुझाए। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल राज्य सरकार हाई कोर्ट के इस निर्देश का पालन न करे। इसपर केंद्र सरकार और याचिकाकर्ता का जवाब आने के बाद सुप्रीम कोर्ट आगे की सुनवाई करेगा। हाई कोर्ट ने 20 सितंबर को बांग्लादेशी घुसपैठ की सच्चाई जानने के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाने की बात कही थी। झारखंड सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा था कि झारखंड सीमावर्ती राज्य नहीं है। हाई कोर्ट का आदेश राज्य में हो रहे विधानसभा चुनावों में भाषणों का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड में घुसपैठ का जो दावा किया है, वह आंकड़ों पर आधारित नहीं है। ऐसे में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के गठन का हाई कोर्ट का आदेश घुसपैठ से निपटने की राज्य सरकार की स्वायत्तता और शक्ति में हस्तक्षेप होगा। राज्य सरकार के पास इस समस्या से निपटने के लिए कानून के तहत स्वतंत्र अधिकार हैं।

### दिल्ली में पहली बार हो रहा दीपोत्सव का आयोजन

# यमुना तट पर जलेंगे साढ़े तीन लाख से अधिक दीये

**जयंती**

- डीडीए द्वारा पहली बार आयोजित किया जा रहा दिल्ली दीपोत्सव
- रोशनी और भक्ति का दिखेगा अद्भूत संगम



**नई दिल्ली।** 13 नवंबर की शाम राजधानी में पहली बार दिल्ली दीपोत्सव का आयोजन होगा। यह आयोजन देव दीपावली, गुरु पर्व और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पूर्व हो रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आयोजित इस समारोह में एलजी वीके सक्सेना शामिल होंगे और इस अवसर पर यमुना की आरती भी करेंगे। यह कार्यक्रम कश्मीरी गेट आइएसबीटी के पास पुनर्विकसित वासुदेव घाट पर मनाया जाएगा। शुक्रवार को राजनिवास की ओर से इस आशय की जानकारी साझा की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर के अंक में ही वाराणसी की तर्ज पर दिल्ली में भी दीपोत्सव शीर्षक से

यह खबर प्रकाशित कर दी थी। राजनिवास के मुताबिक इस आयोजन में 3,50,000 से अधिक दीये जलाए जाएंगे, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजन, विद्यार्थी और कलाकार भाग लेंगे। कार्यक्रम में ड्रोन और लेजर

# संविधान की रक्षा करना हमारा लक्ष्य : राहुल

**पलटवार**

- राहुल गांधी का पीएम मोदी पर तीखा वार
- प्रधानमंत्री को मेरी बातें देश तोड़ने वाली लगती हैं
- बीजेपी संविधान को खत्म करना चाहती है



### 'अग्निवीर योजना' को खत्म करेंगे

"राहुल गांधी ने अपने भाषण में भारत के संविधान की रक्षा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान एक मात्र किताब नहीं है, बल्कि यह आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, और गरीबों के अधिकारों की सुरक्षा करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध हैं, जबकि बीजेपी और आरएसएस संविधान को खत्म करना चाहते हैं। राहुल ने लोगों से वादा किया कि अगर उनकी सरकार बनी, तो वे 'अग्निवीर योजना' को खत्म करेंगे, जो उन्होंने युवाओं के भविष्य के लिए हानिकारक माना।

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड के सिमडेगा जिले से आगामी विधानसभा चुनावों के प्रचार की शुरुआत की। शुक्रवार को आयोजित एक जनसभा में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी, और आरएसएस पर जोरदार हमला बोला। राहुल ने अपने 28 मिनट के भाषण में आदिवासी समुदाय, अंबानी-अडाणी के बड़े उद्योगपतियों का संदर्भ, और भारतीय संविधान का उल्लेख किया. इस मौके पर उन्होंने आदिवासी अधिकारों, सामाजिक न्याय, और संविधान की रक्षा के मुद्दों पर चर्चा की. राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा, हम आदिवासियों, दलितों, और पिछड़ों के अधिकारों की बात करते हैं. इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि राहुल गांधी देश तोड़ने वाली बातें करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में दो अलग विचारधाराएं हैं- एक तरफ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जो संविधान की रक्षा करने में विश्वास रखते हैं, और दूसरी तरफ बीजेपी और आरएसएस, जिन पर उन्होंने संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने आदिवासी समाज के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनके साथ हो रहे भेदभाव पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि आदिवासी शब्द का अर्थ है इस धरती के प्रथम निवासी। इसके विपरीत बीजेपी और अंग्रेज उन्हें 'वनवासी' कहते थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदिवासी का मतलब है जल, जंगल, और जमीन पर उनके अधिकार, जबकि वनवासी का मतलब यह है कि वे सिर्फ जंगलों में रहने वाले लोग हैं जिनके पास जल, जंगल, और जमीन पर कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते आदिवासी समुदाय को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार जैसे मूलभूत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है, तो वे जातीय जनगणना करेंगे और समाज के पिछड़े वर्गों को उनकी सही संख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व दिलाएंगे।

# यूपी में पुरुष टेलर नहीं ले सकेंगे महिलाओं के कपड़ों की नाप

- महिला आयोग का बड़ा फैसला
- जिम और योग केन्द्रों में भी हों लेडीज प्रशिक्षक



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव में महिलाओं के बैड टच से बचाव और पुरुषों के बुरे इरादों को रोकने के लिए कई कदम उठाए जाने की बात की गई है।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान द्वारा दिए गए इस प्रस्ताव में पुरुषों के लिए कुछ सीमाएं निर्धारित की गई हैं जैसे कि पुरुषों को महिलाओं के कपड़े न सिलने दिए जाएं और न ही उनके बाल काटने की अनुमति हो। राज्य महिला आयोग की बैठक में उठाए गए प्रस्तावों में पुरुषों के लिए महिलाओं के नाप लेने, शॉप पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और सैलून में केवल महिला नाई की नियुक्ति करने जैसे कदम शामिल हैं। आयोग का मानना है कि इन कदमों से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि महिला आयोग को जिमों में महिलाओं और लड़कियों के शोषण की लगातार शिकायतें मिल रही हैं।

### सांसों पर संकट का माहौल, अगले तीन दिन बहुत भारी

# दिल्ली की हवा बेहद खराब

**वायू प्रदूषण**

- 12 इलाकों में एक्यूआई 400 के पार
- सोमवार तक बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी हवा



**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की गति कम होने और विभिन्न दिशाओं से हवा चलने से वायु प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। सुबह स्मॉग और कुहासा की वजह से आईजीआई एयरपोर्ट में दृश्यता रात को 1000 मीटर दर्ज की गई।

वहीं, सुबह चार बजे हवा में मामूली सुधार आने से दृश्यता 1200 मीटर रही। जबकि सफदरजंग में 800 मीटर रिकॉर्ड की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का अनुमान है कि सोमवार तक वायु गुणवत्ता में कोई सुधार आने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार ही बनी रहेगी। इससे हवा बेहद खराब ही रहने की आशंका है। शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में वृद्धि हुई है। इस दौरान एक्यूआई 380 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब है। ऐसे में पूरे दिन आसमान में स्मॉग की चादर छाई रही। इससे लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले बृहस्पतिवार को एक्यूआई 377 रहा, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है। आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना सहित 12 इलाकों में एक्यूआई 400 के पार रहा।

यह गंभीर श्रेणी में हवा है। जबकि, डीटीयू, आईटीओ समेत 26 इलाकों में हवा बेहद खराब और तीन इलाकों में एक्यूआई खराब श्रेणी में रहा। वेंटिलेशन इंडेक्स 2000 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 3100 घनमीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक शुक्रवार को हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 11.049 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.053 फीसदी रही। जबकि बृहस्पतिवार को पराली धुएं की हिस्सेदारी 17.814 फीसदी रही।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक शुक्रवार को हवाएं विभिन्न दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही। शनिवार को भी हवाएं विभिन्न दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी।

# 97 वर्ष के हुए आडवाणी मिलने पहुंचे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** लालकृष्ण आडवाणी आज 97 साल के हो गए। वयोवृद्ध राजनेता और देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान- भारत रत्न से सम्मानित आडवाणी को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने घर जाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। आडवाणी को बधाई देने पहुंचे कोविंद ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। उसके अलावा जन्मदिन का केक भी काटा गया। इस माके पर आडवाणी की बेटी प्रतिभा भी मौजूद रहीं। आडवाणी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जन्मदिन की बधाई दी। महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के बाद दिल्ली लौटे प्रधानमंत्री देर शाम आडवाणी से मुलाकात करने उनके आवास पर पहुंचे। लगभग आधे घंटे तक पीएम मोदी और आडवाणी की मुलाकात हुई। इसके बाद पीएम मोदी का काफिला आडवाणी के आवास से रवाना हो गया।

# सीईसी ने की महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों की आलोचना

- अधिकारियों को सख्ती से निपटने के निर्देश
- चुनाव आचार संहिता के तहत की जाएगी कड़ी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं के खिलाफ की गई नेताओं की अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा की। उन्होंने अधिकारियों को ऐसी टिप्पणियों के खिलाफ समय पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव कार्यालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि एक समीक्षा बैठक के दौरान कुमार ने महिलाओं के सम्मान और गरिमा के खिलाफ की गई अपमानजनक भाषा पर नाराजगी जताई। बैठक में जिला चुनाव अधिकारी, पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त और रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे। सीईसी ने सभी सियासी दलों और उम्मीदवारों से अपील की है कि वे महिलाओं की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी टिप्पणी से बचें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नेताओं या अन्य दलों के कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के किसी भी पहलू की आलोचना नहीं की जानी चाहिए। विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए किसी भी तरह के निम्न स्तरीय व्यक्तिगत हमले नहीं किए जाने चाहिए। राजीव कुमार ने यह भी कहा कि उम्मीदवारों या राजनेताओं द्वारा महिलाओं के सम्मान और गरिमा के खिलाफ की जाने वाली किसी भी टिप्पणी पर चुनाव आचार संहिता के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी उम्मीदवार और पार्टी नेता अपने भाषणों और सार्वजनिक संवाद में महिलाओं के प्रति सम्मान दिखाते हुए अपना आचरण सुधारेंगे।

**चुनाव प्रचार**

### मुजफ्फरनगर वालों को जल्द मिलेगी रैपिड रेल

# अब दंगा नहीं विकास होता है : योगी

- यूपी पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती का रिजल्ट जल्द आएगा
- बारूद के ढेर पर पड़ेगा हैंडपंप का पानी




"योगी ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण कराकर 500 साल से चली आ रही समस्या का समाधान किया। मंदिर के लिए आंदोलन में शामिल लोग सोचते थे कि शायद इस जन्म में प्रभु का यह काम नहीं हो पाएगा लेकिन यह हुआ। अयोध्या के दीपोत्सव से हर अयोध्यावासी जुड़ा है।

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रैपिड ने मेरठ से दिल्ली तक का सफर तय कर लिया है। जल्द ही मुजफ्फरनगर को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। यूपी पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती का रिजल्ट जल्द आएगा। उपचुनाव की तिथियों पर चुनाव आयोग के फैसले का विरोध कर सपा पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है।

महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज मोरना में भाजपा-रालोद गठबंधन की प्रत्याशी मिथलेश पाल के समर्थन में आयोजित जनसभा में सीएम ने कहा कि चुनाव की तारीख बदलकर आयोग ने जन आस्था का सम्मान किया है। मेजर ध्यानचंद खेल यूनिवर्सिटी बन जाने से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए यूरोप नहीं जाना पड़ेगा। मां शाकुंभरी विवि की स्थापना की गई। पिछले 22 साल में जितना गन्ना भुगतान हुआ, उससे कहीं ज्यादा भाजपा सरकार ने सात साल में कर दिया। मार्च 2023 के बाद किसानों की निजी ट्यूबवेलों के बिल सरकार चुका रही है। बैल, भैंसे और मोटर चुराने वाले जानते हैं कि उन्हें क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। अब पश्चिमी यूपी में दंगा नहीं, कैराना में पलायन नहीं है। अब एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। लोग अपना रोजगार शुरू कर रहे हैं। दंगों की आंच में झुलसने वाला मुजफ्फरनगर अब गन्ने की मिठास को दुनिया में पहुंचाने का काम कर रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार ने चीनी मिलों के सुधार की प्रक्रिया किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की कर्मस्थली छपरौली से की। वहां से मोरना तक लगातार प्रयास जारी हैं। सीएम ने अपने भाषण में कई बार चौधरी चरण सिंह और उन्हें दिए गए भारत रत्न का जिक्र किया। सीएम ने मुजफ्फरनगर दंगे और सपा प्रत्याशी का जिक्र भी छेड़ा। दंगे के दौरान हथियारों का जखीरा मिला था, उस जखीरे को हम तबाह करने वाले हैं। यह भी कहा कि उस बारूद के ढेर पर पानी हैंडपंप का पड़ेगा।

CMYK

# श्री अन्न किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, पोषण की आधारशिला: डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शहर के वंदन गार्डन में शुक्रवार को उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत जनपदीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी, मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम और रबी उत्पादकता गोष्ठी कार्यक्रम हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में एक तरफ जहां श्रीअन्न के पोषक मूल्य खेती-प्रसंस्करण पर चर्चा हुई। वहीं दूसरी तरफ जिले के नामचीन होटल व रेस्तरां सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह एफपीओ एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी मिलेट्स व्यंजनों की कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल संयोजन उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने किया।शुक्रवार को कृषि महकमे के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने पीडी एसएन चौरसिया,डीडी (कृषि) अरविंद मोहन मिश्रा की मौजूदगी में दीप जलाकर किया। इससे पूर्व डीएम ने अफसरो के साथ कृषि, गन्ना, उद्यान, पशुपालन इफको, कृभको, बैंक, पीएम सूर्य घर शाहिद विभिन्न विभागों के स्थान का अवलोकन किया। उन्होंने श्री अन्न रेसिपी स्टालों का भी अवलोकन कर श्रीअन्न से तैयार रेसिपी की जानकारी ली एवं उनका मनोबल बढ़ाया।कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने अफसरों संग श्री अन्न व्यक्तिगत भोज्य पदार्थ, होटल/रेस्टोरेंट/कैटर्स भोज्य पदार्थ, समूह भोज्य पदार्थ, एफपीओ भोज्य पदार्थ और महाविद्यालय भोज्य पदार्थ के स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में अपनी रेसिपी के अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया। वही इंटरमीडिएट एवं स्नातक स्तर पर हुई श्री अन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। रेसिपी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में पीडी डीआरडीए एस एन चौरसिया की अध्यक्षता में वाईडी कॉलेज की डॉ ज्योति पंत, रॉयल प्रूडेंस कॉलेज डा0 अंशू वर्मा,कृषि वैज्ञानिक डॉ सुहैल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने निभाई।विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि भारत ने योगा, आयुर्वेद एवं मिलेट्स (श्री अन्न) से पूरे विश्व को परिचित कराया। दुनिया आज इसे हाथों हाथ ले रही है। पीएम ने मिलेट्स, मोटा अनाज को श्री अन्न कहकर प्रतिष्ठा दी है। मिलेट्स के प्रयोग से जहां हम बीमारियों से बच सकते हैं। वही इससे प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होती है। यह स्वादिष्ट होने के साथ ही स्वास्थ्यवर्धक है। उन्होंने मौजूद किसानों से श्री अन्न उत्पादन के लिए आगे आने का आवाह्वन करते हुए मिलेट्स को आज की आवश्यकता बताई।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने श्री अन्न रेसिपी कार्यक्रम के विजेता और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। मिलेट्स आधारित उत्पादन के उपयोग से थाली में जो पोषक तत्वों का अभाव है, उसे पूरा किया जा सकता है। बीमारियों से लड़ने में श्री अन्न की बड़ी भूमिका है। श्री अन्न समृद्धि व समग्र विकास का माध्यम बन रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। श्री अन्न किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, पोषण की आधारशिला है। श्री अन्न समूची दुनिया के लिए महत्वपूर्ण कृषि उत्पाद है। पोषक तत्वों से भरपूर श्री अन्न की खेती को सामान्य भूमि में किया जा सकता है। इसमें फर्टिलाइजर की आवश्यकता नहीं होती है। जनपदीय रबी गोष्ठी में उपस्थित किसानों को योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ने का आह्वान भी किया। कृषि महकमें की पूरी टीम के प्रयासों के चलते रेसिपी का जो अनूठा प्रदर्शन यहां हुआ, वह काबिले तारीफ है। डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने रबी उत्पादकता गोष्ठी की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता भी बताई।

## इनको मिला श्री अन्न रेसिपी के लिए खिताब

होटल रेस्टोरेंट कैटर्स भोज्य पदार्थ प्रतियोगिता में अतिथि रेस्टोरेंट प्रथम, कंफर्ट इन द्वितीय, श्री अन्न ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह भोज्य पदार्थ में सरस्वती स्वयं सहायता समूह प्रथम, प्रगति स्वयं सहायता समूह द्वितीय, महेशपुर, कुंभी स्वयं सहायता समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एफपीओ भोज्य पदार्थ में जगदेवपुर प्रथम, सनराइज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वितीय, महालक्ष्मी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत भोज्य पदार्थ में सुमन श्रीवास्तव ने प्रथम, शुभांशी ने द्वितीय, पारुल व स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आंगनबाड़ी नकहा में प्रथम, आंगनबाड़ी चंदन चौकी ने द्वितीय आंगनबाड़ी लखीमपुर ग्रामीण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्री अन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रॉयल प्रूडेंस कॉलेज के अमन वर्मा प्रथम, रुपेश वर्मा द्वितीय एवं राहुल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कृषि वैज्ञानिकों ने बताएं श्री अन्न के फायदे

कृषि वैज्ञानिक अरविंद कुमार ने कृषकों को श्री अन्न के उपभोग के फायदे बताते हुए अवगत कराया गया कि विश्व पटल पर आज श्री अन्न के उपभोग में वृद्धि हो रही है। श्री अन्न में प्रचुर मात्रा प्रोटीन, फाइबर होता है जिसके उपभोग से कई बडी-बडी बीमारियों जैसे शुगर, उच्च रक्त चाप, मोटापा आदि से बचा जा सकता है। कृषकों को श्री अन्न के उपभोग एवं उत्पादन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि श्री अन्न शरीर को स्वस्थ रखने के सबसे सस्ते साधन है इनके सेवन से इंसान तमाम प्रकार की बीमारी से बचा जा सकता है।

## कृषकों के आकर्षण का केंद्र बने मुन्ना जादूगर

कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नामचीन मुन्ना जादूगर कृषकों के आकर्षण का केंद्र रहे। मुन्ना जादूगर ने अपने जादू के जरिए किसानों को खेती-किसानी के साथ-साथ श्री अन्न के फायदे बताते रहे। इस दौरान उन्होंने किसानों का खूब मनोरंजन किया। कृषि द्वारा कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी।कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं कृषि से सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा भी उद्यान, पशुपालन आदि से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

## वारण्टी अभि0 को गिरफ्तार कर पेशी हेतु भेजा गया

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा मु0सं0 4187-8 धारा 323,504,506 भादवि0 तथा मु0सं0 776- 22 धारा 323,324,452,504 भादवि0 से संबंधित वारण्टी अभि0 को थाना फरधान पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# आईजीआरएस शिकायतों के निपटारे में सहारनपुर फिर अव्वल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले आईजीआरएस पोर्टल व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से सम्बद्ध शिकायतों के निस्तारण में सहारनपुर नगर निगम ने पूरे प्रदेश में बाजी मारते हुए एक फिर अव्वल आया है। इस उपलब्धि पर महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त संजय चौहान व अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने निगम में आईजीआरएस पोर्टल लिपिक के कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी है।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देशन में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व आईजीआरएस प्रभारी/सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह समय-समय पर आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों की समीक्षा करते है। आईजीआरएस पोर्टल व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की जाने वाली शिकायतें मुख्यमंत्री कार्यालय से सम्बंधित नगर निकाय व विभागों को भेजी जाती है। इन शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण और उसके पश्चात उच्चाधिकारियों तथा मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा शिकायतों का जो फीडबैक लिया जाता है उसके आधार पर हर सम्बंधित नगर या विभाग को




रैंक दी जाती है।

अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि जो शिकायतें आईजीआरएस/हेल्पलाइन से सम्बद्ध आती है, उन्हें तत्काल सम्बंधित विभाग को भेज दिया जाता है। जिनका निस्तारण निर्धारित समय सीमा में किया जाना अनिवार्य होता है। उन्होंने बताया कि माह अक्तूबर 2024 में सहारनपुर नगर निगम ने प्रदेश में 90 अंकों में से शत प्रतिशत 90 अंक प्राप्त कर नंबर वन रैंक हासिल की है। उन्होंने बताया कि नगर निगम सहारनपुर शिकायतों के निस्तारण में अमूमन टॉप फाइव में रहा है। गत अगस्त माह में भी सहारनपुर नगर निगम ने नंबर वन रैंक हासिल की थी। जबकि सितंबर माह में दूसरा स्थान और अक्तूबर में फिर से नंबर वन रैंक हासिल की है। अपर नगरायुक्त ने बताया कि अक्तूबर 2024 में निगम को आईजीआरएस/हेल्पलाइन पर कुल 208 शिकायतें प्राप्त हुई।

# पिता के साथ घर के बाहर टहल रहे पांच वर्षीय बालक पर तेंदुए ने किया हमला

**लखीमपुर खीरी।** दक्षिण निघासन वन रेंज के मुंशीगढ़ गांव में बृहस्पतिवार रात अपने पिता के साथ घर के बाहर टहल रहे पांच वर्षीय बालक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर आया था। पिता ने शोर मचाते हुए तेंदुए से बेटे को बचा लिया। आसपास के लोग जुट गए, जिससे तेंदुए खेतों में भाग गया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है गांव मुंशीगढ़ निवासी निवासी रमेश का घर गांव के उत्तर बाहरी हिस्से में स्थित है। बृहस्पतिवार रात वह घर के बाहर अपने पांच वर्षीय बेटे दीपक के साथ खाना खाकर टहल रहे थे। इसी बीच गन्ने के खेत से निकलकर आए तेंदुए ने दीपक पर हमला कर दिया। इस पर रमेश ने शोर मचाते हुए तेंदुए से संघर्ष किया और दीपक को छुड़ा लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी आ गए। तब तक तेंदुआ गन्ने के खेत में ही भाग गया घटना के बाद ग्रामीणों की नींद उड़ गई।

## नदी से बालू निकाल रहे ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर एसडीएम राजीव निगम ने किया पुलिस के हवाले

**लखीमपुर-खीरी।** फोन पर मिली सूचना पर एसडीएम राजीव निगम ने सुबह अचानक पहुंचकर निबौरिया में जौरहा नदी से बालू निकाल रहे ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसकी सूचना खनन विभाग के अफसरों को भी दी गई है। एसडीएम राजीव निगम ने किसी ने फोन करके निबौरिया के पास जौरहा नदी के पेटे से अवैध खनन कर बालू निकालने की सूचना दी। इस पर वह सुबह करीब साढ़े पांच बजे अपने अर्दली और गार्ड्स के साथ वहां जा पहुंचे। रास्ते में उन्होंने सिंगाही थाने में भी सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसडीएम को देख ट्रैक्टर-ट्राली मालिक इसे छोड़कर वहां से भाग गया। बालू भरी ट्रैक्टर-ट्राली सहित नदी से बालू खोदकर भर रहे दो मजदूरों को एसडीएम ने मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के सुपुर्द कर दिया।

## जंगल सफारी का आनंद ले रहे पर्यटकों को हुए चार बाघों के दीदार

**लखीमपुर-खीरी।** दुधवा के किशनपुर सेंच्युरी में लगातार तीसरे दिन भी सुबह की सफारी में एक साथ चार बाघों के दीदार हुए। इसमें एक बाघिन के साथ तीन शावक नजर आए। शुक्रवार को किशनपुर सेंच्युरी में सुबह जंगल सफारी का आनंद ले रहे पर्यटकों को एक साथ चार बाघ दिखाई दिए।

# सड़क दुर्घटना में एक किसान की मौत

लखीमपुर-खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र के लखीमपुर-मोहम्मदी रोड पर सड़क दुर्घटना में एक किसान की मौत हो गई। नीमगांव थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर निवासी 57वर्षीय महेश वर्मा पुत्र नत्थूलाल की रात अपने खेत से ट्रैक्टर ट्राली से कुम्भी चीनी मिल गन्ना लेकर जा रहे थे कि मोहम्मदी लखीमपुर रोड पर नीमगांव थाना क्षेत्र में लखीमपुर की तरफ से आ रही तेज़ रफ़्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चला रहे महेश वर्मा नीचे गिर गए, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। सूचना पाते ही उनके परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने घायल महेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कार में चार लोग मौजूद थे जिसमे कार चालक को हल्की चोट आई हैं। बताया जा रहा है कि कार सवार नानपारा बहराइच के रहने वाले हैं। यहां से वे दिल्ली जा रहे थे।

## लोक आस्था का महापर्व छठ उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ हुआ संपन्न

**लखीमपुर खीरी।** लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार भोर में उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। चार दिवसीय छठ पूजा के महापर्व की शुरुआत पांच नवंबर को नहाय खाय के साथ हुई थी। इसके बाद अगले दिन छह नवंबर को व्रती महिलाओं ने खरना की रस्म निभाई। छठ पूजा के लिए शहर के सेठघाट पर नगर पालिका प्रशासन और आयोजन समिति की ओर से छठ पूजा के लिए विशेष इंतजाम किए गए बृहस्पतिवार की शाम व्रती महिलाओं ने सेठघाट पर पहुंचकर उल्ल नदी के जल में खड़े होकर अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया। शुक्रवार सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह चार बजे से ही सेठ घाट पर व्रती महिलाओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटने लगी। यहां पूजा-पाठ के लिए महिलाएं पारंपरिक वेषभूषा में अपने परिवार के साथ पहुंचीं व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा का व्रत संपन्न किया। इस दौरान छठी मैया के गीत गूंजते रहे।

# 13 को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सुनवाई करेंगी महिला आयोग की सदस्य

**बदायूं।** राज्य महिला आयोग की सदस्य आगामी 13 नवंबर को लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में महिलाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि राज महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन आगामी 13 नवंबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि सदस्य द्वारा जिला कारागार के महिला बंदी ग्रह तथा चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

# विधिवत रूप से संपन्न हुआ मेला ककोड़ा में झंडी स्थापना व पूजन का कार्यक्रम




**बदायूं।** रूहेलखंड के मिनी कुंभ के नाम से प्रसिद्ध जनपद बदायूं के ऐतिहासिक मेला ककोडा में झंडी स्थापना तथा पूजन का कार्यक्रम विधिवत रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव व अन्य के करकमलो से संपन्न हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि जनपद का ऐतिहासिक मेला ककोडा जनपद की एक पहचान है। यह रोहिलखंड का मिनी कुंभ कहलाता है। उन्होंने जनपद वासियों से मेले में आकर धर्म लाभ लेने का आह्वान भी किया। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कहा कि शुक्रवार को मेला ककोड़ा में गंगा तट पर लगने वाले मेले के लिए झंडी स्थापना व पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर वह अपने आपको भाग्यशाली मानती हैं। उन्होंने कहा कि मेले में जनपद के अतिरिक्त अन्य कई जनपदों से श्रद्धालु आकर मेला ककोड़ा में गंगा के तट पर स्नान कर धर्म लाभ करते हैं। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, एसएसपी डा0 बृजेश कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क किनारे पड़ा मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में गांव नवादा बिलसंडी निवासी हिस्ट्रीशीटर बबलू उर्फ मलहारे की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव से काफी दूर सड़क के किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामाभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने गांव के ही पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। नवादा बिलसंडी गांव निवासी बबलू उर्फ मलहारे का गांव के कुछ लोगों से जमीन के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद चल रहा था। बबलू फरीदपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उसके परिजन ऋषि पाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका चचेरा भाई बबलू बृहस्पतिवार दोपहर 4:30 बजे खल्लपुर गांव की बाजार में गया था। आरोप लगाया कि रास्ते में गांव के ही कुछ लोगों ने उसे रोक लिया। उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की गई। आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर गाड़ी में डाल लिया और उसका गला दबाकर हत्या कर दी। सड़क हादसा दर्शाने के लिए उसे सड़क पर डालकर गाड़ी से कुचल दिया। वहीं, पुलिस इसे हादसा मान रही है। मृतक के परिवार के आरोपों पर जांच भी शुरू कर दी गई है।

# कूड़े के ढेर में मिली प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की प्रतिमा, हाल देख रो पड़े कोंग्रेसी नेता



**बरेली।** बरेली के चौकी चौराहा पर स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा हटाए जाने का विरोध बढ़ता जा रहा है। जिला कांग्रेस ने नगर निगम और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह तमाम कार्यकर्ता नेहरू की प्रतिमा उठाने मिशन कंपाउंड पहुंचे। यहां कूड़े के ढेर में प्रतिमा रखी देखकर कांग्रेस नेताओं ने नाराजगी जताई। कांग्रेस नेता रो पड़े। उन्होंने कहा कि नेहरू जी का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर में स्मार्ट सिटी के तहत कराए जा रहे सुंदरीकरण के दौरान चौकी चौराहे से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा को हटवा दिया गया था। आठ माह बीतने के बाद भी जब प्रतिमा पुनर्स्थापित नहीं कराई गई तो कांग्रेसियों ने पांच नवंबर से चौकी चौराहा स्थित महात्मा गांधी पार्क में आमरण अनशन शुरू कर दिया। सुनवाई न होने पर शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं ने खुद ही प्रतिमा को स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी।

## कूड़े के ढेर में मिली प्रतिमा

प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता चौकी चौराहे पर सुबह साढ़े दस बजे एकत्र हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए मिशन कंपाउंड में पहुंचे। यहां पहुंचकर देखा तो दंग रह गए। यह देखकर कांग्रेस नेता रो पड़े। उन्होंने बताया कि कूड़े के ढेर में नेहरू की प्रतिमा रखी मिली। कार्यकर्ता के साथ मिलकर कूड़ा हटवाया। प्रतिमा की साफ सफाई की गई। केबी त्रिपाठी ने कहा कि बेशर्मी की हद यह है कि बताया नहीं जा रहा था कि मूर्ति कहां है। नेहरू जी हमारे लिए आदर्श और विचार हैं। नेहरू प्रतिमा को सम्मान पूर्व स्थापित करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार व इतिहासकार सुधीर विद्यार्थी भी पहुंचे।

# सिविल सोसाइटी ऑफ़ आगरा कि कुलपति से मांग, कराएँ डॉ भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की सीनेट का चुनाव

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** डॉ भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में से एक है और उसकी गरिमामयी रही छवि को पुनर्स्थापित करने का हर भरसक प्रयास किया जा रहा है। यह कहना है विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.आशुरानी का जो कि सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के प्रतिनिधियों से औपचारिक मुलाकात के दौरान चल रहे सुधार के कार्यों पर चर्चा कर रही थीं।उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी राज्य सरकार के तहत संचालित स्वायत्तशासी संस्था है एक्ट के तहत जो भी प्राविधान है वे लागू होगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का सीनेट हाल अत्यंत भव्य है,यह अन्य प्रयोजनों के लिए पिछले काफी समय से इस्तेमाल हो रहा है किंतु आने वाले समय में यह सीनेट और विश्वविद्यालय के विभागों,कमेटियों आदि की आधिकारिक बैठकों के लिये उपयोग में लाया जाना शुरू हो जायेगा।



## सीनेट के चुनाव

प्रो.आशु रानी ने कहा कि उन्होंने सीनेट का चुनाव करवाये जाने को पूरी गंभीरता से लिया है और इसके लिये आगामी कार्यवाही करवाने को कहा है।एक जानकारी में उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सुधार के लिए उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं ,विश्वविद्यालय के चारों परिसरों में इसका आकलन किया जा सकता है।नीतिगत तौर पर विद्यार्थियों का हित उनके लिए सर्वोपरि है।उपरोक्त को दृष्टिगत जो भी उनके संज्ञान में लाया जाएगा, उसका समाधान जरूर करवायेंगी।

## अब डाटा गायब नहीं होंगे,क्लाउड खरीदा

वीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय के डाटा आदि गायब होने और उनमें हेराफेरी आदि की घटनाओं पर अब पूरी तरह से नियंत्रण किया जा चुका है।विश्वविद्यालय का अब अपना 'क्लाउड' है।सारे पुराने रिकॉर्ड अपडेट करवाये जाने का कार्य प्रगति पर है।उन्होंने कहा कि ज्यादातर खामियां पिछले तीस साल का कालखंड की है,जिन्हे दूर किया जा रहा है।इनके दूर होते ही विश्वविद्यालय का सारा रिकार्ड अपडेट हो जायेगा।

प्रो.आशु रानी ने कहा कि सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा , ने आडिट रिपोर्ट के अनुसार कंप्लांस करवाने को उठाया गया मुद्दा वह गंभीरता से लेती हैं।वित्ता विभाग के अधिकारियों से उपयुक्त समाधान के लिये वह कहेंगी।

## सेंट्रल लाइब्रेरी का आधुनिकीकरण

डॉ आशु रानी ने विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी का डिजिटलाइजेशन करवये जाने को चल रहे प्रयास की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी की जीरो इंडेक्स फिर से समृद्ध हो गई है।उसमें भरपूर रैफ्रेंस बुके उपलब्ध हैं।आगरा के इतिहास से संबंधित साहित्य सहित तमाम शोधपरक पुस्तके लाइब्रेरी में मौजूद है। उन्होने बाया कि विश्विवद्यालय के द्वारा एक म्यूजियम भी बनाया गया है। लाइब्रेरी और म्यूजियम आने वाले समय में जनसामान्य के लिए भी उपलब्ध होंगे।

## एक्ट में उल्लेखित संस्थान चालू रखे जायें

सिविल सोसाइटी ऑफ़ आगरा ने विश्वविद्यालय के केएम हिन्दी इंस्ट्रीट्यूट (K M Hindi Institute),सोशल साइंस इस्टीट्यूट (Institute of Social Sciences) और गृह विज्ञान संस्थान (Home Science Institute) को उनकी गारिमामयी उपलब्धियों और राष्ट्रीय पहचान को दृष्टिगत हर हाल में यथावत संचालित रखने का अग्रह किया।

## पचनदा प्रोजेक्ट के लिये प्रो.कठैरिया का योगदान

कुलपति ने उ प्र की सबसे बडी और बहुउद्देशीय चम्बल और यमुना नदी सहित पांच नदियों पर डैम बनाए जाने की 'पचनादा डैम ' योजना के महत्व से सहमति जताई और कहा कि निश्चित रूप से यह योजना पूरी होने पर बहुउपयोगी साबित होगी।सिविल सोसाइटी ऑफ़ आगरा ने उनसे वि वि के प्रौफेसर राम शकर कठेरिया द्वारा सांसद के रूप में उनके रहे इस योगदान को सकारात्मक एवं अन्यों को प्रेरक कार्य के रूप में प्रचारित करने का आग्रह के आग्रह सहित उपयुक्त अवसर पर उन्हें सम्मानित करने का आग्रह किया।

## लोकउपयोगी स्टैडी प्रोजेक्ट

सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के द्वारा आगरा ही नहीं समूचे बृज मंडल से जुडी ट्रैफिक की समस्या व पानी की कमी को लेकर विवि की ओर से जनसरोकारों व लोकपकारी अध्ययनों के तहत उपरोक्त का अध्ययन और समाधान ढूंढने के लिये प्रोजेक्टों को शुरू करवाने का आग्रह किया।

## आगरा की गहराती जल समस्या पर हो सेमिनार

सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा ने आगरा में गहराती पानी की समस्या को लेकर एक सम्मेलन या सैमीनार आयोजित करने का आग्रह किया, जिससे पानी पर आगरा की जल समस्य और उसके समाधान को दिशाहीनता की स्थिति समाप्त हो 'आधिकारिक डौक्यूमेंट'/तथ्यपत्र उपलब्ध हो सके। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा की ओर से जनपद की जलसमस्य के कारणों को दर्शाने वाले प्रेस फोटो ग्राफर असलम सलीमी के चित्रों की एक प्रदर्शनी आयोजित करवाने का अनुरोध किया ।इन चित्रों में से अधिकांश आगरा की नदियों,जलाशयों और जलवाहिकाओं के वाटरशेड व जलग्राही क्षेत्रों से संबधित संरचनाओं के है।

## नौ सूत्रीय ज्ञापन

सिविल सोसाइटी ऑफ़ आगरा ने कुलपति से 7 जून 2024 को उनके खंदारी कैंपस स्थित आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान एक 9 सूत्रिय ज्ञापन एवं प्रो.राम शंकर कठैरिया को उनके सांसद के रूप में प्रदेश की सबसे महत्वकांक्षी जल प्रबंधन योजना की स्वीकृति एवं क्रियान्वयन के लिये रही पहलों को आदर्श प्रयास के रूप में लेकर सम्मानित करने को भी आग्रह पत्र देकर अनुरोध किया गया।

## फिलहाल तो उम्मीदें हैं

सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के सैकेट्री अनिल शर्मा ने इस मुलाकात को एक सकारात्मक पहल बताते हुए कहा है कि उनका प्रयास है कि विश्विद्यालय में पिछले कई दशकों से चल रही रिक्तियों को निश्चित प्रक्रिया के तहत ही भरा जाये।वैसे अगर कुलपति महोदया सीनेट का चुनाव करवा सकीं तो दशकों से चली आ रही तमाम अनियमित्तायें स्वतः ही दूर हो जायेंगी।उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय को सामाजिक सरोकारों से संबधित प्रोजेक्टों को लेकर पहल करनी चाहिये ,समाज विज्ञान संस्थान और युवा गतविधियों के तहत विश्विवद्यालय इस प्रकार की पहल पहले करता रहा है।

# छात्र-छात्राओं को किया यातायात नियमों व साईबर क्राइम के प्रति जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था सैंटमेरी एकेडमी में यातायात माह के अन्तर्गत मिशन शक्ति, साइबर क्राइम व यातायात जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को यातायात के नियमों व साईबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। मिशन कम्पाउन्ड स्थित सैंटमैरी एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ डीआईजी अजय कुमार साहनी, एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान, प्रधानाचार्या सिस्टर जैरीन एवं सिस्टर गीता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि यातायात क नियमों का पालन करके ही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होने कहा कि आजकल साइबर क्राइम की घटनाएं तेजी से बढ रही है। साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के नये-नये तरीक़े अपनाए जा रहे है। जिसकी रोकथाम के लिए जागरुकता जरूरी है। उन्होंने कहा किसी को भी अपने एटीएम का पिन या ओटीपी न दे। साथ ही मोबाइल पर आने वाले किसी लिंक को तब तक न खोले जब तक उसके बारे पूरी जानकारी न हो अन्यथा हैकर आपके बैंक खाते को खाली कर सकता है।

# गांव में कैम्प लगाकर लाभार्थियों की शिकायतों का करें निरस्तारण: सुमित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि रक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, बैंक, शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने विभागों के स्टाल लगाये गये।

ग्राम पंचायत पाडली खुशहालपुर, विकास खण्ड पुवारंका में आयोजित ग्राम चौपाल का मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ग्राम चौपाल में सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, पानी निकासी से सम्बन्धित कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनका निस्तारण मौके पर किया गया तथा सभी विभागों के अधिकारियों को गांव में कैम्प लगाकर लाभार्थियों की शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय में मिशन कायाकल्प योजना अन्तर्गत कराये गये कार्य मिड डे मिल शेड, पंचायत घर व मनरेगा योजना के अन्तर्गत मिट्टी कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त मिट्टी कार्य में जॉबकार्ड अपडेट नहीं पाये गये। साथ ही मनरेगा के अन्तर्गत 07 रजिस्टर उपलब्ध मिले परन्तु पंजिकाऐं अद्यतन नहीं पायी गयी। पंचायत भवन का कार्य निर्माणाधीन पाया गया। मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया कि पंचायत सचिवालय का काम नियमानुसार पूर्ण करायें।

अवधनामा



छठ पूजा

## सूर्य उपासना व लोक आस्था का है महापर्व छठ

# दीपों की रोशनी में जगमगाए घाट







श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी खुशहाली और समृद्धि की कामना

सिर पर दउरा हाथ में गन्ना लिए श्रद्धालु छठ घाट पहुंचे



प्रभात कुमार सिन्हा

**लखनऊ।** उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर 36 घंटे की व्रती महिलाओं ने निर्जला उपवास पूरा कर लिया, जिसके बाद चार दिन के छठ महापर्व का समापन हो गया। शुक्रवार को भोर पहल शहर के सभी प्रमुख घाटों, नहरों किनारे आस्था का सैलाब उमड़ा हुआ था। व्रती महिलाओं ने अर्घ्य देकर परिवार की सुख समृद्धि व संतान प्राप्ति की मनोकामनाएं मांगी।

व्रती महिलाओं ने पूजा में चढ़ाए गए प्रसाद ठेकुआ, केला और मिठाई खाकर व्रत खोला। सूर्य उपासना का महापर्व छठ है। सिर पर दउरा हाथ में गन्ना लिए श्रद्धालु छठ घाट पहुंचे। छठ महापर्व जिसे सूर्य देवता की आराधना और संतान सुख, परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए खासतौर पर मनाया जाता है, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड सहित पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। लखनऊ में भी बड़े उत्साह के साथ यह पर्व मनाया गया, जहां विभिन्न छठ घाटों पर व्रती और श्रद्धालु अपनी-अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए जुटे रहे। लोग सूर्यदेव की उपासना के लिए जलाशयों के किनारे खड़े होकर अपने व्रत का समापन कर रहे थे। छठ पर्व में व्रतधारी 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखते हैं, जिसमें जल तक का सेवन नहीं किया जाता। इस पर्व के दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी व्रतधारियों के लिए विशेष तैयारियों में जुटे रहते हैं। चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है, दूसरे दिन खरना का व्रत रखा जाता है, जिसमें केवल गुड़ की खीर और रोटी का सेवन किया जाता है। तीसरे दिन व्रतधारी डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर उनकी आराधना करते हैं, और चौथे व अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करते हैं।




## समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक कचहरी फतेहगढ़ में संपन्न की गई जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष चंद्र शाक्य एडवोकेट ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ बहुत ही निंदनीय घटनाएं घटित हो रही हैं जिस पर जिस पर अंकुश लगाया जाए और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किया जाए अभी हाल ही में कुछ दिन पहले गाजियाबाद में जो घटना घटित हुई है उसमें सभी पीड़ित अधिवक्ता को सरकार कम से कम दो 200000 मुआवजा दे तथा सभी अधिवक्ताओं से अपील की की अपने-अपने क्षेत्र में अत्यधिक वोट बढ़ाएं जिस की 2027 में हम सभी लोग सरकार बना सके और विधानसभा उपचुनाव करहल में सभी पदाधिकारी एक-एक दिन समय अवश्य निकाल कर चुनाव प्रचार में पहुंच कर पार्टी के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव को भारी बहुमत से चुनाव जिताये इस दौरान कुंवर सिंह यादव एडवोकेट अचल प्रताप सिंह एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह यादव एडवोकेट नरेंद्र सिंह एडवोकेट कुलदीप यादव एडवोकेट अमन वर्मा एडवोकेट दिवाकर शाक्य एडवोकेट शिवम शाह एडवोकेट विकास राठौर एडवोकेट मोहम्मद शमीम खान एडवोकेट सदस्य बार एसोसिएशन फतेहगढ़ सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारीगणों को पुरस्कृत किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन पुलिस अधीक्षक कार्यालय फतेहगढ़ में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली IGRS में जनपद फतेहगढ़ का प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा IGRS कार्यालय में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। आईजीआरएस कार्यालय में नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण का विवरण प्रभारी निरीक्षक अवध नरायण पाण्डेय, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए अंकित कुशवाहा, मु0आरक्षी दिलीप कुमार, आरक्षी अभिषेक कुमार, आरक्षी बालकिशन, आरक्षी विजय कुमार, आरक्षी विवेक कुमार।

## भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के तत्वावधान में भारत को जानो प्रतियोगिता के नगर स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जालौन बालिका इंटर कालेज जालौन की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में स्नेहा कुशवाहा व सान्या सिंह की टीम प्रथम, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के भास्कर द्विवेदी व स्नेहा कुशवाहा की टीम द्वितीय, मनमोहन सिंह व शिवम गौतम की एन एस टी पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाराणा प्रताप इन्टर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में समारोहक अरविंद श्रीवास्तव, संरक्षक सुनील गुप्ता, अनिल माहेश्वरी, उपाध्यक्ष जे पी मिश्रा, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज के संचालन में सम्पन्न उपरोक्त प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में नगर के विद्यालयों की बारह टीम ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग में सतीश सिंह सेंगर, मंगल सिंह चौहान, अश्विनी द्विवेदी, संगीता मैडम, शालिनी गुप्ता, महेश बिलैया, पीयूष गुप्ता की देखरेख में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में एम एल कान्वेंट स्कूल की संस्कृति शुक्ला व सौम्या गुर्जर की टीम ने प्रथम, डी डी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांशुल मिश्रा व तनिष्क गुर्जर की टीम द्वितीय,एन एस टी पब्लिक स्कूल के सामर्थ्य सिंह व देवांश दीक्षित तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में नगर की सोलह टीम ने प्रतिभाग किया।

## मनरेगा में खेल : पुराना फोटो अपलोड कर बे समय लगाई जा रही हाजिरी

### पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत धुरियापार का मामला

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत धुरियापार में मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्य में जमकर धांधली देखने को मिल रही है। जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार करने की हद पार कर दिया है। यहां शिव कुमार के घर से खड़ंजा के दोनों पटरियों पर मनरेगा से सफाई कार्य दिखाया जा रहा है। जिसका मस्टररोल 3510 से लेकर 3512 तक है जिस पर 25 मजदूरों का मस्टररोल भरा गया है। 6 नवंबर को जिनकी हाजिरी शाम सात बजे के बाद लगाई गई। जो फोटो अपलोड किया गया है। उसमे मजदूर कार्य करते दिखाई नहीं दे रहे है।



धांधली की पोल खुलते ही जिम्मेदार पीछे हट जा रहे। यही नहीं गांव में मनरेगा से कराए गए अन्य कार्यों की जांच कराई जाए तो जिम्मेदारों का गला फंसता नजर आएगा। ग्राम सचिव राधवेंद्र से बात की गई तो उन्होंने मास्टररोल जीरो कराने को कहा है। इस संदर्भ में बीडीओ बृजेश यादव ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच कराकर मास्टररोल जीरो करा कर जिम्मेदारों पर कारवाई की जायेगी।

## देवरिया से निकली शहीद सम्मान रथयात्रा के बस्ती पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** देवरिया में स्थित अमर शहीद प्रजापति रामचन्द्र विद्यार्थी संग्रहालय में पर्यटन विभाग का कार्यालय बनाये जाने के विरोध में निकली शहीद सम्मान रथयात्रा शुक्रवार को बस्ती पहुंची। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व समाजसेवियों ने यात्रा का बड़ेवन चौराहे पर भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश प्रजापति (पूर्व विधायक तिंदवारी-बांदा) के नेतृत्व में नन्हा सरफरोश अमरशहीद प्रजापति रामचन्द्र विद्यार्थी संग्रहालय संरक्षक संघर्ष समिति के तत्वावधान में निकाली जा रही शहीद रथ यात्रा का उद्देश्य अमर शहीदों को यथोचित सम्मान दिलाना है जिनका नाम और योगदान भारत सरकार धीरे धीरे इतिहास के पन्नों से गायब कर रही है। सुबाष तिराहा पर नेताजी सुबाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरान्त बृजेश प्रजापति ने कहा कि ओबीसी व दलित समाज के अमर शहीदों को साजिश के तहत यथोचित सम्मान नही दिया जा रहा है। देवरिया में अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी के नाम पर स्थापित संग्रहालय में पर्यटन विभाग का दफ्तर बनाया जाना किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा। यह अमर शहीदों का अपमान है। जरूत पड़ी तो पूरे देश में जनजागरण अभियान चलाकर भारत सरकार की साजिश से जनमानस को अवगत कराया जायेगा।

## व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय उरई में एस पी ट्रैफिक श्री देवेंद्र पचौरी जी और उरई यातायात प्रभारी श्री वीर बहादुर जी के साथ भेंट वार्ता की। व्यापारी नेताओं ने यातायात संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिला पदाधिकारी बंटू गुर्जर द्वारा यातायात पर दिए गए सुझावों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री बबलू दुबे श्री संजीव सिपोलिया जी टेम्पो यूनियन अध्यक्ष श्री सुधीर पांडेय और ई रिक्शा यूनियन अध्यक्ष छोटे भाई रवि वर्मा जी भी उपस्थित रहे।

## एएमयू ने अपने अल्पसंख्यक चरित्र पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने अपने अल्पसंख्यक चरित्र से संबंधित मामले में आज सुनाए गए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। जनसंपर्क कार्यालय के प्रभारी सदस्य, प्रोफेसर मोहम्मद आसिम सिद्दीकी ने एक बयान में कहा कि 'हम भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विनम्रतापूर्वक स्वागत करते हैं। हम किफायती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए काम करना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के बाद से ही उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करने और ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है और यहाँ से बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, न्यायाधीश, राजनेता, शिक्षाविद, कलाकार और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में दिग्गज पैदा हुए हैं और आगे भी इस संस्था का योगदान इसी प्रकार जारी रहेगा।

## युवक की नहाते समय तालाब में डूबने से मौत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौली निवासी टार्जन पुत्र रामराज उम्र करीब 28 वर्ष गुरुवार को छठ पूजा में बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम महुआपार में फरुआही नाच नाचने गया था कि गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने गई महिलाओं के समय शाम को नाचने के बाद छठ पूजा स्थल स्थित तालाब में स्नान करने लगा,उसी समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब कर मर गया। मृतक टार्जन को एक पुत्र और एक पुत्री है। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों का कहना है कि सूचना मिलते ही थाना बांसगांव की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मॉनीटर कुमारी चांदनी ने सभी बच्चों को गजक वितरित की



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में कक्षा 5 मानीटर कुमारी चांदनी सभी बच्चों को गजक वितरित की - पहली बार गजक खाकर बच्चे बेहद खुश नजर आए, प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में शासन के निर्देश पर गजक वितरण किया गया। प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि महानिदेशक कंचन वर्मा द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार परिषदीय स्कूलों में प्रत्येक गुरुवार को,चना, मूंगफली,तिल,बाजरा आदि से बनी सामग्री वितरित की जाएगी।यह व्यवस्था मार्च 2025 तक लागू रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावक अशोक कुमार पाल, जयवीर, प्रदीप, देशराज, राजेन्द्र,खेतल सिंह, सत्यवती, मोहिनी,मेमवती, कमलेश राजपूत, आशा,उमा, योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल आदि ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया।एस?एमसी अध्यक्ष खेतल सिंह ने कहा कि सरकार की योजना तो अच्छी है किंतु योजना शुरू कराने से पहले धनराशि देनी चाहिए। जिला प्रशासन पहले ही कन्वर्जन कास्ट, फलों की धनराशि और रसोईया मानदेय समय से नहीं दे रहा है। भीषण मंहगाई में सभी प्रधानाचार्य पहले से ही कर्ज में डूबे हुए हैं और अब गुरुवार का खर्चा उन्हें और परेशान करेगा।

## स्वास्थ्य विभाग ने नवजात शिशुओं को दिए 7 अधिकार

अवधनामा संवाददाता

**ग़ाज़ीपुर।** सरकार के द्वारा हर किसी को अधिकार दिया है जिसके तहत वह अपनी पूरी जिंदगी जीता है वहीं स्वास्थ्य विभाग नवजात शिशु को भी एक दो नहीं बल्कि 7 तरीकों का अधिकार देने के लिए 1 से 7 नवंबर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जिसके तहत जन्म के बाद शीघ्र स्तनपान, जीरो डोज टीकाकरण ,102 एंबुलेंस सेवा ,अस्पताल से ही जन्म प्रमाण पत्र, कंगारू मदर केयर, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल और प्रत्येक बीमारी की शीघ्र पहचान के साथ इलाज शिशु का हक बताया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार पांडे ने बताया कि बच्चे के जन्म से लेकर 28 दिन की अवस्था तक उसे नवजात शिशु कहा जाता है। प्रत्येक नवजात शिशु को सात प्रमुख ऐसे अधिकार हैं, जो उसके सुखमय भविष्य का आधार बन सकते हैं। सरकार विभिन्न योजनाओं के जरिये नवजात शिशु को यह सेवाएं उपलब्ध



करवा रही है। इन अधिकारों और सेवाओं के प्रति जनजागरूकता का स्तर बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष एक से सात नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि जन्म के बाद शीघ्र स्तनपान, जीरो डोज टीकाकरण, 102 एम्बुलेंस सेवा, अस्पताल से ही जन्म प्रमाण पत्र, कंगारू मदर केयर, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल और प्रत्येक बीमारी की शीघ्र पहचान के साथ इलाज नवजात शिशु का हक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बच्चे के जन्म के बाद उसे तुरंत मां का गाढ़ा पीला दूध पिलाया जाना चाहिए। इस दूध में मौजूद कोलेस्ट्रम नवजात शिशु को रोगों से लड़ने की ताकत प्रदान करता है। सरकारी अस्पताल में संस्थागत प्रसव के बाद उपलब्ध स्टॉफ मां को तुरंत स्तनपान के लिए प्रेरित करते हैं। जन्म के 24 घंटे के भीतर प्रत्येक नवजात शिशु को ओपीवी, बीसीजी और हेपेटाइटिस बी का टीका लगाया जाता है, ताकि उसका संक्रमण और बीमारियों से बचाव हो सके। नवजात शिशु का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे प्रत्येक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाने और घर वापस लौटने की सुविधा के लिए सरकारी खर्चे पर 102 नंबर एम्बुलेंस की सेवा दी जा रही है। संस्थागत प्रसव करवाने वाली माताओं के नवजात शिशुओं को सरकारी अस्पताल से ही जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है और इस प्रमाण पत्र के बाद गांव, ब्लॉक या नगर निगम से कोई अन्य जन्म संबंधी प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं है। कम वजन वाले बच्चों और हाइपोथर्मिया से बचाव के लिए बच्चों की मां या परिवार के किसी एक सदस्य को कंगारू मदर केयर सिखाया जाता है। इसके तहत नवजात शिशु को शरीर से चिपकाकर रखना होता है। इससे बच्चों का वजन तो बढ़ता ही है, साथ में ठंड से भी उनका बचाव होता है। इसके लिए अस्पतालों में केएमसी कार्नर भी बनाये गये हैं। जब नवजात शिशु डिस्चार्ज होकर घर चले जाते हैं तो आशा कार्यकर्ता उनके घर जाकर गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल (एचबीएनसी) करती हैं।

स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने पर नवजात को तुरंत एम्बुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल भेजने का प्रावधान है। नवजात शिशु को बीमारी या संक्रमण होने पर नजदीकी न्यू बोर्न स्टेबलाइज़ेशन यूनिट (एनबीएसयू) या स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) पर भेजा जाता है। स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर उसे नवजात शिशु गहन देखभाल इकाई (एनआईसीयू) में भी रेफर किया जाता है। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में सक्रिय राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम को दिशा निर्देश है कि वह प्रसव केंद्र से ही जन्मजात विकृति वाले नवजात शिशुओं को चिन्हित करें और योजना के तहत इलाज की सुविधा दिलवाएं।

## कविता सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** काव्यकुंज परिवार मंच द्वारा ग्राम तलौली में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार रामेंद्र सिंह की सुपौत्री भाग्यश्री श्रृद्धा सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कवि शिव बालक राम सरोज ने की। मुख्य अतिथि कुंवर वीरेंद्र सिंह राजा मलेहरा थे।



कवि सम्मेलन का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सुरसती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं वरिष्ठ कवि शिव बालक राम सरोज द्वारा प्रस्तुत सुरसती वंदना व राहुल विश्वकर्मा के कुशल संचालन से हुआ। मुख्य अतिथि कुंवर वीरेंद्र सिंह ने कवियों द्वारा प्रस्तुत सामाजिक सरोकार से जुड़े गीत, गजल, मुक्तक एवं छंदों की सराहना की, उन्होंने आयोजक रामेंद्र सिंह की सुपौत्री भाग्य श्री श्रृद्धा सिंह को शुभाशीष भी दिया तथा यह भी बताया कि जिन्हें दृष्टि समस्या है उनका चेकअप वह अपने यहां हर माह कराते हैं, जिनके आपरेशन की आवश्यकता होती है उनका ऑपरेशन भी कराते हैं। इस अवसर पर जनपद फतेहपुर से आए वरिष्ठ साहित्यकार कवि राम राज भारती फतेहपुरी ने अपनी पुस्तक प्रकाश दीप उन्हें भेंट की। कैप्टन सरोज सिंह ने अपने पिता रामशंकर सिंह विभु द्वारा लिखी पुस्तक गुरु का आशीर्वाद भेंट की। कवि सम्मेलन में राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जनपदों से आए कवियों कैप्टन सरोज सिंह, इंजीनियर हर गोबिंद यादव, राम राज भारती फतेहपुरी, राजेश बाबू अवस्थी, रामकिशोर मस्ताना, आर बी शर्मा, अनिल अनिकेत, गगन तिवारी, संजय सरस, हर्षित श्रीवास्तव, अमरेंद्र अवस्थी, कौशलेंद्र राष्ट्रवर, अमित शर्मा, डॉक्टर देवेंद्र कश्यप निडर,पीयूष तिवारी मिश्रा, शशि, अंकित प्रसून, पिंकी प्रजापति, आलोक, शैलेश भारती, रोहित विश्वकर्मा, सिद्धांत अवस्थी, देवेंद्र,चंद्रहास, डॉक्टर राम चंद्र वर्मा, डॉ कमर खान, डॉक्टर उमेश अस्थाना, कमलेश सोनी, डॉक्टर प्रमोद कुशवाहा, शिवराज नागर, डॉक्टर धनी राम बौद्ध आदि ने अपनी कविताओं, गीत, गजल, छंद एवं मुक्तकों से सबको भाव विभोर कर दिया। काव्य कुंज परिवार मंच द्वारा कवियों को सम्मानित भी किया गया।

## अलीगढ़ रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की खबर पर मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। रिक्शा चालक ने पुलिस को सूचना दी। रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी की सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ के साथ आगरा और अलीगढ़ जिले की पुलिस फोर्स को भी तैनात कर दी गई है।बम निरोधक दस्ते के साथ डॉग स्क्वायड टीम भी रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध लोगों की तलाशी ले रही है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ अलीगढ़ स्टेशन रेलवे स्टेशन पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। स्टेशन पर आने-जाने वाले और आस-पास घूमने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। रेलवे स्टेशन पर प्रवेश के हर एक प्वाइंट पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की सूचना और धमकी भमोला चौकी इंचार्ज को मिली है। इसके बाद उन्होंने तत्काल अधिकारियों को इस बात की सूचना दी है। इद अलीगढ़ रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। चौकी इंचार्ज के पास अलीगढ़ रेलवे स्टेशन को बम उड़ाने की सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स को भी अलर्ट कर दिया गया है। चौकी इंचार्ज के अनुसार उन्हें इलाके में रिक्शा चलाने वाले एक व्यक्ति ने कल रात को सूचना दी कि कुछ लोग रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की योजना तैयार कर रहे थे। इसके बाद चौकी इंचार्ज तत्काल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी वहां नहीं मिले। इसके बाद फोर्स को अलर्ट कर दिया गया है। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के आस-पास हर जगह पर संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। वहीं कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक है सोशल मीडिया का नशा : डॉ. अपर्णा

**गोरखपुर।** सोशल मीडिया का नशा मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक है। यह नशा परिवार और समाज से जोड़ने की बजाय एकांतिक जीवन की ओर ले जा रहा है। इसे हमें स्वनियंत्रण में रखना होगा। हमें अपने स्वास्थ्य समस्याओं के लिए गूगल पर आश्रित न होकर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती के लिए अहंकार को त्यागना जरूरी है। साथ ही तनाव और अवसाद से बचने के लिए चिंता की बजाय चिंतन करना चाहिए।

यह बातें दयानंद एंग्लो वैदिक कालेज सिवान (बिहार) की मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अपर्णा पाठक ने कहीं। डॉ. अपर्णा महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के एमबीबीएस प्रथम बैच और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद



कॉलेज) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के पंद्रह दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के चौथे दिन शुक्रवार को 'किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर व्याख्यान दे रहीं थीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हमें मानसिक स्वास्थ्य की भी आवश्यकता है। तभी हम अपने कार्यों और दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने समझाया कि चिंतन हमें सकारात्मक बल देता है और चिंता हमें अस्वस्थ करता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमें योग, श्रम, साकारात्मक सोच, साहस को जीवन में धारण करना चाहिए। डॉ. पाठक ने कहा कि किशोरावस्था में बहुत से हार्मोनल बदलाव के कारण शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं। कई मानसिक व्याधियां इन बदलावों के कारण होती हैं इसलिए परिवार के बड़े लोगों, शिक्षकों और डॉक्टरों से इन बदलावों को समझना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. देवी नायर ने किया।

# छठ महापर्व बना भरतकुंड महोत्सव में आकर्षण का केंद्र



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भरतकुंड महोत्सव के पहले दिन शाम को भरत सरोवर के घाटों पर छठ पूजा का उल्लास छा गया। इस अवसर पर महिलाओं ने डूबते सूरज को अर्घ्य देकर सूर्य देव और छठ माता की पूजा-अर्चना की। घाटों पर उपस्थित भक्तों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाएं विभिन्न रंगों के वस्त्रों में सजी, छठ माता के गीतों पर नृत्य करती हुईं दिखाई दीं। पूरे भरत कुंड के आसपास हर दिशा से छठ माता के गीत गूंज रहे थे, जो पूरे महोत्सव का प्रमुख आकर्षण बने।सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहा। शाम को, लोकप्रिय गायिका प्रकृति यादव के छठ गीतों पर लोग झूम उठे। बाराबंकी से आई स्वरोही सांस्कृतिक टीम ने राधा और कृष्ण के मनोहर गीतों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का दिल छू लिया। महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि देवकली मंदिर के महंत सुनील पाठक, श्रीमती सीमा पाठक और विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र पांडेय मोनू तथा डॉ. अनामिका त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर महोत्सव के मुख्य व्यवस्थापक रामकृष्ण पांडेय और डॉ. अनुपम पांडेय ने मुख्य अतिथियों का सम्मान किया।सुबह का समय भी रोमांचक रहा, जब अंतर्जनपदीय पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में अयोध्या की आवेश खान उर्फ मोदी की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि महबूब आलम की टीम ने द्वितीय और महेश कुमार की टीम ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन नसीम अहमद उर्फ बाबू भाई ने किया था, जबकि कार्यक्रम के उद्घाटन के रूप में सत्य प्रकाश दुबे और मुकुल आनंद ने पतंगबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।विजेता टीमों को महोत्सव अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार पांडे और संस्थापक सचिव अमरीश चंद्र पांडेय ने पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

# बीज खरीदने आये कृषक की सड़क हादसे में मौत

## गोंडा जिले से कृषि वि.वि. बीज खरीदने आया था किसान

*अवधनामा संवाददाता*



**मिल्कीपुर- अयोध्या।** कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज में उन्नतशील बीज लेने आए गोंडा के किसान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी, घटना अयोध्या रायबरेली NH-330 A कृषि विश्वविद्यालय गेट नंबर 1 के पास हुई, जहां तेज रफ्तार लैंडक्रूजर ने बुजुर्ग किसान को जोरदार टक्कर मार दी, सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जंहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । मृतक की पहचान गोंडा जिले के जितेंद्र बहादुर सिंह के रूप में हुई है,प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के गेट नंबर एक के सामने अयोध्या से रायबरेली की ओर जा रही तेज रफ्तार लैंडक्रूजर छ्रा-01-क्क्र-5252 पैदल जा रहे 64 वर्षीय बुजुर्ग किसान को जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे बुजुर्ग किसान काफी दूर जाकर गिरा? , वही गाड़ी कुछ दूरी पर जाकर खड़ी हो गई, तथा चालक गाड़ी छोड़ कर भाग निकला,राहगीरों की सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने बुजुर्ग को इलाज के लिए स्थानीय सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया जहां मौजूद डॉ आमिर अतीक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान जितेंद्र बहादुर सिंह पुत्र बब्बन सिंह 64 वर्ष निवासी सहरिया बेलिया जिला गोंडा के रूप में हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है उन्होंने बताया की दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया गया है,मृतक के परिजनों की ओर तहरीर मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं परिजनों का कहना है रबी की फसल का बीज लेने के लिए सुबह कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज निकले थे ,पुलिस के मध्यम से घटना की जानकारी मिली।

## साप्ताहिक परेड सलामी में एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरक्षण

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। यू0पी0 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने एवं आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, मेस, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैण्टीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

# पराली जलाने से खड़ी फसल जलकर हुई खाक

**चिउटहां(महराजगंज)।** विकास खण्ड सिसवा के ग्राम सभा सेमरी के सिवान में शुक्रवार को पराली जलाते समय एक किसान की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। शुक्रवार को गांव का ही एक किसान अपने खेत की पराली जला रहा था अचानक आग बेकाबू हो गई और बगल के खेत में खड़ी फसल खाक हो गई। लोग सूचना पाकर जब तक आग बुझाने की कोशिश करते तब तक बगल के खेत के सेमरी निवासी झिन्नू का बीस डिस्मिल खेत की डिमफसल जल कर खाक हो गई। किसी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने मौके का जायजा लिया। हल्का लेखपाल संदीप मद्धेशिया ने मौका का मुआयना कर जल्द ही उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## बाइक की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** कोठीभार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जहदा निवासी एक वृद्ध महिला गुरुवार की रात में सड़क पार करते समय तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने ठोकर मार दी। जिसमें महिला समेत तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को गंभीर अवस्था में जहदा पीएचसी में भर्ती कराया। महिला की गंभीर हालत देख परिजन महराजगंज स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए गए द्य इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जहदा निवासी तैमूना निशा (55) अपने घर जाने के लिये सड़क पार कर रही थीं तभी अचानक निचलौल के तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने ठोकर मार दी। जिसमें वृद्धा और बाइक पर सवार दो लोग बुरी तरह से घायल हो गये। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक, विकास कार्यों की समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सांसद फैजाबाद अवधेश प्रसाद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।सांसद अवधेश प्रसाद ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक विकास कार्यों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं को बजट नहीं मिला है, उनके बारे में जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को पत्र भेजने का निर्देश दिया, ताकि उन योजनाओं को शीघ्र बजट मिल सके।सांसद ने विशेष रूप से जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायतों पर ध्यान देने और उन पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं, या जो प्रगति पर हैं, उनकी सूची तैयार की जाए और जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, सांसद ने सुझाव दिया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिविरों और कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाए, ताकि वे स्वयं योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर सकें।जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों से कहा कि जो भी समस्याएं जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई हैं, उनका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना अनुमति के बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण लिया जाए और सभी सुझावों को लागू किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की, जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, और स्मार्ट सिटी योजना जैसी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों में सांसद प्रतिनिधि अमित प्रसाद, सांसद पीआरओ शशांक, विधायक बीकापुर, विधायक गोसाईगंज के प्रतिनिधि, मसौधा प्रमुख, बीकापुर नगर पंचायत अध्यक्ष, रूदौली चेयरमैन, और अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारीगण शामिल थे।

# अयोध्या जिले में 24 हजार से अधिक श्रमिकों का बना राशन कार्ड

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रदेश की योगी सरकार ने कोरोना के समय अपने घर लौटे श्रमिकों का बखूबी ध्यान रखा है। यही कारण रहा कि उन्हें दाना पानी के लिए मोहताज नहीं होना पड़ा। जिले में लगभग 24 हजार श्रमिकों का राशन कार्ड बन गया है। इसके बाद उनके परिवारों ने भी राहत की सांस ली है।

कोविड 19 ने देश ही नहीं विदेश में भी जमकर तबाही मचाई थी। उस दौरान देश में हर जगह बंदी हो गई थी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद होने के बाद व्यापारियों के गोदाम और दुकानों के शटर डाउन हो गए थे। दूसरे राज्यों में काम-धंधे के लिए गए लोग अपने घर लौटने लगे थे। उस दौरान भी योगी सरकार ने दूसरे प्रदेशों में फंसे लोगों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलवाई थीं। बड़ी संख्या में अयोध्या जिले के लोग परिवार सहित पंजाब, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मुम्बई से अयोध्या पहुंचे थे। उस दौरान सरकार की ओर से सभी राशन भी बटवाया गया था। इसके बाद ऐसे परिवारों के लिए राशन कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया था।

**सदर और रुदौली तहसील में सबसे अधिक कार्ड**

कोरोना में लौटे सबसे अधिक लोग सदर और रुदौली तहसील के बताए जा रहे हैं। इन दोनों तहसीलों के अलावा बीकापुर, मिल्कीपुर और सोहावल तहसील के लोगों के भी राशन कार्ड बनाये गए हैं।

**शत प्रतिशत कार्ड बन चुके**

कोरोना में लौटे शत प्रतिशत परिवारों के कार्ड बन चुके हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्र ने बताया कि अमूमन पात्र गृहस्थी के कार्ड बनाये गए हैं

# सूर्य को अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों पर उमड़े श्रद्धालु






*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी की स्वर्णिम रश्मियों के साथ आस्था, श्रद्धा-विश्वास और समर्पण का विहंगम दृश्य छठ घाटों पर उपस्थित हो गया। भोर में घाटों पर पहुंची व्रती महिलाएं घुटने तक पानी मे खड़ी होकर सूर्य की तपस्या में लीन हो गईं। पंडित और पुरोहितों ने बारी बारी अर्घ्य दिलाना शुरू किया। करीब आठ बजे तक अर्घ्य का क्रम चलता रहा। अर्घ्य के साथ सूर्योपासना का अंतिम अनुष्ठान पूर्ण होते ही चार दिनों के इस महापर्व का समापन हो गया। इसके बाद घाट पर ही प्रसाद वितरण का क्रम शुरू हो गया। गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर लौटी महिलाएं रात भर विविध प्रकार से सूर्य की उपासना में जुटी रहीं। कई घरों में कोसी भरने का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कई स्थानों पर जागरण का भी आयोजन किया गया। रात के तीन बजते ही व्रती महिलाएं फिर घाट पहुंचने की तैयारी करने लगीं और चार बजते-बजते ही घाटों पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। सिसवा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार छठ घाट पर अटूट आस्था, श्रद्धा व विश्वास का अनूठा संगम देखने को मिला। विधि-विधान से भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया गया। नगर के दोनों छठ घाटों पर आस्था का संगम उमड़ पड़ा। भक्ति गीतों की गूंज चारों ओर फिजा में गूंजती रही। प्रभारी निरीक्षक कोठीभार अखिलेश कुमार सिंह तथा चौकी प्रभारी सिसवा बृजमोहन यादव ने बताया कि छठ घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए थे। जगह-जगह पर पुलिस बल के जवान, होमगार्ड व चौकीदारों को लगाया गया था। सभी अपने ड्यूटी पर मुश्तैदी से तैनात रहे।

पिछले 7 साल से छठी मइया की अराधना कर रही हूं। छठ पूजा से घर में रौनक का माहौल है। छठी मइया ने सारी मनोकामनाओं को पूरा किया है। छठ को लेकर बढ़ते उत्साह को देखकर काफी अच्छा लगता है कि अब अधिक से अधिक लोग छठी मइया में विश्वास रखते हैं।

**राधे देवी – गौनरिया बाबू**

छठ पर्व सबसे बड़ा पर्व है यह पर्व हम अपने पूरे परिवार के साथ करते ,जबसे हमने छठ मईया की पूजा करना शुरू किया तबसे परिवार खुशहाल है और संतान सुख भी मिला है ,छठी मईया की कृपा बनी रहती है।

**शर्मीला गौड़ -बेईलिया**

संतान के सुख और पति की दीर्घायु के लिए यह पूजा सबसे बड़ा त्यौहार के रूप में उभरा है और इसे मै पिछले 4 साल से कर रही हु ।छठी मईया की कृपा से परिवार खुशहाल है।

**रंजीता – कटहिया चौक बाजार**

छठ माता की कृपा से परिवार खुशहाल है,घर परिवार के साथ मै छठ माता की आराधना करती हु और पिछले 6 साल से व्रत हु छठ माता के आशीर्वाद से आज कोशी भर रही हु छठी माता का कृपा सब पर बनी रहे।

**अरुंधति पाण्डेय – सेमरा राजा**

# श्रीराम जी के मर्यादा चरित्र का आत्मचिंतन आवश्यक : तरंग

*अवधनामा संवाददाता*



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** श्री राम जी पारब्रह्म परमेश्वर है। उनके मर्यादा चरित्र को आत्मसात करना ,उसका चिंतन करना मनुष्य के लिए आवश्यक है। उक्त बात रामनगर से पधारे मानस मर्मज्ञ पं अवधेश शुक्ला तरंग जी ने आज ब्रह्मलीन बाबा प्रेमदास जी की कुटी पर महंत 108 लालता दास जी महाराज जी के द्वारा आयोजित श्री रामचरितमानस सम्मेलन व महायज्ञ कार्यक्रम में बोलते हुए कही। श्री तरंग जी ने बताया की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी संसार व प्रकृति के नियंता है। उनका प्रत्येक चरित्र शिक्षाप्रद है। हमें चिंतन करना होगा कि भगवान श्री राम के मर्यादित चरित्र को अपने जीवन में हम कैसे आत्मसात करें। उन्होंने बताया कि माता सती की कथा हमें संस्कारों की ओर ले जाती है। यह अलग बात है कि आज भौतिक युग में कई बार विभिन्न तरीकों से इसका स्वरूप प्रस्तुत किया जाता है। मानस मर्मज्ञ अजय शास्त्री ने कहा कि श्री हनुमान जी महाराज का चरित्र इतना निष्कपट व समर्पित है कि उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामजी की कृपा प्राप्त हो गई।उन्होंने कहा कि कलयुग में राम नाम का सुमिरन मनुष्य को उत्कृष्ट जीवन की ओर ले जाता है। नाम सुमिरन के बिना सब कुछ अधूरा है। राम नाम के बिना हर साधन शून्य है।अमेठी से आए हुए आचार्य देवी प्रसाद पांडे ने कहा कि समर्पित भक्ति से व्यक्ति भगवान की कृपा का पात्र हो जाता है। अयोध्या धाम से पधारे बाबा दीनबंधु जी महाराज ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, लक्ष्मण जी तथा भरत जी एवं शत्रुघ्न जी का जीवन चरित्र इतना उत्कृष्ट है कि शब्दों में उसकी व्याख्या नहीं की जा सकती । युवा संत मानस मर्मज्ञ अंकित दास ने कहा कि व्यक्ति अहंकार को त्याग करके भगवान की भक्ति को प्राप्त कर सकता है। क्योंकि भगवान का भोग ही अहंकार है। इस दौरान दिल्ली से आए पन्नालाल जी के भजनों ने मानस सम्मेलन में लोगों को आनंद से प्रफुल्लित कर दिया। मानस सम्मेलन के दौरान तमाम भक्तों ने महंत लालता दास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बाबा राम तीरथ दास जी महाराज, उत्तराधिकारी महंत अखिलेश्वर दास जी महाराज, बाबा सालिक राम, दुखहरण सिंह, विधि नंदन, रोहित कुमार मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, पुजारी बाबा, गोविंद सिंह, सरोज तिवारी, आनंद श्रीवास्तव, हनुमान विश्वकर्मा, शुभम कुमार वैश्य, राम नरेश वैश्य, अमेरिका सिंह, अंबिकेश सिंह, कमल तिवारी, बाबा सीताराम जी, संतोष बाबा, विवेक कुमार, अंकित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से दी गई जागरुकता

**मिठौरा (महराजगंज)।** शुक्रवार को पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति द्वारा संचालित सुरोखित शैशव कार्यक्रम के तहत कठपुतली के माध्यम से पिपरहिया, सिन्दुरिया, मिठौरा बाजार में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी रोकने, गुड पैरेंटिग,सरकरी योजना, बाल अधिकार और बाल सुरक्षा पर चर्चा किया गया। साथ ही साथ मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बच्चों और महिलाओं को जागरुक करते हुए सरकारी योजनाओं पर विस्तार पूर्वक प्रेरित किया गया। कठपुतली के कलाकारों द्वारा बाल विवाह एवं बाल श्रम के दुष्परिणाम पर लघु नाटिका दिखाते हुए कठपुतलियां ने अपने आवाज में लोगों को समझाया कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजे, बचपन को बर्बाद न होने दे। बाल विवाह, बाल श्रम कानून एक जुल्म के साथ ही साथ उसे बच्चे का भविष्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

# अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान




*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** शासन प्रशासन की आँखों मे धूल झोककर मिट्टी खनन करने वालो पर मसौली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक पौकलेट पट्टा मशीन सहित पांच ट्रैक्टर एव चार ट्राली को कब्जे में लेकर सीज करते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है। शुक्रवार की भोर प्रभारी निरीक्षक यशकान्त सिंह को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सआदतगंज चौकी के निकट भट्टा के पीछे एक खेत में मिट्टी खनन ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा हैं प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तो हड़कंप मच गया ठेकेदार और मजदूर भाग निकले लेकिन पुलिस को पांच ट्रैक्टर चार ट्राली और एक पोकलेट मशीन मिट्टी भरने वाली की कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने बताया कि टैक्टर, ट्राली और पौकलेट मशीन को थाने पर सीज कर दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। उनके द्वारा तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जायेगा।

# एसपी ने भिटौली थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण




**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को भिटौली थाने का औचक निरीक्षण किया। अभिलेखों,महिला हेल्प डेस्क,आगंतुक व अपराध रजिस्टर,विवेचना रजिस्टर,ग्राम रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुये उनके रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। सीसीटीएनएस कार्यालय को चेक करते हुए साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्यों को समय से पूरा करने हेतु निर्देशित किया । निरीक्षण के दौरान अन्य विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर उनको अद्यावधिक करने के लिये संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गये । बैरक, हवालात, मेस तथा थाना परिसर मे अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया गया । उच्च गुणवत्तापूर्ण भोजन के साथ साथ स्वच्छ पर्यावरण व शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

# दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे में दो की दर्दनाक मौत एक घायल

*अवधनामा संवाददाता*



**रामसनेहीघाट, जैदपुर बाराबंकी।** लखनऊ अयोध्या नेशनल हाईवे पर ट्रके की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी वही बाइक पर बैठा दूसरा व्यक्ति गभीर रूप से घायल हो गया, सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुचाया जहा पर डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया वही दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार करीब 35 वर्षीय ऋषभ तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी ताला ढोड़ी थाना खंडासा जनपद अयोध्या जो बीटेक की पढ़ाई आजाद इंस्ट्यूट टेक्नोलॉजी लखनऊ में करता था अपने गांव निवासी विपिन तिवारी पुत्र राजकुमार के साथ लखनऊ के लिए बाइक से निकला था लखनऊ अयोध्या एनएच27 हाईवे पर कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के अंतर्गत नारायण ढाबा के पास ट्रक से उसकी बाइक की टक्कर हो गयी हादसे में ऋषभ की दर्दनाक मौत हो गयी वही उसका साथी विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया,सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने 108 एम्बुलेन्स से दोनो घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट भेजा जहा पर डॉक्टरों ने ऋषभ को मृत घोषित कर दिया वही विपिन की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामसनेहीघाट ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि हादसे के बाइक सवार ऋषभ की मौत हो गयी है वही बाइक पर बैठ दुशर व्यक्ति विपिन गंभीर घायल है दोनो को अस्पताल लाया गया था जहां से विपिन को जिला अस्पताल भेजा गया है, परिजनों को सूचित करके शव को पोस्टमार्टम भेजा जा रहा है ट्रक (ट्राला)को कब्जे में ले लिया गया है।

अवधनामा



# एएमयू पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय संविधान की जीत : मणेन्द्र मिश्रा



**एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रखने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य : मणेंद्र मिश्रा**

**अनुच्छेद 30 धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान के लिए संरक्षण देता है**

**सिद्धार्थनगर के एएमयू में पढ़े छात्रों ने जनपद का मान बढ़ाया है**

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, यश भारती सम्मानित श्री मणेन्द्र मिश्रा मशाल ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रहने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 30 के अनुसार धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनके प्रशासन का अधिकार के तहत स्थापित एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जा को यथावत बहाल किया जाना भारतीय संविधान की जीत है। इसका समाज में सकारात्मक संदेश गया है। सर सैय्यद अहमद ने अल्पसंख्यक समाज सहित सभी वर्गो को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए एएमयू की स्थापना की। बीते सौ वर्षों में इस संस्थान ने भारत के अकादमिक क्षेत्र में अनेक विद्वान दिए हैं। निश्चय ही महामहिम सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने आम जनता के मन में न्याय के प्रति भरोसा मजबूत किया है।

पिछड़े जिले सिद्धार्थनगर से प्रति वर्ष हजारों नौजवान विभिन्न विषयों में एएमयू से पढ़ाई कर अच्छे पदों पर कार्यरत हैं। जिले के डुमरियागंज के वासा निवासी डॉ वसीमउरहमान ने उर्दू माध्यम से सिविल सेवा परीक्षा टॉप किया और शोहरतगढ़ के श्री इरफान अजीज यूपीएससी के भारतीय रिवेन्यू सर्विसेज के तहत एडिशनल कमिश्नर पद पर कार्यरत है। अस्सी के दशक में जनपद निवासी शोहरतगढ़ के प्रो अनवार एएमयू छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने उत्तर प्रदेश की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धारा को बेहद समृद्ध किया है। एएमयू से निकले पुरा छात्रों, विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डॉ जाकिर हुसैन, भारत रत्न शहरयार, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद, क्रिकेट खिलाड़ी लाला अमरनाथ, मशहूर शायर कैफ़ी आज़मी, राही मासूम रजा सहित नयी पीढ़ी के अनेक ऐसे नाम है जिन्होंने यहां की प्रतिष्ठा को देश-दुनिया में बढ़ाया है।

## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन मे मुख्यमंत्री करेंगे जनसभा

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकर नगर।** कटेहरी विधान सभा क्षेत्र की उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद के समर्थन में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 नवम्बर को प्रातः 10 बजे विशाल जनसभा को संबोधित करने कटेहरी बाजार की राम देव जनता इण्टर कालेज में हेलीकॉप्टर द्वारा आ रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कटेहरी विधान सभा क्षेत्र की सम्मानित जनता से मुख्यमंत्री जी की जनसभा में भारी संख्या में भाग लेने का आवाहन किया है।कहा कि मुख्यमंत्री जी की नजर कटेहरी विधान सभा क्षेत्र की विकास के लिए पड़ चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने चुनाव की घोषणा के पूर्व ही क्षेत्र के विकास की यात्रा शुरुआत कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी की जीत से कटेहरी विधान सभा मॉडल विधान सभा क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## सीडीओ ने गौरा अलीदापुर स्थित आयुष्मान अरोग्य मन्दिर एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा आयुष्मान अरोग्य मन्दिर एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र गौरा अलीदापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, शोहरतगढ़ एवं श्रीमती खुशबु, सी0एच0ओ0 एवं सुश्री हिमानी, ए0एन0एम0 उपस्थित थी। ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि प्रसव केन्द्र संचालित है, परन्तु भवन की स्थिति खराब है। जिसमें आवश्कतानुसार छत एवं प्लास्टर की मरम्मत तथा बिजली, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत से आवश्यकतानुसार मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य रजिस्टर का अवलोकन किया गया। श्रीमती खुशबु द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 10-15 ग्रामवासियों की ओपीडी/स्क्रीनिंग किया जा रहा है। दस्तक, संचारी अभियान एवं अन्य आयोजित मेला व पखवाडा में ग्राम में भ्रमण करते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाए उपलब्ध कराया जा रहा है। मलेरिया, एचआईबी, डेगू की किट की उपलब्धता की जानकारी किया गया। बताया गया कि डेगू की किट समाप्त हो गयी है। निर्देशित किया गया कि आवश्यक दवाओं एवं किट की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये। जिससे स्क्रीनिंग की कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

## सहकारी समिति पर वितरण किया गया डाई



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के लोटन साधन सहकारी समिति पर शुक्रवार को किसानों को निर्धारित मूल्य पर डाई खाद खसरा खतौनी लेकर पोस मशीन के द्वारा वितरण किया गया। किसानों ने बताया की खाद की आवश्यकता थी हम लोगों ने पता किया तो सचिव ने बताया की खाद उपलब्ध है जिन भी किसानो को खाद लेना है आकर ले सकते है। सचिव रमपत चौरसिया ने बताया की भीड़ होने के कारण प्रशासन बुलाना पड़ा है। ताकी हर व्यक्ति को लाईन से खाद ले सुरज चौरसिया द्वारा मशीन से बारी बारी आधार लेकर फिंगर लगाया गया और लोगों को खाद दिया गया। इस दौरान दिवान कयामुद्दीन, अश्वनी कुमार गौड़ द्वारा लोगों को बारी बारी आने दिया गया।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत गौरा अलीदापुर में कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया गया। शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया। नामाकंन 245 के सापेक्ष मात्र 102 बच्चें उपस्थित पाये गए। बताया गया कि छठ के कारण संख्या कम है प्रधानाध्यापक एवं अन्य अध्यापकगण को निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें विद्यालय में एम.डी.एम. में तहरी बनाया गया, परंतु सैंपल नहीं रखा गया है। रसोइए को एप्रन एवम हेड कैप का प्रयोग करने के निर्देश दिया गयाद्य अधिकांश बच्चें ड्रेस में नहीं थेद्य प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु धनराशि प्रेषित किया गया है, ऐसे अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया। निपुण के सम्बन्ध में शिक्षकगण से वार्तालाप किया गया। विद्यालय में कायाकल्प का कार्य कराया गया हैद्य कुछ भवन की प्लास्टर की मरम्मत करने एवं परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य करने के निर्देश दिया गया।

## मित्र को छोड़कर वापस आ रहे युवक की कर दी पिटाई

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मित्र को रेलवे स्टेशन छोड़ कर वापस आरहे युवक की रास्ते में गाड़ी रोक कर पिटायी कर दी गयी और जेब से चार हजार रुपये भी छीन लिए। शिकायत पर जैतपुर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के पैकोली गांव निवासी रवि मौर्य ने पुलिस से शिकायत किया है कि वह बीते बुधवार को अपने मित्र को मालीपुर रेलवे स्टेशन छोड़ कर आरहा था और जैसे ही विजय नगर चौराहे पहुंचा वैसे ही गांव के राहुल मौर्य,अमित प्रजापति व रामभवन चारपहिया वाहन से ओवरटेक करते हुए सामने वाहन खड़ी कर दिया और गाड़ी से खींच कर गाली गलौज देते हुए पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान विपक्षी रामभवन ने उस का दोनों हाथ पकड़े रहा और अमित उस को मारता रहा इस बीच अमित ने उस की जेब में रहे चार हजार रुपये भी निकाल लिये। शिकायत पर पुलिस ने सभी विपक्षियों के विरुद्ध पैसा निकालने व मार पीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जैतपुर थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## महाकुम्भ प्रयागराज-2025 का आयोजन 13 जनवरी से

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** महाकुम्भ प्रयागराज-2025 का आयोजन दिनॉक 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुए मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने बताया कि महाकुम्भ प्रयागराज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का आयोजन हैं। उन्होने मण्डल के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि महाकुम्भ प्रयागराज-2025 का लोगो शासन स्तर से जारी किया गया है, जिसें समस्त सरकारी वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफार्म, सरकारी कार्यक्रमों, व्यवसायिक एवं सरकारी विज्ञापनों, प्रदेश सरकार की विकास एवं अन्य योजनाओं तथा सरकारी पत्राचार एवं स्टेशनरी आदि में अनिवार्य रूप से प्रयोग में लाया जाये।

## पीजीआई अस्पताल में स्वेच्छिक रक्तदान कार्यक्रम

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ईफोरियल यूथ सोसाइटी के द्वारा कैंसर दिवस के अवसर पर पीजीआई अस्पताल में स्वेच्छिक रक्तदान कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में सोसाइटी की अध्यक्ष नामिका मौर्या और समाजसेवी रमेश कुमार ने स्वेच्छा से रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। उनका उद्देश्य समाज में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों की सहायता करना था। इस अवसर पर ईफोरियल यूथ सोसाइटी की वॉइस प्रेसीडेंट मेहदिया रिजवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि रक्तदान न केवल एक महान कार्य है बल्कि इससे अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर इस पुण्य कार्य में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में अयोध्या के प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन राम कृष्ण सेवा संस्थान के संरक्षक राजेश चौबे जी भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सोसाइटी की पहल की प्रशंसा की।



# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ छठ पूजा का समापन





- लोगों ने की अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना
- उगते भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर छठव्रतियों ने किया अपना 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर के राप्ती नदी के रानी लक्ष्मी मोह भक्त घाट पर, लोक आस्था के महापर्व छठ शुक्रवार को छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर इस महापर्व का समापन किया।

बड़ी संख्या में छठव्रती उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों पर पहुंचे और राप्ती नदी के पानी में डुबकी लगाने के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। सभी ने अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। छठ घाटों पर अर्घ्य देने के लिए छठव्रतियों के लिए छठ पूजा समिति की ओर से दूध का वितरण किया गया। साथ ही भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देकर घर लौट रहे छठव्रतियों के लिए चाय और पानी की व्यवस्था की गई। आपको बता दें कि बिहार-झारखंड में छठ पर्व का विशेष महत्व है। बिहार-झारखंड के लगभग हर घर में छठ पर्व पूरी आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है। साथ ही छठ में शुद्धता का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है.नहाय-खाय के दूसरे दिन चावल और गुड़ से बने प्रसाद को भगवान को अर्पित करने के बाद छठ व्रती उस प्रसाद को ग्रहण करती हैं। जिसके बाद छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है. पर्व के तीसरे दिन तालाबों, पोखरों और नदियों में खड़े होकर छठ व्रती अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद अपने घर लौटती हैं। पर्व के अंतिम दिन छठव्रती सुबह-सुबह छठ घाट पर पहुंचती हैं और उगते हुए भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देने के बाद अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त करती हैं।

शुक्रवार को सुबह तीन बजे से भारी भीड होने लगी। मौके मौजूद एसडीएम बांसी प्रदीप कुमार यादव व सीओ बांसी ने भीड़ को देखते हुए पुलिस को सतर्क करते हुए निर्देश दिया कि किसी प्रकार की कोई परेशानी वर्ती महिलाओं को ना हो इसके लिए महिला आरक्षी तैनात कर दीजिए निगरानी के लिए एसडीएम के निर्देश पर नपा प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरा जगह-जगह लगाए गए थे दो वॉच टावर बनाए गए थे जिस पर पूरी मुस्तादी से निगाह रक्खे थे। जिससे किसी प्रकार की कोई असुविधा न होने पावे। राप्ती नदी के किनारे दो नावें लगाई गई थी। खोया पाया केंद्र के साथ साथ स्वास्थ्य टीम लगाया गया था। प्रति वर्ष की भाति नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी विष्णु जायसवाल उर्फ सोनू जयसवाल व पूनम जायसवाल के द्वारा प्रत्येक वर्ती महिलाओं को फल के साथ साथ छठ माता का पुस्तक भी वितरण किया गया। जहां लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान नायब तहसीलदार अमित सिंह, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार, गिरीश पांडे, मोहम्मद जमील, रामकुमार, अमरेंद्र कुमार, भाजपा नेता बजरंगी वर्मा, इशरत जमील,डा. ओंकार जयसवाल, स्टाफ नर्स नितेश कुमार, रत्ना, किरन, एम्बुलेंस कर्मी मनोज कुमार, जोगेश सहित पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

## भारतीय कृषक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** तहसील कायमगंज में आज भारतीय कृषक एसोसिएशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन तहसील कायमगंज में उपजिलाधिकारी कायमगंज को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार कायमगंज को सौंपा

भारतीय कृषक एसोसिएशन का मांग पत्र निम्न प्रकार से है तहसील कायमगंज के ग्राम भगौतीपुर में नॉन जेड ए जमीन सरकारी गाटा संख्या 114 व गाटा संख्या 96 पर श्री कृष्ण गौतम पुत्र बनवारी लाल, सुदामा देवी पत्नी इतवारी लाल और सतीश चंद्र पुत्र गेंदन लाल निवासी ग्राम भगौतीपुर आदि उक्त जमीन पर गुंडागर्दी व नेतागिरी और दबंगई के बल से अवैध कब्जा किए हैं। तहसील प्रशासन द्वारा कई बार निरीक्षण किया गया सुविधा शुल्क लेकर बराबर मामले को टाल रहे हैं कभी कहा जाता है कि लोक निर्माण की जगह है। लोक निर्माण वालों का कहना है कि कायमगंज कंपिल मार्ग 5 किमी का है। जिला प्रशासन तहसील प्रशासन कब्जा नहीं हटवाना चाहता। तहसील प्रशासन और लोक निर्माण विभाग एक दूसरे पर टाल रहे हैं।भ्रष्ट कर्मचारियों को दंडित कर तत्काल कार्रवाई की जाए। वन विभाग के लोग किसानों की जमीनों पर वृक्षारोपण गंगा नदी की कटरी में कर रहे हैं। लेखपालों से जब भूमि माप कराई जाती है।तो एक दूसरे किसानों की जमीन नापकर झगड़ा करवा रहे हैं।गांव भैंसार की जमीन किसानों की है।गंगा अपना जब नया घर बनाती है तो गंगा दूसरी ओर हो जाती है तो किस अंदाज से जमीन पर खेती करता है। वन विभाग भैंसार सहित कटरी की जमीन पर किसानों की जमीन पर अवैध कब्जा ना करें। जनपद फर्रुखाबाद में जिला अस्पताल लोहिया और पुरुष चिकित्सालय कायमगंज में स्वास्थ्य केंद्र की अल्ट्रासाउंड की मशीनें वर्षो से खराब है।

## ओपीडी में लटक रहा ताला जिम्मेदार बेखबर





अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** न सरकार का भय न अधिकारियों का डर, सरकार के आदेशों का पालन करने के बजाय स्वास्थ्य विभाग के कर्मी आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे है बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी ओपीडी में मौके पर मौजूद नहीं रहे ओपीडी में ताला लटक रहा था, और जॉच कराने आए मरीज वापस लौट गए।

गुरुवार को बढ़नी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर क्षेत्र के पीड़ित अपने आंखों की जॉच कराने आए थे, लोगों ने बताया कि साहब नहीं है ताला लटक रहा है। निराश होकर मरीज वापस लौट गए। बताया जाता है कि पीएचसी बढ़नी पर तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी सन्तोष कुमार की बुधवार, बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार को पीएचसी बढ़नी में ओपीडी रहती है। गुरुवार को जॉच कराने आए मरीजों ने बताया कि मौके पर ओपीडी में कोई मौजूद नहीं है ताला लटकता हुआ पाया गया। ओपीडी से इसी तरह अक्सर नदारद रहने की बात सामने आ रही है और जिम्मेदार खामोश हैं। पता चला है कि नेत्र परीक्षण अधिकारी की एक निजी चश्मे की दुकान है कहा जाता है कि अधिकतर समय ये वहीं देते है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को न सरकार का डर है और न अधिकारियों का खौफ, अपनी मर्जी के मालिक है। बेपरवाह जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ क्षेत्र के दर्जनों बुद्धिजीवियों ने जिलाधिकारी से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अविनाश चौधरी ने बताया कि अभी 11 बजे है अभी तक ओपीडी में क्यों नहीं आए पता कराते हैं।

## उत्तर प्रदेश NCPEDP फेलो द्वारा विकलांगता पर शोध कार्य नीति निर्माण को करेगा समृद्ध

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में विकलांग व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर जागरूकता बढ़ाने और सूचित नीति निर्माण की दिशा में एक आशाजनक कदम के रूप में, नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल -जावेद अबीदी फेलोशिप कार्यक्रम के फेलो द्वारा किए गए चार महत्वपूर्ण शोध निष्कर्ष हाल ही में जारी किए गए हैं। NCPEDP-जावेद अबीदी फेलोशिप विकलांगता पर शोध को बढ़ावा देने, सार्वजनिक विमर्श को समृद्ध करने और विकलांगता अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध युवा नेताओं को पोषित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। ÷हमारे फेलो ने दिखाया है कि डेटा-संचालित वकालत और समर्पित आउटरीच नीति परिवर्तन को प्रेरित कर सकते हैं और समुदायों को सशक्त बना सकते हैं। उनके कार्य दिवंगत जावेद अबीदी की प्रेरणादायक विरासत को आगे बढ़ाते हैं, जो एक ऐसी दुनिया का सपना देखते थे जहाँ सभी को समृद्ध होने का समान अवसर मिले, NCPEDP के कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने कहा। जावेद खान, जो ग्रामीण जालौन, उत्तर प्रदेश में विकलांग व्यक्तियों को आजीविका योजनाओं में शामिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, ने रोजगार डेटा और सरकारी सहायता तक पहुंच में महत्वपूर्ण अंतर को उजागर किया। उनके शोध से पता चलता है कि कई विकलांग व्यक्तियों को मौजूदा आजीविका योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं है, जिसमें से केवल 10% ने सरकारी बैंकों से ऋण लिया है या रोजगार प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जावेद कहते हैं, मैं जिला स्तर पर रोजगार और कौशल विकास पहलों में विकलांग व्यक्तियों पर विस्तृत डेटा विकसित करने की सिफारिश करता हूँ।÷ उन्होंने MGNREGA, NRLM, और PMKVY जैसी योजनाओं में समावेशन बढ़ाने के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया है, जिसमें जागरूकता अंतर को पाटने के लिए आउटरीच और सामुदायिक जुटान पर ध्यान देना आवश्यक है। स्थानीय प्रशासन और एनजीओ के लिए क्षमता निर्माण भी आवश्यक है ताकि विकलांगता-समावेशी आजीविका कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सम्पन्न हुई छठ पूजा, भगवान भास्कर को किया प्रणाम



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर जलालपुर स्थित शिवालय पक्का घाट पर भोर से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। उदीयमान सूर्य की उपासना को छठ घाट पर पहुंची महिलाओं ने पानी में डुबकी लगाकर अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व गुरुवार को छठ की संध्या पर अस्ताचल गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य के देने के लिए शिवाला घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने विधि विधान से पूजन परंपरा का निर्वहन किया। अनुष्ठान के आखिरी दिन छठ व्रतियों ने छठ मैया की आराधना करके परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की। नीरज अग्रहरि की अध्यक्षता वाले छठ पूजा सेवा दल ग्रुप द्वारा विगत वर्षों की भांति छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध आराध्या गौतम ग्रुप ने छठ मैया को समर्पित सांस्कृतिक एवं भक्तिमय प्रस्तुति दी। गुरुवार शाम तथा पर्व के समापन के अवसर पर आराध्या गौतम ग्रुप द्वारा लोकनृत्य और झांकी के माध्यम से बही भक्तिरस की बहार में श्रद्धालु झूम उठे। भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, समाजसेवी विनोद गुप्ता बीनू, नगर उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, नगर मंत्री अमित गुप्ता, मनोज पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, पूर्व नगर अध्यक्ष मानिकचंद सोनी, नगर महामंत्री विकाश निषाद तथा विभिन्न समूहों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर प्रसाद वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर कार्यवाह अभिषेक उपाध्याय, विपिन जायसवाल, पंकज हलधर, गोविंदलाल गौड़ समेत अन्य द्वारा छठ पूजा के लिए पहुंचे श्रद्धालुओ के मस्तक पर चंदन तिलक लगाते हुए लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोतवाल संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया, वही जीजीआईसी जलालपुर की छात्राओं द्वारा घाट पर की गई रंगोली की सजावट की जमकर प्रशंसा हुई। ईओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने लगातार व्यवस्था की देखरेख की और बधाई के पात्र बने।

स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अजीत फार्मासिस्ट मनोज यादव के नेतृत्व में टीम आयोजन स्थल पर मौजूद रही। आयोजन के दौरानभाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रकाश यादव, केशवप्रसाद श्रीवास्तव,शाश्वत मिश्र,शत्रुघ्न सोनी, हाजी कमर हयात, बेचन पांडेय,रमेश मौर्य, कुंदन सोनी,अजीत निषाद, आशीष सोनी, विनय मिश्र,प्रहलाद शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, संदीप गुप्ता, सुमित गुप्ता, सुजीत निषाद,मोहन जायसवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बेशर्मी की हद

ट्रूडो को एक समिति के सामने कबूल करना पड़ा था कि उसके पास भारत के खिलाफ निज्जर हत्याकान्ड में कोई सबूत नहीं है। इसको नजर अन्दाज करते हुये भारत के खिलाफ आरोप लगाने में मशगूल है। निज्जर हत्याकान्ड को लेकर जब भारत पर पहली बार आरोप लगाया था। तो भारत ने ऐसे सबूत मांगे थे। ठोस सबूत देने में नकाम रहे। दरसल टूडो घर राजनीतिक दबाव और चुनावी फायदो के लिये बेसिर का हाथ पाव मार रहे है। कनाड़ा में भारत के उच्च आयुक्त को पर्सन ऑफ इनटरेस्ट घोषित कर दिया है।

अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट में एक खबर प्लान्ट करवाई है कि इस हत्या के पीछे भारत के गृहमन्त्री का हाथ है। वह भारत के खिलाफ आरोपों का दायरा बढ़ाने में लगे है। कर्मी कर्मी शक होता है कि क्या उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। उनके सोच और व्यवहार में कही भी कूटनीतिक चतुरता नहीं दिखती है। लगता है भारत के साथ रिश्ते सुधारने के मुड में बिलकुल नहीं है। क्या उन्हें आन्तरिक कूटनीतिक मानको को बिल्कुल ज्ञान नही है। टूडो द्वारा पैदा किये गये बातो का बुरा असर कनाड़ा में रह रहे भारतीयों और विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। इन पहलुओं को देखते हुये है। इन हालात में भी भारत ने आज भी उसकी मुख्य चिन्ता उन खलिस्तान समर्थक तत्वों के सन्दर्भ में आज भी उसकी मुख्य चिन्ता उन खालिस्तान समर्थ तत्वों की गतिविधियां ही है जिन्हें अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर छोड दिया जाता है। टूडो सरकार अन्य दलों के समर्थन से बनी हुई है जिनमें मुख्य समर्थक और सहायक खालिस्तानी है। इसलिये चाह कर भी टूडो खालिस्तानी समर्थकों नाराज नही कर सकते पर समर्थन के लिये इतने नीचे तक गिरना राजनयिक और कूटनितिक स्तर पर तनिक भी फिट नही दिखता है। कनाड़ा में जब तलक अन्दरूनी राजनीतिक समीकरण नहीं बदलते तब तक वहां की सरकार कुछ सकारात्मक कदम नहीं उठा सकती। अन्तरराष्ट्रीय मसलों को घरेलू राजनैतिक दबावों से अलग रख कर ही कुछ सकारात्मक पाया जा सकेगा। इसके लिये सख्त अनुशासन और इच्छा शक्ति की जरूरत होगी। क्या टूडो अनुशासन और इच्छा शक्ति दिखा पायेगा। मौजूदा हालतो को देखते हुये तो ऐसा नहीं लगता कि टूडो इस तरफ उन्मुख हो सकते है। एक देश के उच्चतम स्तर पर कायम राजनैतिक व्यक्ति इस तरह के दुलमुलपन से क्यो अपने को बांधे हुये है। टूडो को समझना होगा सिर्फ सूचनाओं के आधार पर किसी पर दोषारोपड़ करना अनैतिक और अराजनयिक तथा अकूटनीतिक है। कहना घृष्टता होगी पर एक बार टूडो को किसी मानसिक मर्मज्ञ से अपने समस्याओं को बार चर्चा करके उसमें निजाल के रास्ते भागना चाहिये और उन रास्तों को अपनाना चाहिये। अब टूडो को आरोपो का दायरा बढ़ाने का बिल खत्म कर रचनात्मक कार्यो में लगाना चाहिये। एक गम्भीर जहीन राजनीतिक और कूटनीतिक शख्स के रूप में विश्व फलक पर अपनते को स्थापित करना चाहिये। तमसोमो ज्यातिर्ग मय।

## कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी, महावीर चक्र (मरणोपरान्त)

हरी राम यादव

वीरगति दिवस विशेष



सन् 1999 में सेना आयुध कोर के कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी 12 बिहार रेजिमेंट के साथ सम्बद्धता पर तैनात थे और 12 बिहार रेजिमेंट जम्मू-कश्मीर में तैनात थी और आतंकवाद विरोधी अभियानों में लगी हुई थी । कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी 12 बिहार रेजिमेंट की घातक टीम के प्लाटून कमांडर थे और जम्मू-कश्मीर में स्थित फौलाद पोस्ट पर तैनात थे । 09 नवंबर 1999 को पाकिस्तानी सेना ने तोपखाने से गोले बरसाने शुरू किया । पाकिस्तानी सेना इस हमले की आड़ में कुछ बड़ी कार्यवाही करना चाहती थी । इस तरह के हमलों की आड़ में की जाने वाली कार्यवाही से भारतीय सेना भलीभांति परिचित है । उनकी टीम ने इस हमले को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया । कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी ने दुश्मन द्वारा किसी भी तरह की कार्यवाही से निपटने के लिए अपने लोगों को सुदृढ़ता पूर्वक तैनात किया। दुश्मन द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाही को सदा के लिए समाप्त करने के लिए, भारतीय सेना ने एक समन्वित ऑपरेशन शुरू करने का फैसला किया।

कैप्टन सूरी ने 09 नवंबर 1999 को अपने साथियों के साथ दुश्मन के बंकरों को एक-एक करके तबाह करने की योजना के अनुसार ऑपरेशन शुरू किया और इस प्रक्रिया में उनका एक सैनिक बुरी तरह घायल हो गया। कैप्टन सूरी ने अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए अपनी एके 47 राइफल से दुश्मन के दो सैनिकों को मार गिराया और दुश्मन की मशीनगन को खामोश कर दिया। इस कार्यवाही के दौरान कैप्टन सूरी के हाथ में गोलियों लग गयीं और वह बुरी तरह घायल हो गए । अपनी चोट की परवाह किए बिना उन्होंने अपनी टीम का नेतृत्व करना जारी रखा और एक बंकर में दो हथगोले फेंके। इसके बाद वह बंकर में घुस गए और दुश्मन पर गोलियां बरसाने लगे और उन्होंने दुश्मन के एक और सैनिक को मार गिराया। इसी दौरान दुश्मन ने उनके ऊपर रॉकेट लांचर से हैण्ड ग्रेनेड फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । उनके साथी उनको वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाना चाहते थे लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया और अपनी चोट की परवाह ना करते हुए उन्होंने अपने सैनिकों का नेतृत्व जारी रखा।

असाधारण साहस और सैन्य नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए कैप्टन गुरजिंदर सूरी राष्ट्र की सेवा में 25 साल की उम्र में वीरगति को प्राप्त हो गए। कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी को दुश्मन के सामने असाधारण बहादुरी के लिए महावीर चक्र (मरणोपरांत) तथा इस ऑपरेशन में वीरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त सिपाही मनोज कुमार सिंह, सिपाही बीरेंद्र कुमार और लांस नायक बीरेंद्र नाथ तिवारी को क्रमशः वीर चक्र (मरणोपरांत), और मेंशन-इन-डिस्पैच (मरणोपरांत) प्रदान किया गया। इस ऑपरेशन में दुश्मन के कुल 17 सैनिक मारे गए थे और 14 बंकरों को नष्ट किया गया था। दुश्मन की चौकियों से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। आपको बताते चलें कि इस आपरेशन में कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी महावीर चक्र से सम्मानित होने वाले सेना आयुध कोर के पहले अधिकारी हैं, इससे पूर्व सेना आयुध कोर के किसी भी अधिकारी को यह सम्मान नहीं मिला है ।

कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी का जन्म 04 जुलाई 1974 को अम्बाला के एक सैनिक परिवार में श्रीमती सुरजीत कौर और लेफ्टीनेंट कर्नल तेज प्रकाश सिंह सूरी के यहाँ हुआ था। उनकी प्रारभिक शिक्षा सेन्ट मैरी स्कूल और केन्द्रीय विद्यालय जम्मू और कश्मीर से हुई। उन्होंने गुरू तेगबहादुर कालेज, दिल्ली से अपनी स्नातक की शिक्षा को पूरी किया। उन्होंने अपने दादा और पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए सेना में जाने का मन बना लिया। उनके दादा गुरबक्स सिंह सेना के सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे । कॅप्टन सूरी ने 07 जून 1977 को सेना की आयुध (आर्डीनेन्स) कोर मे कमीशन लिया। कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी के परिवार में उनके माता पिता और उनके भाई लेफ्टिनेंट कर्नल रणधीर सिंह हैं। कैप्टन सूरी की वीरता और बलिदान को याद करने के लिए गाजियाबाद में एक पार्क और एक सड़क का नामकरण उनके नाम पर किया गया है । ग्रेटर नोएडा में एक ए डब्लू एच ओ कालोनी का नाम कैप्टन सूरी के नाम पर रखा गया है ।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


इस्लाम में आधुनिक शिक्षा की मनाही नहीं है। जिस मज़हब में ये कहा गया हो कि तालीम हासिल करने लिए सुदूर पूर्व भी जाना पड़े तो जाओ। वहां ऐसे इदारों को धार्मिक डोरी में बांध ? दिया गया है। मदरसों में पढ़ने वाले छात्र अगर आधुनिक शिक्षा भी हासिल कर लेंगे तो वह नौकरी के बाजार में टिक कर अपने लिए जगह बना सकेंगे। मदरसों में आधुनिक शिक्षा की शुरुआत करना चाहिए ताकि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे आगे चलकर अच्छे कालेजों में प्रवेश पा सकें।

# मदरसों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने में परहेज क्यों

उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसले से अब संभावना है कि इससे मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद व हजारों मदरसों की अनिश्चितता समाप्त होगी। ये अच्छा मौका है कि मदरसों में आधुनिक शिक्षा के बीज रोपित कर दिए जाएं। उम्मीद है कि मदरसों में इस्लामिक शिक्षा के साथ अब दुनियावी तालीम के बोल भी गुनगुनाए जाएंगे। मदरसों की दर-ओ-दीवारों में कलमा, दीनीयात और कुरान की आयातों के बोल गूंजें। हिफ्ज और अरबी-फारसी तालीम के साथ विज्ञान,सामान्य ज्ञान और गणित-इंग्लिश की किताबों भी बच्चों के हाथों में पहुंचें ये बहुत जरूरी ही नहीं अनिवार्य है। अदालत ने रास्ता साफ किया है,तो समुदाय और मदरसा संचालकों को भी सरकार से दो कदम आगे बढ़ कर कदमताल करना चाहिए।दरअसल मदरसों की तालीम और आधुनिक शिक्षा के बीच दूरी जानबूझ कर पैदा की गई है। ये दूरी किसी और ने नहीं वरन खुद मुस्लिम समुदाय के कुछ ऐसे लोगों ने पैदा की है, जिनको ऐसा करने से फायदा था और मदरसों को धार्मिक शिक्षा तक सीमित कर दिया।



शाहिद नकवी

जबकि मदरसा का असली मकसद सिर्फ धार्मिक शिक्षा देना नहीं होता है। मदरसा मतलब शिक्षा का स्थान। वहीं इस्लाम में आधुनिक शिक्षा की मनाही नहीं है। जिस मज़हब में ये कहा गया हो कि तालीम हासिल करने लिए सुदूर पूर्व भी जाना पड़े तो जाओ। वहां ऐसे इदारों को धार्मिक डोरी में बांध? दिया गया है। मदरसों में पढ़ने वाले छात्र अगर आधुनिक शिक्षा भी हासिल कर लेंगे तो वह नौकरी के बाजार में टिक कर अपने लिए जगह बना सकेंगे। मदरसों में आधुनिक शिक्षा की शुरुआत करना चाहिए ताकि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे आगे चलकर अच्छे कालेजों में प्रवेश पा सकें। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मदरसा बोर्ड अधिनियम को लेकर बड़ा औ अच्छा फैसला सुनाया है।जिसमें हाई कोर्ट ने यूपी के मदरसा एक्ट को असंवैधानिक कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मदरसों में जो गैर मुस्लिम बच्चे पढ़ते हैं, उन्हें इस्लामिक साहित्य पढ़ने और इस्लामिक रीति रिवाजों का पालन करने पर मजबूर नहीं किया जा सकता है। इस मामले में सेकुलर मूल्यों की अहमियत रेखांकित हुई है।

लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों में मिलने वाली ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री को गैरकानूनी घोषित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट को इस बात का अहसास था कि इस आदेश का प्रभाव न सिर्फ यूपी बल्कि पूरे देश के अल्पसंख्यक संस्थानों से जुड़े मामलों पर होगा। इसलिए उसने यह साफ करने में कोई कमी नहीं रखी कि अल्पसंख्यक समुदायों को अपने संस्थान चलाने का अधिकार है तो राज्य को भी उन संस्थानों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का अधिकार है। इस संबंध में यूपी सरकार का रुख भी गौर करने लायक है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के फैसले को उसने स्वीकार



जरूर कर लिया था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह उसके रुख से सहमत थी। उसने भी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के रुख से अपनी सहमति दर्ज कराई।दरअसल आधुनिक कक्षाओं में शिक्षित मुसलमानों और मदरसों, खानकाहों,उर्दू-माध्यम के स्कूलों, या लगभग कहीं और शिक्षित मुसलमानों के बीच हमेशा एक बड़ी असमानता रही है।इसलिए भी मुस्लिम मदरसों का आधुनिकीकरण महत्वपूर्ण है। समुदाय के लिए शिक्षा में सुधार आवश्यक है क्योंकि कई रिपोर्टों में मुसलमानों को बेहद पिछड़ा बताया गया है।आंकड़ों के मुताबिक मुसलमानों की साक्षरता दर राष्ट्रीय साक्षरता दर के मुकाबले बहुत कम है।

अफसोस है कि यह अंतर समय के साथ कम हाना चाहिए था।लेकिन बढ़ रहा है।आधुनिक शिक्षा इन मदरसों से स्नातक करने वाले मुस्लिम छात्रों को एक प्रगतिशील सामाजिक-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य देगी और उन्हें भारत को एक सफल लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने में भी सहयोग करेगी। धार्मिक शिक्षा को स्थिर करने और समुदाय की स्थिति में सुधार करने के लिए शिक्षकों के लिए एक उचित वेतनमान और विद्यार्थियों के लिए मूल्यांकन की भी आवश्यकता है। मुस्लिम पिछड़ापन और आधुनिकता का विरोध इस विमर्श के प्रमुख घटक हैं। देश में कई राज्य सरकारें उलेमाओं को नई नस्ल बनाने के लिए इस्लामी और आधुनिक शिक्षा को मिलाने की कोशिश कर रही हैं, जो इस्लामी परंपरा और आधुनिक दुनिया के ज्ञान से जोड़ती हैं। यह बहुत स्पष्ट है कि मदरसों को इस तरह से अद्यतन करने की जरूरत है कि यहां ऐसे पेशेवर न पैदा हों जो प्रतिष्ठान के लक्ष्यों के खिलाफ काम करें बल्कि इसके बजाय डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और अन्य जैसे पेशेवर तैयार भी हों। दरअसल मदरसे इन समायोजनों का समर्थन करते हैं जो एक आलिम को बदलते वैश्विक परिवेश के संदर्भ में एक अच्छा और उत्पादक व्यक्ति बनने में सक्षम बनाते हैं।

ताकि मदरसों के बच्चे भी अकादमिक रूप से सफल हो और उन्हें मदरसों की पारंपरिक शिक्षा में हस्तक्षेप किए बिना वास्तविक दुनिया में प्रौद्योगिकी और अन्य विषयों जैसे नए कौशल सीखने का अवसर मिले,स्मार्ट कक्षाएं जाने का रास्ता साफ हो। भारत में मदरसों का बहुत पुराना इतिहास रहा है। हालांकि इसकी उत्पत्ति को लेकर कुछ विवाद है, फिर भी प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पहला मदरसा 1191-92 ई. में अजमेर में खोला गया था।उस समय मोहम्मद गौरी का शासन हुआ करता था। हालांकि यूनेस्को की ये जानकारी है कि भारत में 13वीं शताब्दी में मदरसों की शुरुआत हुई। विश्व में तो मदरसों का इतिहास और पुराना है। भारत में मुगल सम्राटों ने मदरसों को प्रोत्साहन दिया, खासकर अकबर ने, विभिन्न विषयों को शामिल करते हुए मदरसों का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया।अंग्रेजों ने मदरसों पर नियंत्रण स्थापित किया और उन्हें 'ओरिएंटल कॉलेज' में बदल दिया।जहां फारसी और अरबी भाषाओं के साथ-साथ कानून और राजनीति भी पढ़ाई जाती थी। आजादी के बाद भारत में मदरसों का आधुनिकीकरण हुआ,और कई मदरसों ने आधुनिक शिक्षा को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया।इतना पुराना इतिहास होने के बाद भी मदरसा शिक्षा पर सवालिया निशान लगा है? वह भी तब जब मदरसों से राम मोहन राय, लेखक मुंशी प्रेमचंद्र सहित कई नामचीन हस्तियां भी निकली हैं।

इस पर उसके जिम्मेदारों और संचालकों को सोचना चाहिए। आखिर क्यों शिक्षा के ये पुरातन केंद्र अपनी राह से भटक? गए।मदरसों पर उंगली अकारण नहीं उठती,हाल में ही प्रयागराज में एक मदरसे में नकली नोट छापने का प्रकरण प्रकाश में आया था।वहीं उत्तर प्रदेश में एसआईटी की पड़ताल में हजारों मदरसे अवैध पाये गए थे,शंका इस लिए भी बढ़ी क्यों कि ऐसे अधिकांश मदरसे भारत-नेपाल सीमा पर स्थित थे। फिर ऐसे मदरसा संचालक आय और व्यय का कोई लेखा जोखा भी नहीं दे सके।शिक्षा और कट्टरता का दूर दूर तक वास्ता नहीं है,फिर भी मदरसों पर कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ाने, युवाओं के ब्रेनवाश और तमाम तरह के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल अब मदरसों को मुल्लाओं की नहीं, बल्कि महान इस्लामी विद्वानों की विरासत के रूप में चित्रित करना महत्वपूर्ण है।

# मदरसा एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

लाहाबाद हाईकोर्ट के 22 मार्च के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया। इसमें एनसीपीसीआर ने कहा कि मदरसे में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा व्यापक नहीं है और इसलिए यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्ट), 2009 के प्रावधानों के खिलाफ है।

यूपी मदरसा एक्ट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को रद्द करने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बीती 5 नवंबर को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से उच्च न्यायालय के इस फैसले को बदलते समय कई अहम टिप्पणियां की गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मदरसा एक्ट से संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है। न ही ये धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का किसी भी तरह से उल्लंघन करता है। न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस एक्ट को ठीक से समझे बिना ही रद्द कर दिया।



रोहित माहेश्वरी

सर्वोच्च अदालत ने संविधान की ऐतिहासिक व्याख्या करते हुए उप्र के मदरसों को 'संवैधानिक' करार दिया है। इस संदर्भ में उप्र मदरसा शिक्षा अधिनियम, 2004 और उससे जुड़ा बोर्ड भी 'अवैध' नहीं है। यह कानून मुलायम सिंह यादव की सरकार के दौरान बनाया गया था। यह न्यायिक फैसला अल्पसंख्यकों के अधिकार के साथ-साथ समता के मौलिक अधिकार और शिक्षा के अधिकार की व्याख्याएं भी करता है। 2004 में मदरसा शिक्षा को व्यवस्थित करने के लिए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 लागू किया गया था। इसमें अरबी, उर्दू, फारसी, इस्लामिक अध्ययन, तिब्ब (पारंपरिक चिकित्सा) और अन्य निर्देशित शाखाओं में शिक्षा देना शामिल किया गया था।

उत्तर प्रदेश में हजारों मदरसे हैं लेकिन इनमें से कुछ ही मदरसों को मदरसा एक्ट के तहत मान्यता प्राप्त है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन इफ्तिखार अहमद जावेद के अनुसार, यूपी में 16,500 मान्यता प्राप्त, 560 अनुदानित (जिन्हें सरकार से वित्तीय सहायता मिलती है) और 8,500 गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे हैं, जहां 2 लाख से ज्यादा छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अनुदानित मदरसों का बजट 900 करोड़ रुपये है।

मदरसा शिक्षा बोर्ड स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान करता है जिन्हें क्रमशः कामिल और फाजिल के नाम से जाना जाता है। बोर्ड द्वारा जारी किए गए डिप्लोमा को कारी कहा जाता है और यह प्रमाण पत्र और अन्य शैक्षणिक सम्मान भी देता है। बोर्ड मुंशी और मौलवी (कक्षा ङ्ग) और आलिम (कक्षा XII) जैसे पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं आयोजित करने की काम भी करते है। मदरसा शिक्षा बोर्ड तहतानिया, फौकानियां, मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल जैसे पाठ्यक्रमों के लिए आवश्यक पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकें, संदर्भ पुस्तकें और अन्य शिक्षण सामग्री भी तय करता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 22 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित करार दिया। इस फैसले के साथ ही हाईकोर्ट ने कहा था कि ये भारत के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता और उनके वकील ने तर्क दिया



कि मदरसा अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। कोर्ट के सामने ये तर्क रखा गया कि मदरसा एक्ट भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21-ए के अनुसार 14 वर्ष की आयु या कक्षा आठ तक उच्च गुणवत्ता वाली अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान को बाध्य करता है। कहा गया कि यह एक्ट मदरसों में नामांकित सभी बच्चों के लिए सार्वभौमिक और उच्च गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा की गारंटी नहीं देता है। इसके अलावा, ये तर्क भी दिया गया कि बोर्ड का डिग्री प्रदान करना यूजीसी के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करती है। इस तर्क को भी हाईकोर्ट के द्वारा माना गया।

आगे चलकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के 22 मार्च के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया। इसमें एनसीपीसीआर ने कहा कि मदरसे में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा व्यापक नहीं है और इसलिए यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्ट), 2009 के प्रावधानों के खिलाफ है। सर्वोच्च न्यायिक पीठ का मानना है कि यह संविधान के मूल ढांचे और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता। दरअसल यह फैसला ऐसे देश में मौलिक और महत्वपूर्ण है, जहां अत्यधिक शैक्षिक संस्थान धार्मिक संस्थाओं, संगठनों से संबद्ध हैं। यह अल्पसंख्यक अथवा बहुसंख्यक समुदाय का सवाल नहीं है। यह शिक्षा के बुनियादी दायित्वों और सरोकारों से जुड़ा मामला है। तो फिर मदरसों पर आपत्ति जताते हुए, उनसे संबद्ध कानून को, 'असंवैधानिक' कैसे करार दिया जा सकता है?

न्यायिक पीठ ने आकलन करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की है-चूंकि शिक्षण संस्थान या मदरसा किसी अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ा है और उसकी मजहबी शिक्षाओं को भी पढ़ाया जा रहा है, तो इसके मायने ये नहीं हैं कि वह संस्थान 'शिक्षा' की परिधि से बाहर कर दिया जाए। संविधान में अल्पसंख्यकों को अधिकार दिए गए हैं कि वे अपने शैक्षिक संस्थान स्थापित कर सकते हैं। उसी के तहत मदरसे लगातार खुलते रहे हैं। दरअसल मदरसों को 'आतंकवाद के अड्डे' और 'इस्लाम के प्रचारक संस्थान' करार दिया जाता रहा है। इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि राज्य सरकार मदरसों के पाठ्यक्रम को नियमित और संशोधित कर सकती है। कुरान के साथ-साथ गणित और विज्ञान जैसे विषय भी पढ़ाए जा सकते हैं, लेकिन मदरसे 'कामिल' और 'फाजिल' (स्नातक, स्नातकोत्तर) की जो डिग्रियां बांटते रहे हैं, वे 'अवैध' हैं, क्योंकि यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम के खिलाफ है। आयोग से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय ही ऐसी डिग्रियां देने को अधिकृत हैं।

सर्वोच्च अदालत ने यह फैसला देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला खारिज किया है, क्योंकि उच्च न्यायालय ने अधिनियम को 'असंवैधानिक' माना था और उप्र के सभी मदरसों को बंद करने का आदेश दिया था। इस सर्वोच्च फैसले से मदरसों में पढ़ने वाले 12,34,388 छात्रों का शैक्षिक भविष्य सुरक्षित रह सकेगा और 13,364 मदरसों के अस्तित्व कायम रह सकेंगे। मदरसों में हजारों शिक्षक भी पढ़ाते हैं, लिहाजा वे एकदम बेरोजगार होने से बचेंगे। मदरसों की जमात अलग-अलग है। कोई मदरसा राज्य सरकार से वित्तीय अनुदान प्राप्त करता है, तो कोई ऐसी मदद को 'इस्लाम-विरोधी' मानते हुए नहीं लेते और अपने संसाधनों के बूते ही मदरसे चलाते हैं। फिलहाल उप्र के मदरसा कानून पर सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुनाया है। इसी के आधार पर देशभर के मदरसा बोर्ड और उनके प्रबंधक शीर्ष अदालत तक दस्तक दे सकते हैं। इस मामले में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की टिप्पणी महत्वपूर्ण है-संविधान के मूल ढांचे के उल्लंघन के लिए किसी कानून की संवैधानिकता को चुनौती नहीं दी जा सकती। यदि धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के उल्लंघन के लिए कानून को चुनौती भी दी जाती है, तो यह दिखाना जरूरी होगा कि कानून धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करता है।'

# प्राथमिक शिक्षा के ढांचे को बेहतर बनाने की ज़रूरत

भेरुनाथ कालबेलिया बताते हैं कि उनके समुदाय में पहले की अपेक्षा शिक्षा की स्थिति सुधरी है लेकिन बालिका शिक्षा का स्तर अभी भी बहुत कम है। लोग अपनी बेटियों को पढ़ाने के प्रति बहुत अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। गांव के प्राथमिक विद्यालय में लड़कियां पांचवीं तक पढ़ती हैं। लेकिन स्कूल में सुविधाओं की कमी के कारण पढ़ाई के प्रति उनकी दिलचस्पी भी कम हो जाती है। वह बताते हैं कि पांचवीं तक पढ़ाने के लिए स्कूल में दो शिक्षक हैं। जिन पर पढ़ाने के साथ साथ स्कूल के विभागीय कार्यों को भी समय पर पूरा करने की ज़िम्मेदारी होती है।

इसी सप्ताह राजधानी जयपुर में राइजिंग राजस्थान समिट के तहत एजुकेशन समिट का आयोजन किया गया, जहां पर शिक्षा, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा सहित कौशल व उद्यमिता विभाग के साथ निवेशकों ने 28 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा के एमओयू साइन किया। इससे सरकारी स्कूलों में सोलर सिस्टम की स्थापना, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लासरूम, फर्नीचर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेहतर डाइनिंग हॉल तैयार करने में मदद मिलेगी। साथ ही स्कूली छात्रों को स्वेटर, जूते उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, प्रदेश में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों के विकास, स्कूलों में ब्लॉक लेवल पर खेल के स्टेडियम, ऑनलाइन परीक्षा सुविधा केंद्रों की स्थापना और लड़कियों के लिए सैनिक एकेडमी की स्थापना भी की जाएगी। राज्य सरकार के इस पहल से स्कूलों की स्थिति में सुधार की उम्मीद है। लेकिन शिक्षा की पहली सीढ़ी कहे जाने वाले प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति में अभी भी बहुत काम करने की ज़रूरत महसूस हो रही है।



ममता

राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां प्राइमरी स्तर पर संचालित सरकारी स्कूलों में सुविधाओं की कमी है। अजमेर स्थित नाचनबाड़ी गांव ऐसा ही एक उदाहरण है। जिला मुख्यालय से करीब पांच किमी दूर घूघरा पंचायत स्थित इस गांव में अनुसूचित जनजाति कालबेलिया समुदाय की बहुलता हैं। पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार गांव में लगभग 500 घर हैं। यहां संचालित एकमात्र प्राथमिक विद्यालय में पूरी तरह से बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। मात्र 2 कमरों में संचालित इस स्कूल में करीब 45 बच्चे पढ़ते हैं। इस संबंध में गांव के एक अभिभावक सदानाथ कहते हैं कि उनकी दो बेटियां हैं और दोनों गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जाती हैं। लेकिन स्कूल में सुविधाओं की कमी के कारण वह अक्सर स्कूल जाने से मना करती हैं। वह कहते हैं कि स्कूल में शौचालय की स्थिति ठीक नहीं है। वह बच्चों के इस्तेमाल के लायक नहीं है। इसके अतिरिक्त स्कूल में पीने के साफ़ पानी की भी कमी है। एक हैंडपंप लगा हुआ है जिससे अक्सर खारा पानी आता है। जिसे पीकर बच्चे बीमार हो जाते हैं। वह कहते हैं कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों की बुनियाद को बेहतर बनाने में मददगार साबित होती है। लेकिन जब सुविधाओं की कमी के कारण बच्चे स्कूल ही नहीं जायेंगे तो उनकी बुनियाद कैसे मज़बूत होगी? उन्हें आगे की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई आएगी।

एक अन्य अभिभावक 55 वर्षीय भेरुनाथ कालबेलिया बताते हैं कि उनके समुदाय में पहले की अपेक्षा शिक्षा की स्थिति सुधरी है लेकिन बालिका शिक्षा का स्तर अभी भी बहुत कम है। लोग अपनी बेटियों को पढ़ाने के प्रति बहुत अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। गांव के प्राथमिक विद्यालय में लड़कियां पांचवीं तक पढ़ती



हैं। लेकिन स्कूल में सुविधाओं की कमी के कारण पढ़ाई के प्रति उनकी दिलचस्पी भी कम हो जाती है। वह बताते हैं कि पांचवीं तक पढ़ाने के लिए स्कूल में दो शिक्षक हैं। जिन पर पढ़ाने के साथ साथ स्कूल के विभागीय कार्यों को भी समय पर पूरा करने की ज़िम्मेदारी होती है। यही कारण है कि वह पढ़ाने से अधिक कागज़ी कार्रवाइयों को पूरा करने में अधिक समय देते हैं। जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध नहीं हो पाती है। भेरुनाथ कहते हैं कि पांचवीं से आगे उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को घूघरा जाना होता है। जो नाचनबाड़ी से करीब दो किमी दूर है। लेकिन गांव के प्राथमिक स्कूल में ही शिक्षा का स्तर बेहतर नहीं है तो बच्चे आगे की पढाई में कैसे दिलचस्पी लेंगे? भेरुनाथ की 15 वर्षीय बेटी पूजा 9वीं कक्षा की छात्रा है। वह बताती है कि गांव में उसके उम्र की करीब 13 किशोरियां है। जिनमें केवल 6 लड़कियां ही आगे की पढ़ाई के लिए घूघरा जाती हैं। हालांकि सभी ने पांचवीं तक गांव के स्कूल में ही पढ़ाई की, जहां सुविधाओं की काफी कमियां थीं। वह कहती है कि बुनियादी स्तर पर कमज़ोर शिक्षा के कारण हमें आगे की पढ़ाई में काफी मेहनत करनी पड़ रही है।

वहीं छोटूनाथ बताते हैं कि स्कूल में शिक्षक नियमित रूप से आते हैं लेकिन अक्सर विभाग के कागज़ी कामों में व्यस्त होने के कारण वह बच्चों को पढ़ाने में बहुत अधिक समय नहीं दे पाते हैं। जिससे बच्चे पढ़ने की जगह स्कूल में केवल समय काट कर आ जाते हैं। इससे उनकी शैक्षणिक गतिविधियां बहुत अधिक प्रभावित हो रही हैं। गांव के अधिकतर अभिभावक नाममात्र के शिक्षित हैं। इसलिए वह अपने बच्चों को घर में भी पढ़ा नहीं पाते हैं। इन कमियों की वजह से नाचनबाड़ी गांव के बच्चों की बुनियादी शिक्षा ही कमज़ोर हो रही है, जिससे उन्हें आगे की कक्षाओं में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकतर बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। वह कहते हैं कि इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव बालिकाओं की शिक्षा पर पड़ता है। बुनियाद कमज़ोर होने के कारण उच्च शिक्षण संस्थाओं में उन्हें मुश्किलें आती हैं। छोटूनाथ बताते हैं कि शिक्षक और अन्य कर्मचारी को मिलाकर इस स्कूल में पांच पद खाली हैं। यदि इन्हें भर दिया जाए तो शिक्षक पूरी तरह से बच्चों पर ध्यान दे सकते हैं। इससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता वीरमनाथ कहते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा के प्रभावित होने के कई कारण हैं। सबसे बड़ी वजह इन स्कूलों में कई वर्षों तक शिक्षकों के पद खाली रहते हैं। जिसके कारण स्कूल में मौजूद एक शिक्षक के ऊपर अपने विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों को पढ़ाने और समय पर सिलेबस खत्म करने की जिम्मेदारी तो होती ही है साथ में उन्हें ऑफिस का काम भी देखना होता है। बच्चों की उपस्थिति, मिड डे मील और अन्य ज़रूरतों से संबंधित विभागीय कामों को पूरा करने में ही उनका समय निकल जाता है। जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती है। वह कहते हैं कि इन सरकारी स्कूलों में गांव के अधिकतर आर्थिक और सामाजिक रूप से बेहद कमजोर परिवार के बच्चे ही पढ़ने आते हैं। जो परिवार आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत बेहतर होते हैं वह अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाना पसंद करते हैं। वीरमनाथ कहते हैं कि पूरे राज्य के सरकारी स्कूलों के सभी पदों को मिलाकर करीब एक लाख से अधिक पद खाली हैं। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द भरने की जरूरत है। इन खाली पदों के कारण शिक्षा कितना प्रभावित हो रही होगी इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। हालांकि जिस प्रकार से राज्य सरकार इस दिशा में काम कर रही है इससे आशा की जानी चाहिए कि जल्द ही इन कमियों को दूर कर लिया जाएगा। इसी सप्ताह केंद्र सरकार ने पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत जो भी छात्र अच्छे उच्च शिक्षण संस्थान में दाखिला लेता है, उसे बैंक और वित्तीय संस्थान बिना किसी गारंटी या जमानत के लोन देंगे।

# राजधानी के 11 प्रमुख चौराहों का होगा कायाकल्प

अवधनामा ब्यूरो

- यातायात में अवरोध बनने खम्भों व ट्रैफिक सिग्नलों को शिफ्ट किया जायेगा
- चौराहों के आस-पास अतिक्रमण व पार्किंग खत्म कराई जाएगी



**लखनऊ।** राजधानी के 11 प्रमुख चौराहों का कायाकल्प होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण इन चौराहों पर 11 करोड़ रुपये की लागत से रोटरी व आईलैण्ड को री-डिजाइन कर प्लेस मेकिंग के आकर्षक काम कराएगा। यातायात में अवरोध बनने वाले बिजली के खम्भों व ट्रैफिक सिग्नलों को शिफ्ट कर चौराहों के आस-पास अतिक्रमण व पार्किंग खत्म कराई जाएगी। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि चौराहों के सर्वे का काम पूरा हो चुका है जल्द ही टेण्डर निकाल विकास एवं सौंदर्यीकरण शुरू कराया जाएगा। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पहले आईटी चौराहा, लोकबन्धु, जानकीपुरम स्थित एकेटीयू व अटल तिराहा, इंजीनियरिंग कॉलेज, गोमती नगर स्थित हैनीमैन चौराहे का सर्वे कराया गया था। इनमें सुझावों के आधार पर विकास व सौंदर्यीकरण कामों की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसके अलावा डालीगज, मवैया, आलमबाग, कृष्णानगर सहित शहर के 11 अन्य चौराहों का भी सर्वे कराया गया, जिसमें यातायात सुगम बनाने के लिए कई सुझाव दिये गये। अब सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन चौराहों की री-मॉडलिंग व प्लेस मेकिंग आदि काम कराए जाएंगे। कुछ जगहों पर रोटरी व आईलैण्ड को री-डिजाइन करने के साथ आईआरसी के मानकों के अनुरूप सुरक्षा के उपाय किये जाएंगे। इससे पीक ऑवर्स में इन चौराहों पर यातायात सुगम बना रहेगा और शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। नरौरा जंक्शन पर बनेगी रोटरी उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे से लखनऊ शहर में प्रवेश करने पर नरौरा जंक्शन पड़ता है। यहां ट्रैफिक का काफी लोड रहता है। इसे ध्यान में रख जंक् शन पर रोटरी के साथ ही डिवाइडर का विस्तार कर स्पीड टेबल व रम्बल स्ट्रिप आदि बनाए जाएंगे। शहर में प्रवेश करने पर लोगों को अच्छा एहसास हो इसके लिए जंक्शन पर प्लेस मेकिंग का आकर्षक काम कराया जाएगा। कोनेश्वर चौराहे पर ट्रैफिक समस्या होगी दूर चौक के कोनेश्वर चौराहे पर अस्थायी बूथ और आस-पास अवैध अतिक्रमण व पार्किंग से यातायात में अवरोध होता है। इसे ध्यान में रख पार्किंग व अतिक्रमण अभियान चला हटाया जाएगा और आईआरसी के मानकों के अनुसार सुरक्षा के उपाय किये जाने के साथ प्लेस मेकिंग कराया जाएगा जो अवध की तहजीब को दर्शाएगा। डालीगंज में ले सकेंगे दोनों तरफ यू-टर्न डालीगंज तिराहे की रोटरी री-डिजाइन होगी। यहां रेलवे ओवरब्रिज के पास एक यू-टर्न है जहां से एक तरफ का ट्रैफिक यू-टर्न ले सकता है। इसे नये सिरे से डिजाइन कर विकसित किया जाएगा जिससे दोनों तरफ का ट्रैफिक यू-टर्न ले सकेगा। इसके अलाावा विभूतिखण्ड में नवनिर्मित रेलवे स्टेशन संचालित होने से भविष्य में मधुरिमा तिराहे पर ट्रैफिक लोड बढ़ेगा, जिसे ध्यान में रख तिराहे पर आईलैण्ड विकसित किया जाएगा। इन चौराहों का होगा कायाकल्प लविप्रा शहर के जिन प्रमुख चौराहों व कायाकल्प करेगा उनमें आगरा एक्सप्रेस वे के पास नरौरा चौराहा, सर्वोदय नगर तिराहा, डालीगंज तिराहा, मवैया चौराहा, एवररेडी तिराहा, आई.आई.एम. रोड ग्रीन कॉरीडोर तिराहा, आलमबाग तिराहा, विभूतिखण्ड स्थित मधुरिमा तिराहा, पिकैडली तिराहा, कृष्णानगर चौराहा शामिल हैं।

## छात्रवृत्ति से संवरेगा ओबीसी छात्रों का भविष्य

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के लिए पूर्वदशम् और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं की समय सारिणी का दूसरा चरण शुरू कर दिया है। इस योजना का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देना और उनके आर्थिक बोझ को कम करना है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि राज्य में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों और अन्य उच्च कक्षाओं के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं का द्वितीय चरण जारी कर दिया गया है। इसके तहत छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करने और जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के ओबीसी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे बिना आर्थिक बाधाओं के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया पुत्रों के दीर्घायु होने की कामना



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ छठ व्रत का समापन हो गया। व्रती महिलाएं उगते गए सूर्य की उपासना करके पुत्रों के दीर्घायु होने की कामना की। भोर में ही पोखरे पर पहुंच गए थे। महिलाओ ने अर्घ्य देकर पुत्र के दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान मंगल गीत, बैंड बाजा और डीजे के माध्यम से मंगल गीत बजाया जा रहा था। ग्राम प्रधान ने सभी व्रती महिलाओं से आशीर्वाद लिया और व्रत सकुशल पूर्ण होने की बधाई दी। इस दौरान थानेदार विशाल उपाध्याय व गीडा थानेदार विजय सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम घाटो की निगरानी करती रही। चेयरमैन प्रभाकर दुबे,प्रमुख ई.शशीप्रताप सिंह समेत प्रधान व सभासदो ने घाटों व्यवस्था व सुरक्षा, सुविधा आदि के लिए मुस्तैद रहे। सहजनवा कस्बा, कालेसर, गाहासाङ,पिपरौली, भीमापार, मुंडा कोडरा, घघसरा कस्बा, ठर्रापार, डुमरी नेवास समेत सभी गावों में बने छठ घाटों पर व्रतियों का सैलाब उमडा, उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया।

## 'बी इम्प्लॉयबल' के पहले बैच के आठ उम्मीदवारों को वफा अब्बास द्वारा सम्मानित किया गया




**लखनऊ।** अंबर फाउंडेशन ने आज अपने 'बी इम्प्लॉयबल' कार्यक्रम के पहले बैच के आठ प्रतिभाशाली उम्मीदवारों को सम्मानित किया। इन युवाओं को विभिन्न निजी संस्थानों में नौकरी के लिए भर्ती किया गया है। वफा अब्बास ने विशेष रूप से समारोह में शामिल होकर इन युवाओं को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह युवा प्रतिभाएं गरीब परिवारों से आती हैं और यह उनके लिए पहली नौकरी है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। वफा अब्बास ने इस कार्यक्रम की महत्वपूर्णता पर जोर देते हुए कहा कि यह पहल पूरे लखनऊ के लिए प्रेरणा की कहानी बन सकती है। वफा अब्बास ने कहा, 'कोई भी कदम छोटा या बड़ा नहीं होता। बस जरूरत है सही दिशा में शुरुआत करने की। मुझे गर्व है कि अंबर फाउंडेशन ऐसे युवाओं की मदद कर रहा है।'

## उर्दू दिवस पर जश्ने शीरीं आज उर्दू अकादमी में

**लखनऊ।** उर्दू दिवस के अवसर पर 9 नवम्बर को उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से जश्ने शीरीं कार्यक्रम होगा। गोमती नगर स्थित अकादमी के सभागार में शनिवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संयोजक वन वॉइस ट्रस्ट के सचिव एस.एन. लाल ने बताया जश्ने शीरीं में कई कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 1:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक किया जाएगा। श्री लाल ने बताया कि कार्यक्रम में उर्दू के इतिहास पर दास्तानगोई नवाब मसूद अब्दुल्लाह पेश करेंगे, उर्दू साहित्य में क्या कमी रह जाती अगर इकबाल न होते, विषयक सेमिनार में डॉ. मसीहुद्दीन खान, डॉ. यासिर जमाल, डॉ. नुजहत फातिमा, अतिया बी व सीमा सिद्दीकी विचार व्यक्त करेंगे। गुफ्तगू कार्यक्रम में इतिहासकार रोशन तकी, श्वेता श्रीवास्तव व मुन्तजिर कायमी उपस्थित होंगे। वहीं मुशायरे में नये शायर अपने कलाम पेश करेंगे। इसके अलावा एस.एन. लाल के लिखे नाटक दादी अम्मा मान जाओ न का मंचन, गीतों का कार्यक्रम, बैतबाजी आदि कार्यक्रम होंगे, जिसमें छात्र हिस्सा लेंगे। इस मौके पर कैलीग्राफी प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन अकादमी सचिव शौकत अली करेंगे और उर्दू के विकास में योगदान के लिए 10 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

# अनुरागिनी संस्था द्वारा आयोजित नारी शक्ति गौरव उत्सव संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** जनपद की प्रमुख सामाजिक संस्था अनुरागिनी द्वारा नारी शक्ति गौरव उत्सव एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नुनसाई में किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके प्रयासों को सम्मानित करना था।

अनुरागिनी संस्था द्वारा स्वयं सहायता समूह कि उन बहनों को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के रूप में एक मिसाल स्थापित की है, जिसमें बजरंगबली महिला स्वयं सहायता समूह की मुकेता सिंह,राधा रानी महिला स्वयं सहायता समूह की रूबी, जय मां दुर्गे स्वयं सहायता समूह की चित्रलेखा, राधा कृष्ण महिला स्वयं सहायता समूह की नीतू यादव, मां रतनगढ़ वाली महिला स्वयं सहायता समूह की बबली को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य अनुपमा लोधी ने शिरकत की और अपने प्रेरक विचारों से महिलाओं को प्रोत्साहित किया। अनुपमा लोधी ने अपने संबोधन में अनुरागिनी संस्था की सराहना करते हुए कहा, अनुरागिनी संस्था ने महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो काम किया है, वह वास्तव में प्रशंसा के योग्य है। संस्था ने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद की है, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं। आज नारी शक्ति गौरव उत्सव के माध्यम से संस्था ने यह संदेश दिया है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। यह कार्यक्रम समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है और मुझे पूरी उम्मीद है कि इससे महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मे नाबार्ड जालौन के जिला विकास प्रबंधक परितोष कुमार ने अपने संबोधन में कहा, नारी शक्ति गौरव उत्सव के आयोजन के लिए अनुरागिनी संस्था को बधाई। इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अनुरागिनी संस्था महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध

## अल्पसंख्यक दर्जे पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक कदम वफा अब्बास ने जताई प्रसन्नता

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए 1967 के अपने उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) जैसे केंद्रीय विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा नहीं दिया जा सकता। सात जजों की इस संवैधानिक पीठ ने एस अज़ीज़ बाशा बनाम केंद्र सरकार मामले में पूर्व में दिए गए फैसले को संशोधित करते हुए अल्पसंख्यक संस्थानों के अधिकारों को नई दिशा दी है। अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए इसे अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों और उनके शैक्षिक संस्थानों की पहचान के लिए सकारात्मक पहल बताया। वफा अब्बास ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है और इससे एएमयू जैसे संस्थानों को अपनी सांस्कृतिक और शैक्षिक पहचान बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

# मनरेगा खेल मैदानों से निखर रही युवा प्रतिभाएं

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इससे गांवों में नई प्रतिभाएं तो निखर ही रही है, साथ ही मनरेगा के तहत इन मैदान का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और गांवों के समग्र सामुदायिक विकास के लिए स्कूली छात्रों और गांव के अन्य सदस्यों के बीच खेलों को प्रोत्साहित करना है।

ग्राम्य विकास विभाग की ओर से बनाई गई कार्य योजना से खेल मैदानों का निर्माण हो रहा है। बीते वर्षो से प्रदेश में लगातार खेल मैदानों का निर्माण किया जा रहा है। बात करें अगर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की तो इस वर्ष 2700 से ज्यादा खेल मैदानों का निर्माण किया जा चुका है जबकि 15 हजार से ज्यादा व्द ळवपदह कंडीशन में हैं।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2017-18 से अब तक 18 हजार से ज़्यादा खेल मैदान बनाये जा चुके हैं। बाते करें अगर वर्षवार तो वर्ष 2017-18 में 375, वर्ष 2018-19 में 370, वर्ष 2019-20 में 708, वर्ष 2020-21 में 1706, वर्ष 2021-22 में 2288, वर्ष 2022-23 में 4893, वर्ष 2023-24 में 5015 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2703 खेल मैदान पूर्ण किये जा चुके हैं।

**खेल मैदान से फिजकल फिटनेस का होगा अभ्यास'**

रनिंग ट्रैक बनने से युवा आर्मी, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस, सीआरपीएफ इत्यादि की तैयारी अपने गांव में रहकर कर रहे हैं। खेल मैदान बनने से गांव के युवक मैदान में ही दौड़ लगाने के साथ शारीरिक अभ्यास करने में भी मदद मिल रही है।

## अजय राय ने राज्यपाल से की कुलपति के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टण्डन की ओर से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम और निमंत्रण व व्यवस्था किये जाने को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। श्री राय ने राज्यपाल से कुलपति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। श्री राय ने कहा कि कहा कि गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय विवि के क्रीड़ा स्थल पर हो रहे एबीवीपी के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन निमित भूमि पूजन समारोह हो रहा है, जिसके आमंत्रण विवि की कुलपति प्रो. पूनम टण्डन खुद बांट रही हैं। विवि शिक्षकों के ग्रुप पर कुलपति और प्रति कुलपति शिक्षकों को आने के लिए मजबूर कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि शिक्षण संस्थानों के संघीकरण की कोशिश की जा रही है, जिसकी हम घोर भर्त्सना करते हैं। आम छात्रों की शिक्षा और उनके विकास का पैसा संघ के विचारों को बढ़ाने और उसके अनुषांगिक संगठन एबीवीपी को मजबूत करने में खर्च किया जा रहा है, जो निंदनीय है।

# यह समानता और अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण जीत

अवधनामा ब्यूरो

**अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी पर उच्चतम न्यायालय का फैसला**

**लखनऊ।** अलीगढ़ मुस्लिम विवि ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन अमूबा के अध्यक्ष एस.एम. शोएब और मानद सचिव शहला हक ने अमुवि के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को समानता और अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण जीत बताया है। दोनों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि 7 न्यायाधीशों की पीठ ने एस. अजीज पाशा बनाम भारत संघ मामले में 1967 के फैसले को यह पुष्टि करते हुए पलट दिया कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। चाहे उनकी स्थिति बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक। दोनों ने अपने बयान में कहा कि यह फैसला अन्य अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए मिसाल साबित होगा, जो भारत के सामाजिक न्याय और समानता विमर्श में योगदान देगा और एएमयू की अल्पसंख्यक दर्जे से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए उच्चतम न्यायालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमूबा उच्चतम न्यायालय के इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीशों का आभार जताता है और एएमयू के पक्ष को प्रभावी ढंग से रखने वाले सभी अधिवक्ताओं विशेष रूप से राजीव धवन, कपिल सिब्बल और सलमान खुर्शीद का कृतज्ञ है, जिन्होंने प्रभावी ढंग से अपना पक्ष रखा। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर पूर्व एमएलसी सिराज मेहदी के आवास पर बुद्धिजीवियों की बैठक में स्वागत किया गया। बैठक में मदरसों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले को छात्रों के हित में लिया फैसला कहा। बैठक में सिराज मेहदी ने कहा कि अमुवि में शिक्षा ग्रहण करने वाले देश-विदेश में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। पूर्व मंत्री अब्दुल मन्नान ने कहा कि अमुवि को भले ही अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा मिला हुआ है लेकिन उसने शिक्षा देने के मामले में कभी किसी छात्र से धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया।

# एमएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा संविधान की जीतः डॉ. अलीमुल्लाह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही 57 साल पुराने फैसले को पलटते हुए एएमयू के लिए फिर से अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा पाने का दरवाजा खोल दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान ने संविधान की जीत बताते हुए इस फैसले का स्वागत किया और कहा कि इस फैसले से उन बुनियादी सिद्धांतों की फिर से पुष्टि हुई है जिन पर इस संस्थान की स्थापना की गयी थी। यह देश में अल्पसंख्यकों और खासकर एएमयू के अधिकारों के लिहाज से बड़ी जीत है। डॉ अलीमुल्लाह खान के अनुसार, मोदी सरकार ने 2019 में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि एएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा नहीं दिया जा सकता है लेकिन मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने एएमयू को अल्पसंख्यक विश्वविद्यालय का दर्जा देने का समर्थन किया था। उन्होंने कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने कांग्रेस द्वारा किए गए वकालत को वैधानिक रूप से सही साबित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस सभी वर्गो के अधिकार और उनकी भागीदारी की बात करती है तो दूसरी तरफ बीजेपी अल्पसंख्यक का दर्जा मिले विश्वविद्यालयों को निशाना बनाकर अल्पसंख्यकों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश कर रही है, यहाँ तक कि मदरसे चलाने के हमारे अधिकार को भी छीनने की हर मुमकिन कोशिश की। इस फैसले ने मौजूदा सरकार को भी आईना दिखाया है, जो अल्पसंख्यक दर्जे की बहाली में रुकावट बनी हुई थी। हमें हमेशा से भारतीय न्यायपालिका पर गहरा भरोसा था और वह भरोसा आज भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि एएमयू हमेशा से हाशिये पर खड़े समुदायों के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण का प्रतीक रहा है, जहां ज्ञान, सहिष्णुता और भारत की विविधता को अपनाने की सीख दी जाती है। इस अल्पसंख्यक दर्जे की बहाली एएमयू को उसके विरासत को बनाए रखने में मदद करेगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी छात्र, विशेष रूप से अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि से आने वाले, अपने सपनों और आकांक्षाओं को पूरा कर सकें।

# भारत के रतन का जाना...

आज श्री रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले की जाने की वेदना अब भी मन में है।इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमीको गहराई से महसूस कर रहे हैं।हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है।पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग...समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं। और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं।

युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्त्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है।

रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वोविश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिगप्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

दूसरों के सपनोंका खुलकर समर्थनकरना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये श्री रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में, वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना।

भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली नई पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने काहौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों मेंहम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभावजरूर देखेंगे।


रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट...बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों कोग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं।मुझे आशा है कि उनका येविजन हमारे देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और भारत वर्ल्ड क्लास क्वालिटी के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी।सभी जीव-जंतुओंके प्रति उनके मन में करुणा थी।जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केन्द्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे। वो अक्सर अपने डॉग्स की तस्वीरें साझा करते थे, जो उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा थे।मुझे याद है, जब रतन टाटा जी को लोग आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ रहे थे...तो उनका डॉग 'गोवा' भी वहां नम आंखों के साथ पहुंचा था।

कैंसर के खिलाफ लड़ाई एक और ऐसा लक्ष्य था, जो उनके दिल के करीब था। मुझे दो साल पहले असम का वो कार्यक्रम याद आता है, जहां हमने संयुक्त रूप से राज्य में विभिन्न कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया था। उस अवसर पर अपने संबोधन में, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वो अपने जीवन के आखिरी वर्षों को हेल्थ सेक्टर को समर्पित करना चाहते हैं। स्वास्थ्य सेवा एवं कैंसर संबंधी देखभाल को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि वो बीमारियों से जूझ रहे लोगों के प्रति कितनी गहरी संवेदना रखते थे।

मैं रतन टाटा जी को एक विद्वान व्यक्ति के रूप में भी याद करता हूं - वह अक्सर मुझे विभिन्न मुद्दों पर लिखा करते थे, चाहे वह शासन से जुड़े मामले हों, किसी काम की सराहना करना हो या फिर चुनाव में जीत के बाद बधाई सन्देश भेजना हो। अभी कुछ सप्ताह पहले, मैं स्पेन सरकार के राष्ट्रपति श्री पेड्रो सान्चेज के साथ वडोदरा में था और हमने संयुक्त रूप से एक विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस फैक्ट्री में सी-295 विमान भारत में बनाए जाएंगे।

**रतन टाटा जी का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि लीडरशिप का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहींकिया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है। रतन टाटा जी ने हमेशा, नेशन फर्स्ट की भावना को सर्वोपरि रखा। 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद उनके द्वारा मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल को पूरी तत्परताके साथ फिर से खोलना,इस राष्ट्र के एकजुट होकर उठ खड़े होने काप्रतीक था। उनके इस कदम ने बड़ा संदेश दिया किङ्कभारत रुकेगा नहीं...भारत निडर है औरआतंकवाद के सामने झुकने से इनकार करता है। व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे। जब मैं केन्द्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट्र-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे। स्वच्छ भारत मिशन के प्रति श्री रतन टाटा का उत्साह विशेष रूप से मेरे दिल को छू गया था।**





# प्रकृति की रक्षा ही सच्ची आराधना है: आचार्य हेमंत कृष्ण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रकृति ईश्वर का वरदान है। प्रकृति की रक्षा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों से गोवर्धन पर्वत की पूजा करके संपूर्ण संसार को प्रकृति की पूजा का ही संदेश दिया। उक्त उदगार डोंडाघाट स्थित श्रीजी कुंज कॉम्पलेक्स में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत बरसाना धाम से आए प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य हेमंत कृष्णजी महाराजजी ने प्रकट किए। आचार्यश्री ने बताया कि व्यक्ति को सदैव उदार रहना चाहिए, उदार हृदय प्रभु को बहुत पसंद आता है। पीड़ित मानवता की सेवा, सबके प्रति दया का भाव, हमें मानव बनाता है। कथा में भक्तों को समझाते हुए महाराज जी बोले कि अपनी भावनाओं को हमेशा पवित्र रखना चाहिए। हमेशा पवित्र

■ डोंडाघाट के श्रीजी कुंज कॉम्पलेक्स में श्रीमद् भागवत कथा जारी

वातावरण अपने आस पास रखना चाहिए, पूजा प्रार्थना,सत्संग कथा श्रवण इत्यादि से भावनाओं को पवित्र रखने में सहायता मिलती है। पूतना की भावनाएं ठीक नहीं थी इसलिए श्रीकृष्ण ने उसका वध कर दिया। प्रभु श्रीकृष्ण व्यक्तित्व की प्रभुता की चर्चा करते हुए महाराज जी बोले कि श्रीकृष्ण संसार के सबसे बड़े वैरागी हैं। वो कुशल संगीतज्ञ है, कुशल वक्ता है एवं नीतिवादी और न्यायवादी है। श्रीकृष्ण प्रेम के वश में रहकर गोपियों के साथ नाच भी सकते हैं तो अपने स्वाभिमान एवं समाज की रक्षा के शिशुपाल जैसे दुष्ट का वध भी कर सकते हैं। सभी भक्तों श्रीगिर्राज महाराज का पूजन कर छप्पन भोग का प्रसाद प्राप्त किया। कथा की आरती



में मुख्य यजमान राकेश तामिया, श्री अमन तामिया जी एवं उनका संपूर्ण परिवार एवं नगर के सभी गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे। कथा की आरती में मुख्य यजमान राकेश तामिया, अमन तामिया के अलावा गीता प्रभुदयाल तामियां, प्रिया अजय तामियां, निशी नीलांश तामियां, रितु विराज तामियां के अलावा रामस्वरूप तामियां, सीताराम तामियां, जगदीश तामियां, एड. राजेन्द्र तामियां, महेश तामियां, विनोद तामियां, मनीष तामियां रहे। जबकि व्यवस्था में सहयोगी के रूप में श्री रामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति और श्री भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला शामिल रहीं।

इस कथा को सफल बनाने के लिए मनोरथी कविता राकेश तामियां ने लोगों से आह्वान किया है कि इस भव्य और दिव्य आयोजन में भागीदारी कर इसे सफल बनायें। इस दौरान पं.बृजेश चतुर्वेदी, श्यामकान्त चौबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, डा.प्रबल सक्सेना, हरविंदर सलूजा, प्रभुदयाल तामिया, शिवकुमार शर्मा, अमित तिवारी, राजेश दुबे, अजय तामियां, छक्कीलाल साहू, अवधेश कौशिक, राजेंद्र ताम्रकार, चंद्रशेखर राठौर, धर्मेंद्र चौबे, विराज तामिया, मुन्नालाल त्यागी, राजेन्द्र बाजपेयी, रविन्द्र पाठक, चन्द्रशेखर राठौर, अमित तिवारी, मगन सोनी, आशीष तिवारी, सुबोध गोस्वामी, रमेश श्रीवास्तव पार्षद, रामखिलावन यादव, सुदीप यादव, रानू साहू, प्रशान्त नामदेव, संतोष सोनी, ध्रुव सोनी, कैलाश साहू, विनोद साहू, मुकेश विश्वकर्मा, आकाश यादव एड., राघवेन्द्र राजपूत, सोनम सोनी, आरती, शैलेन्द्र, अंकित, कैलाश नारायण डयोढिया, राघवेन्द्र राजा, महेश साहू, विनोद साहू, गौरी साहू, फूलचंद्र विश्वकर्मा, जगदीश सोनी, नीरज साहू, हरगोविन्द साहू, वृन्दावन यादव, दीपक यादव, कैलाश साहू, संतोष सोनी, प्रशान्त नामदेव, शोभा सोनी, मोनू सोनी, महेन्द्र यादव, वीरेन्द्र यादव, अभिषेक निरंजन इत्यादि के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। उक्त श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण आचार्य हेमन्त कृष्ण ऑफीशियल के यू-ट्यूब चैनल पर किया जा रहा है।

## नगर निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध चलाया अभियान, जुर्माना वसूला

**मथुरा।** शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक /पॉलिथीन के प्रयोग, भंडारण एवं विक्रय को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक/ पॉलिथीन के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह के द्वारा मंडी चौराहे से सौंख रोड तक प्रतिबंधित पॉलीथिन/ प्लास्टिक, गंदगी एवं अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक/ पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर रुपए 11700 का जुर्माना किया गया एवं लगभग 8 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई एवं गंदगी करने वालों से रुपए 2000 का जुर्माना वसूला गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराया जाये। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त सभी अवशेष निवेश प्रस्तावों को साकार करने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। भूमि सम्बधी मामलों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। उद्योगों की समस्याओ के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अन्य सम्बंधित अधिकारी तथा उद्योग व व्यापार प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टोल-प्लाजा पर वाहन चालकों को दिलायी शपथ



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी ने अपनी टीम के साथ बीघाखेत टोल प्लाजा पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों, परिचालकों को यातायात के नियमों यथा- वैध लाइसेंस, वैध फिटनेस, प्रदूषण, बीमा के वाहन चलाना, मादक पदार्थों का सेवन न करना, भारी वाहन, कंटेनर सदैव बाएं दिशा में चलाना, लेन ड्राइविंग, हाई बीम, लो बीम का उचित प्रयोग, कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए फाग लाइट, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप आदि के बारे में जागरूक किया गया और यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गया। साथ ही हाइवे के किनारे निवासित आमजन को दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित चिकित्सीय सहायता हेतु प्रेरित किया तत्पश्चात टोल कर्मियों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। साथ ही प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 231 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान करते हुए 04 वाहनों को सीज किया गया।

### मतदाता बनकर लोकतंत्र को करें मजबूत: प्रो. शास्त्री



**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में विधानसभा मतदाता पुनरीक्षण सूची एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं में जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि जो भी छात्र एवं छात्राएं 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष के हो रहे हैं, वह मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 को भरकर जमा कर दें। उन्होंने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का आधार स्तंभ है, सभी को मतदाता बनकर मतदान अवश्य करना चाहिए। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि मतदाता बनकर छात्र-छात्राएं अपने महत्वपूर्ण अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं सभी को मतदाता बनकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। महाविद्यालय में शीघ्र ही मतदाता क्लब का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक आचार्य जितेंद्र कुमार ने किया एवं समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य अनीता ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विवेक पाराशर, ध्रुव किलेदार, फहीम बख्श, अंकित चौबे, जयंत चौबे, श्रीपत सिंह, भरत सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### अनारक्षित टिकिट काउण्टर का स्थान परिवर्तन से दैनिक यात्री परेशान

**ललितपुर।** आदर्श स्टेशन में ललितपुर जंक्शन भी शुमार है। लेकिन बीते 2 दिन पहले आरपीएफ थाना के पीछे आरक्षण व अनारक्षित टिकिट वितरण के स्थान को अचानक से अनारक्षित टिकट का काउण्टर बंद करके पुराने स्थान पर संचालित कर दिया गया। ऐसा ने क्यों किया गया, इसके पीछे की वजह पता नहीं चल सकी, लेकिन अचानक से ही परिवर्तन से पब्लिक परेशान हो रही है। हालांकि दूरभाष पर स्टेशन प्रबंधक से बात होने के बाद उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि एक बोर्ड आरक्षण काउण्टर के पास स्थानांतरण की सूचना लगा दिया जायेगा। लेकिन आज सुबह तक सूचना नहीं लगी थी। दैनिक यात्रियों का कहना है कि एक बड़ा सा बैनर यदि वहां लगा दिया जाए तो निश्चित ही आम पब्लिक को हो रही परेशानी से निजात मिल जाएगी। अचानक हुई परिवर्तन से निश्चित ही टिकटो बिक्री में फर्क होना भी लाजिमी है।

### भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष को पितृशोक

**ललितपुर।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश टोंटे के पिता पं. लक्ष्मी नारायण टोंटे के निधन पर कस्बे में शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि लक्ष्मी नारायण टोंटे जी को पूरे क्षेत्र का एक प्रमुख शिक्षाविद और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाला बताया गया। विरधा के भव्य मंदिर निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षा के क्षेत्र में भी आपने कई शिक्षण संस्थाओं में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया। इस अवसर पर कस्बे के पत्रकारों के साथ-साथ पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सुदामा प्रसाद दुबे, अमित पांडेय, रामकुमार पुरोहित, प्रियंक जैन, गोविंददास चौरसिया, महेश नगाइच, अवतार यादव, आशीष चौरसिया, पं.जयदेव मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, मुन्ना तिवारी, अरविंद रजक भी उपस्थित रहे।

# एक करोड़ घर नवीकरणीय ऊर्जा से होंगे रोशन: मनीष

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सम्पूर्ण देश के लगभग 01 करोड़ घरों को नवीकरणीय ऊर्जा योजना से रौशन करने के उद्देश्य से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लांच की गयी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जनपद में क्रियान्वयन की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए सीडीओ मनीष मीना ने पाया कि लक्ष्य 20 हजार के सापेक्ष कम प्रगति पर विद्युत विभाग व वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को योजना के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। अधिकारियों को सुझाव दिया कि जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रगतिशील किसानों व अन्य सक्षम व्यक्तियों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कोई भी व्यक्ति अपने एण्ड्रायड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सम्बन्धित पीएम सूर्य घर पैप व आइओएस पीएम-सूर्य घर पैप को डाउनलोड कर सकते हैं। इस योजना में बैंको द्वारा पीएम सूर्य घर नवीकरणीय ऊर्जा योजना के तहत इच्छुक व्यक्तियों को सोलर रूफटाप स्थापना हेतु ब्याज पर लोन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। परियोजना अधिकारी (यूपी नेडा) एस के वर्मा ने बताया कि सोलर रूफटाप स्थापना के लिए इच्छुक व्यक्ति जन समर्थ पोर्टल के लिंक जनसमर्थ डाट इन/सोलर-रूफ-टाप-स्कीम पर जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के दौरान बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत एक किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटाप के लिए केन्द्रानुदान 30,000 व राज्यानुदान रू. 15,000 कुल अनुदान रू. 45,000 निर्धारित है। तथा दो किलोवाट क्षमता के लिए केन्द्रानुदान 60,000 व राज्यानुदान रू. 30,000 कुल अनुदान रू. 90,000 निर्धारित है। तीन किलोवाट से लेकर दस किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटाप की स्थापना पर लाभार्थी को कुल लागत के सापेक्ष केन्द्रानुदान 78,000 व राज्यानुदान रू. 30,000 कुल रू. 1,08,000 का अनुदान मिलेगा तथा शेष धनराशि लाभार्थी का अंशदान के रूप में देनी होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने वेंडरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि उक्त योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कराया जाए। रजिस्ट्रेशन करवाएं, डोर टू डोर उक्त योजना का क्रियान्वयन कराया जाय।

## बाल श्रम के विरुद्ध चला अभियान चार बाल श्रमिक चिन्हित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** शासन तथा एनसीपीसीआर के निर्देश पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एम.एल.पाल के निर्देश पर कलेक्ट्रेट से एस.बी.आई चौराहे होते हुए भूतेश्वर तिराहा व सौंख रोड पर दिनांक 08/11/2024 को बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। 04 बालश्रमिक खतरनाक प्रक्रिया में काम करते हुए पाए गए। इनके सेवायोजको के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी किया गया। मौके पर बच्चो का वैध आयु प्रमाण पत्र न होने पर आयु निर्धारण हेतु सी.एम.ओ के सामने प्रस्तुत किया गया। आयु निर्धारण के उपरांत उन्हें सुरक्षा व संरक्षा हेतु सी.डबल्यू.सी के अध्यक्ष राजेश दीक्षित के समक्ष प्रस्तुत किया गया। टीम में प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस पी पांडेय, श्रीमती नीलम, प्रकाश चंद, प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह, चाइल्ड लाइन से विरेंद्र, हेड कांस्टेबल राम सेवक , अमित एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा तथा स्थानीय पुलिस फोर्स उपस्थिति रही।14 वर्ष से कम उम्र के बच्चो से कार्य करने पर कानून रुपए 50000 तक जुर्माने अथवा 3 साल तक जेल अथवा दोनो सजा का प्राविधान है।

# सब रोगों की अमूल्य औषधि है भागवत

अवधनामा संवाददाता

■ गौ, गंगा, गीता सनातन धर्म की रीढ़, समपर्ण भाव ही सबसे बडी भक्ति

■ 14 नवंबर को आगरा मंडल का झंरा भंडारा

**चौमुहां (मथुरा)।** गंगा, गीता व गौ सेवा से ईर्श्वर का मार्ग सहज है। इंसान गंगा जैसा पवित्र, गीता जैसा पथ, मर्यादा पुरूषोत्तम जैसा संयमित हो। महिलाएं सीता जैसा चरित्र रखें। भक्त गोपियों जैसी भक्ति रखें। ये उद्गार बृह्मा जी की नगरी के मनी थोक में स्व ठाकुरिया भगत एवं स्व प्रहलाद भगज की स्मृति में उनके निज निवास पर चल रही श्रीमदभागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से सत्यदेव महाराज ने श्रोताओं के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भागवत में भक्ति, ज्ञान, बैराग्य और त्याग समाहित हैं । हर इंसान सत्कर्म व भगवान का भजन जरूर करे। जरूरी नहीं है कि माला फेरने से ही भजन हो, काम के साथ भी ईश्वर में ध्यान रखना भी भजन है। समय मिले तो भगवान के स्वरूप के समक्ष एकाग्र होकर प्रभु के ध्यान में तल्लीन हों जाएं। तो निश्चित रूप से जीव का कल्याण होता है। मनुष्य विकारों को त्यागकर, गुरु की निःस्वार्थ सेवा, भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखकर समर्पित भाव से किया गया हर कार्य सफलता के दरवाजे खोलता है। जीवन का लक्ष्य आत्मा का बोध है, जो जीव की आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। कर्मो के बंधन को त्यागना ही मुक्ति है। बैराग्य धारणकर प्रभू का नाम लें। प्रेमरस भक्ति का पर्याय है। भक्ति पाने को, गुरू, संत, महापुरुषों की सेवा से जरुरी है। भागवत के समक्ष अमृत भी फीका है। भावगत पोथी, पन्ना नहीं बल्कि पीडा, पाप का संकटमोचक औषधि है। कथा का श्रवण विन्रम, विवेकशील ही करता है। भागवत श्रवण उपरांत चिंतन, मंथन भी करें। भागवत को कन्या विवाह की तरह करें, प्रचार प्रसार भी करें। गौ, गंगा और गायत्री सनातन धर्म की रीढ़ हैं। आज सनातन धर्म कुठाराघात हो रहा है। संस्कार विहीन शिक्षा इसकी मुख्य वजह है जो चिंतनीय, निंदनीय है। जहां भागवत का नित्य पाठ हो वहां प्रभू का वास जरुर रहता है। काल से मुक्ति का उपाय भी भागवत है। भागवत सभी रोगों की औषधि है। सनातनी सर्वे भवंतु सुखिन पथ पर अग्रसर हैं। ऐसे में गौ, गंगा र गायत्री की रक्षा सबका कर्तव्य है। भागवत कथा में बाबू सिंह सिसौदिया, लाखन सिंह सिसौदिया, बंशीधर शास्त्री, पुष्कर आदि सहयोग कर रहे हैं। पुष्कर सिंह ने बताया कि 14 नंवबर को पूरे आगरा मंडल का झंरा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए व्यापक रुप से तैयारियां की जा रही है। करीब 10 एकड में पंडाल लगाया जायेगा।

# हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की पहल



अवधनामा संवाददाता

■ ब्रज के महल व हवेलियों को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित करेगी

■ बरसाना का जल महल 31 करोड़ का आएगा खर्च, यहां तैयार होगा शानदार रिसॉर्ट

**मथुर।** उत्तर प्रदेश में हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है, इसी कढ़ी मै ब्रज के महल व हवेलियों को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित करेगी। इसमें पीपीपी मॉडल पर निजी क्षेत्र के निवेश से विरासत संपत्तियों को उनके मूल गौरव के साथ पुनर्स्थापित कर पर्यटकों को आकर्षित किया जाएगा। इस योजना में बरसाना के जल महल को शामिल किया गया है। इसे संवारने में करीब 31 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस स्थल को हेरिटेज रिसोर्ट का रूप दिया जाएगा। आस्था का केंद्र बरसाना में राधारानी के दर्शन के लिए वर्ष भर श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। बरसाना स्थित वृषभानु कुंड के जल में जल महल की पांच मंजिला इमारत हैं, जिनमें दो मंजिल जलमग्न रहती हैं। पौराणिक वृषभानु-कीर्ति कुंड पर बने जल महल में होली और राधा अष्टमी पर यहां पैर रखने को भी जगह नहीं मिलती है। इस योजना के अंतर्गत योगी सरकार इस प्राचीन कुंड को संवारा जाएगा। जिला पर्यटन अधिकारी अहतराम अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने प्रमुख स्थलों को हेरिटेज होटलों में बदलने की रणनीति की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें बरसाना का जल महल भी शामिल है। इस कुंड का सौंदर्यीकरण का कार्य पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा। जल्द इस जलमहल का निरीक्षण किया जाएगा। पहले चरण में प्राचीन जल महल को नया रूप दिया जाएगा। यहां पर म्यूजियम की भी योजना है। डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए यह बेहतर स्थान बनेगा। इससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

## सिंधी समाज ने हेमा मालिनी को जवाहर हाट प्रकरण में सौंपा ज्ञापन

**मथुरा।** सिन्धी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल जवाहर हाट प्रकरण के संदर्भ में मथुरा की सांसद हेमा मालिनी से मिला और जवाहर हाट पर शर्णार्थियों को मिली जगह को फ्री होल्ड कराने के प्रस्ताव को अतिशीघ्र पास कराने की मांग की। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि देश की स्वतंत्रता के बदले विभाजन की बलि चढ़ा सिंधी समाज आज आजादी के अमृत महोत्सव के बाद भी अपने हक के लिए लड़ रहा है। मथुरा के जवाहरहाट में बसाये शरणार्थी परिवारों को उनके स्वामित्व वाले भाग पर स्वामित्व सौंपने सम्बन्धी प्रस्ताव संख्या 24 नगर निगम की बैठक में दिनांक 13 सितम्बर 2024 को पास किया गया था, लेकिन अलग अलग वजहों से उक्त समस्या का समाधान न होने पर सिंधी समाज सांसद हेमा मालिनी से मिला। सिंधी पंचायत के राष्ट्रीय सचिव रामचंद्र खत्री, जवाहर हाट के अध्यक्ष गुरूमुखदास गंगवानी, सिंधी वेलफेयर सोसाइटी की महासचिव अनीता चावला एडवोकेट आदि ने सांसद हेमा मालिनी को उक्त संदर्भ में ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा 13 सितंबर 2024 को बोर्ड की बैठक में मेयर विनोद अग्रवाल द्वारा द्वारा जवाहर हाट को फ्री होल्ड करने के संबंध में प्रस्ताव संख्या 24 पास किया गया था।

# टीले वाली ज़ियारत पर अकीदत के साथ मनाया गया जशने मदारूल आलामीन

■ बेरक मेले मे चादर पोशी कर अकीदतमन्दो ने किया नियाज़ नज़र का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** सालाना उर्स के मौके पर जल्से का आयोजन हुआ। जिसमे उलेमा इकराम ने औलिया अल्लाह की शान ब्यां की और एहलैबत के फज़ाईल ब्यां किए।

क्षेत्र के शेर खां सराय मण्डी मे टीले वाली ज़ियारत पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उर्स मुबारक व जश्ने मदारूल आलामीन जलसे का आयोजन किया गया। रात्रि के समय दरगाह मैदान मे आयोजित जलसे को उलेमा ने खिताब करते हुए कहा कि एहलैबैत से मौहब्बत रखना बेहद ज़रूरी है। मौला-ए-कायनात हज़रत अली की विलायत का यह आलम है की आज औलिया अल्लाह के आस्तानो से फैज़ के दरिया जारी है। यह अली और एहलैबत से मौहब्बत करने वाली वोह हस्तियां जिनके आस्ताने हज़रत शाह मदारूल आलामीन मदार पाक और हज़रत शाह बदरूद्दीन टाले वाली दरगाहों के नाम से आज भी लोगों को फैज़ पहुंचा रहे है। बताते चलें की 608 वें उर्स के मौके पर पहले दिन सबीना, दूसरे दिन जश्ने मदारूल आलामीन यानी जल्सा, तीसरे दिन बड़ी बेरक मेला होता है। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हज़रत राजदार मियां सज्जादानशीन मकनपुर शरीफ, शजर मियां मकनपुर मदारी, आले मियां मकनपुर मदारी रहे। जबकि मौलाना शफीक उल कादरी मुम्बई एवं हाफिज़ शाहिद मलंग, मौलाना मेराज मियां, मलंग मासूम अली बाबा, वाहिद बाबा मलंग ने सम्बोधन किया तथा अपनी उपास्थित दर्ज कराई। सुबहके समय दरगाह पर चादर पोशी एवं लंगर किया गया। चारो ओर लगे मेले का लोगो ने लुत्फ लिया। इंतेज़ामियां कमेटी के मौहम्मद जावेद उर्फ भूरे, कामरान, मौहम्मद काशिफ खान, चांद खां, मुज़म्मिल, कामरान, रिज़वान खान, शानू मिर्ज़ा, मोहसिन अली, मुशर्रफ, गुड्डू, रियाज़ मदारी, आदि मौजूद रहे।

# आबकारी मंत्री ने सौंपा सहायता राशि का चेक

■ सवारी गाड़ियों में ओवरलोडिंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये

अवधनामा संवाददाता

विधायक बिलग्राम-मल्लावां आशीष सिंह आशू ने प्रधानमंत्री की ओर से 2 लाख व मुख्यमंत्री की ओर से 2 लाख अर्थात कुल 4 लाख की सहायता का चेक




**हरदोई।** विगत 6 नवम्बर को बिलग्राम से माधोगंज के मध्य रोशनपुर गाँव के पास हुई दुर्घटना में मृतकों के परिवारों के परिजनों को आज राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल, सांसद मिश्रिख अशोक रावत व विधायक बिलग्राम-मल्लावां आशीष सिंह आशू ने प्रधानमंत्री की ओर से 2 लाख व मुख्यमंत्री की ओर से 2 लाख अर्थात कुल 4 लाख की सहायता का चेक सौंपा। दो मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 1-1 लाख की सहायता राशि दी गयी। इस अवसर पर माहौल काफ़ी भावुक हो गया। इसके साथ ही घायलों को प्रधानमंत्री की ओर से 50 हजार व मुख्यमंत्री की ओर से 50 हजार अर्थात कुल 1 लाख रूपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया। मंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में शासन व प्रशासन पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ है। पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि सवारी गाड़ियों में ओवरलोडिंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। माननीय सांसद ने कहा कि वह मार्ग के चौड़ीकरण के लिए प्रयास करेंगे ताकि दुर्घटनाओं में कमी आ सके। विधायक बिलग्राम-मल्लावां ने कहा कि शासन व प्रशासन पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी माननीय जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और कहा कि जनपद में ओवरलोडिंग के मामले कार्रवाई की जा रही है। लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है। सभागार में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उप जिलाधिकारी बिलग्राम राकेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व नगर पालिका अध्यक्ष अनील राठौर दीपा विश्वाश अमित विश्वाश रचित राठौर निराज सिंह निराज गुप्ता पत्रकार राजीव दीक्षित आरिफ नवाब शब्बू धर्मेंद्र यादव निशांत शुक्ला फारूक कुरैशी नसीम आशु बाजपेई हरीकृष्णा वीरू सुधीर अवस्थी क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज का विरोध जारी

**ललितपुर।** गाजियाबाद जिला अदालत में बीती 29 अक्तूबर 2024 को जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार के आदेश पर हुए निहत्थे वकीलों पर लाठीचार्ज की घटना की जिला बार एसोशियेशन ने कड़े शब्दों में निंदा की है। ललितपुर जिला बार एसोसिएशन द्वारा इस बर्बर कार्रवाई के विरोध में प्रस्तुत मांगों का समर्थन करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि यह घटना न्याय और अधिवक्ताओं के अधिकारों पर सीधा हमला है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक हम गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। महामंत्री महेन्द्र कुमार जैन एड. ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि गाजियाबाद बार एसोसिएशन की न्यायिक लड़ाई में हम हर संभव सहयोग करेंगे। हम सभी का आंदोलन यह सुनिश्चित करेगा कि इस संघर्ष में अधिवक्ताओं की आवाज कमजोर न हो।

# एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे की बहाली पर एआइपीएमएम ने दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

■ ए.एम.यू. भारतीय मुस्लिम समाज के ऐतिहासिक और शैक्षणिक केंद्रों में से एक: परवेज़ हनीफ

■ ए.एम.यूत्र का अल्पसंख्यक दर्जा विश्वविद्यालय की स्वतंत्रता को भी सुदृढ़ करता है: यूनुस

**लखनऊ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे की बहाली पर ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने बधाई दी, और पसमांदा विद्यार्थियों के लिए आरक्षण की उम्मीद जताई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) को उसके अल्पसंख्यक दर्जे की बहाली पर माननीय सुप्रीम कोर्ट, सरकार, समस्त अलीगढ़ी बिरादरी, और समूचे मुस्लिम समाज को हार्दिक मुबारकबाद पेश की है। यह उपलब्धि न केवल ए.एम.यू. समुदाय के लिए बल्कि संपूर्ण मुस्लिम समाज के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि ए.एम.यू. भारतीय मुस्लिम समाज के ऐतिहासिक और शैक्षणिक केंद्रों में से एक है। संगठन विशेष रूप से वर्तमान कुलपति श्रीमती नईमा खातून जी और पूर्व एक्टिंग कुलपति प्रोफेसर गुलरेज का आभार व्यक्त करता है, जिनके नेतृत्व और प्रयासों से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है। संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने यह उम्मीद जताई है कि इस बहाली के साथ ही एएमयू में पसमांदा मुस्लिम समाज के विद्यार्थियों को उनकी आबादी के अनुपात में प्रवेश और रोजगार में उचित आरक्षण प्राप्त हो सकेगा। एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा न केवल छात्रों के लिए अवसरों को बढ़ाता है बल्कि यह विश्वविद्यालय की स्वतंत्रता और उसकी विशेष पहचान को भी सुदृढ़ करता है। श्री यूनुस ने कहा ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज का मानना है कि पसमांदा मुस्लिम समाज की एक बड़ी आबादी आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी हुई है। ऐसे में ए.एम.यू. जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में आरक्षण का प्रावधान पसमांदा समाज के विद्यार्थियों की शिक्षा और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करेगा। पसमांदा विद्यार्थियों की अधिक भागीदारी न केवल ए.एम.यू. की विविधता को समृद्ध करेगी बल्कि उन्हें समाज में बराबरी के अवसर भी प्रदान करेगी। संगठन ने कहा ए.एम.यू. प्रशासन से आग्रह किया है कि वह पसमांदा मुस्लिम समाज की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति में सुधार हेतु विशेष योजनाएं प्रारंभ करें। महाज ने एएमयू के सभी पदाधिकारियों और संकाय सदस्यों से निवेदन किया है कि वे इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएं, ताकि पसमांदा समाज के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकें।

# सर्दियों में अपनी त्वचा को रखें हाइड्रेटेड, स्किन होगी सॉफ्ट



जैसे-जैसे सर्दियों में ठंडी हवाएं चलने लगती है वैसे ही तापमान गिरने लगता है, आपकी त्वचा की देखभाल की दिनचर्या में सुधार करना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। ठंडा और ड्राई मौसम आपकी त्वचा पर कहर बरपा सकता है, जिससे यह ड्राई, परतदार और बेजान हो जाती है। सर्दियों की इन समस्याओं से निपटने के लिए, त्वचा की देखभाल के लिए एक ऐसा आहार अपनाना आवश्यक है जो गहरी हाइड्रेशन और पोषण प्रदान करता हो। अपनी त्वचा को मुलायम और हाइड्रेटेड रखने के लिए इन टिप्स को फॉलो करें।

सर्दियों के दौरान सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात यह है कि अपनी त्वचा को हाइड्रेटेड और मुलायम बनाए रखने के लिए मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। अपने हल्के गर्मियों के मॉइस्चराइज़र को छोड़कर सर्दियों की समृद्ध फेस क्रीम या हाइड्रेटिंग फेस मास्क का प्रयोग करें जो ड्राई हवा से बचाते हैं और पानी की कमी को रोकते हैं। आप अपनी त्वचा को पोषण देने और कठोर मौसम से अपनी त्वचा की रक्षा करने के लिए अपनी क्रीम में आर्गन, रोजहिप या जोजोबा जैसे तेल मिला सकते हैं। प्रभाव को अधिकतम करने के लिए, सफाई के तुरंत बाद नम त्वचा पर अपना मॉइस्चराइजर लगाएं। यह ट्रिक हाइड्रेशन को सील करने में मदद करती है, जिससे आपकी त्वचा सर्दियों की ठंड के दौरान नरम और कोमल बनी रहती है।

### *धूप से सुरक्षा*

सर्दियों के मौसम में हम अक्सर सनस्क्रीन लगाना छोड़ देते हैं, यह सोचकर कि धूप तेज नहीं है। लेकिन इसे मूर्ख मत बनने दीजिए, क्योंकि यूवी किरणें महत्वपूर्ण बनी हुई हैं और फिर भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए हर सुबह न्यूनतम एसपीएफ 30 के साथ सनस्क्रीन को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना महत्वपूर्ण है। यह त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से बचाने में मदद करता है जो पिगमेंटेशन, हाइड्रेशन, समय से पहले बूढ़ा होना और सनबर्न का कारण बन सकती हैं।

### *सौम्य क्लींजर का उपयोग करें*

ठंड का मौसम आपकी त्वचा को ड्राई हो जाती है, इसलिए अपने चेहरे और शरीर को नियमित रूप से धोने के लिए क्लींजर का उपयोग करना न भूलें। यह किसी भी त्वचा देखभाल दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन एक कसैले क्लीन्जर के बजाय एक सौम्य क्लीन्जर का उपयोग करना सुनिश्चित करें जो आपकी त्वचा से उसके प्राकृतिक तेल को छीन लेता है। ग्लिसरीन, शीया बटर, या ओटमील जैसे तत्वों से युक्त बने हो, जो त्वचा की प्राकृतिक नमी को बनाए रखते हुए धीरे से साफ करते हैं।

### *ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें*

हां, आपने सही पढ़ा- ह्यूमिडिफायर। यदि संभव हो तो इसे उन कमरों में रखें जहां आप अधिकतर समय बिताते हैं। यह गेम-चेंजर हो सकता है क्योंकि यह हवा में नमी जोड़ता है, जो आपकी त्वचा को हाइड्रेटेड स्तर बनाए रखने में मदद कर सकता है। आप अपने स्थान पर ह्यूमिडिफायर स्थापित करने के बाद आपकी त्वचा कैसी लगती है और कैसी दिखती है, इसमें आपको काफी अंतर दिखेगा।

### *संतुलित आहार*

जब त्वचा में नमी बनाए रखने की बात आती है, तो आपका आहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सर्दी के मौसम में मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन करें जिनमें पानी और एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है। आप कद्दू और पत्तेदार साग जैसे खाद्य पदार्थों का विकल्प चुन सकते हैं, जो न केवल आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं बल्कि आपकी त्वचा की चमक बनाए रखने में भी मदद करते हैं। अपने आहार में मछली, अलसी और अखरोट को शामिल करें, क्योंकि वे ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं और त्वचा के लिपिड अवरोध का समर्थन करते हैं, जिससे यह सर्दियों की ठंड के खिलाफ लचीला रहता है।

# फेस्टिव सीजन में पहनें ये ट्रेंडी डिजाइन कुर्तियां, चांद की तरह खिल जाएगा रूप

कुर्तियां पहनना लगभग हर किसी को पसंद होता है। कुर्तियों में आपको कई सारे डिजाइंस और पैटर्न देखने को मिलते हैं। वहीं फेस्टिव सीजन की शुरूआत हो चुकी है और फैंसी डिजाइन की कुर्तियों को सबसे ज्यादा पहना जाता है। कई बार हम ज्यादा हैवी नहीं बल्कि थोड़े फैंसी लुक वाले कपड़े पहन लेते हैं। ऐसे में अगर आप भी त्योहारों में कुर्तियां पहनने की सोच रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए खास कुर्तियों की नई और खूबसूरत फैंसी डिजाइंस लेकर आए हैं। जिनको स्टाइल करने से आपके लुक्स में चार चांद लग जाएंगे।



### *फ्लोरल डिजाइन कुर्ती*

अगर आप सोबर डिजाइन वाली कुर्तियां पहनना चाहती हैं और अलग से फूल-पत्तियों के पैटर्न वाली डिजाइन की कुर्तियां पसंद हैं। तो आप अनारकली स्टाइल कुर्ती बनवा सकती हैं। इसके साथ आप जॉर्जेट डिजाइन से मिलते-जुलते दुपट्टे कैरी कर सकती हैं। वहीं लुक में जान डालने के लिए पर्ल ज्वैलरी पहनें।

### *पाकिस्तानी डिजाइन कुर्ती*

अगर आपको बारीकी से किए गए वर्क वाले डिजाइन पसंद हैं, तो आपको पाकिस्तानी डिजाइन की कुर्तियां बहुत पसंद आएंगी। अधिकतर पाकिस्तानी स्टाइल में आपको घेरेदार और चौड़े घेर वाली कुर्तियां देखने को मिलेंगी। इस तरह की कुर्ती के साथ में आप चूड़ीदार पजामी या फैंसी मोहरी वाली डिजाइन की पैन्ट्स कैरी कर अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं।

### *गोटा-पट्टी लेस डिजाइन कुर्ती*

इस तरह की कुर्ती काफी फैंसी नजर आती हैं। हालांकि मार्केट में आपको इस तरह की रेडीमेड कुर्ती सेट मिल जाएगा। इस तरह की कुर्ती में घेरे, नेक लाइन और स्लीव्स में कई तरह की वर्क वाली कुर्तियां देखने को मिल जाएंगी। वहीं अगर लुक की बात करें, तो आप अलग से भी फैब्रिक खरीदकर अपनी पसंद का लेस लगवा सकती हैं।

# महिलाएं पैरों में पहनें ये आकर्षक बिछिया

छठ पूजा का इंतजार लोगों को काफी समय से होता है। आज से नहाय-खाय छठ पर्व की शुरुआत हो चुकी है। यह पर्व 4 दिन तक चलता है और 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखा जाता है। छठ पर्व के दौरान खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए आप तैयारी जरुर कर रहे होंगे। छठ पूजा के मौके पर पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप सुंदर बिछिया पहन सकते हैं। आइए जानते हैं छठ पूजा के लिए पैरों के आकर के हिसाब से बिछिया की नई और खूबसूरत डिजाइंस। इसके साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइलिश लुक देने के टिप्स-



### *पायल के साथ पहनें बिछिया*

आपको बाजार में मन चाही फैंसी डिजाइन में और रंग-बिरंगी बिछिया देखने को मिल जाएगी। आजकल मार्केट में आपको पायल के साथ में जुड़ी हुई डिजाइन वाली खूबसूरत बिछिया देखने को मिल जाएंगी। रॉयल लुक पाने के लिए आप इसे गोल्डन कलर का भी पहन सकते हैं। इतना ही नहीं, पायल के साथ में आप हाथफूल की तरह दिखने वाली ब्रेसलेट स्टाइल जैसे पायल और बिछिया के साथ पहन सकते हैं।

### *स्टोन डिजाइन की बिछिया*

अगर आप स्टोन वर्क काफी पसंद है तो यह आजकल काफी ट्रेंड में है। आप चाहें तो इसमें रेड और ग्रीन कलर के स्टोन वाली बिछिया को पहन सकती हैं। इस तरह की बिछिया देखने में काफी स्टाइलिश लुक देती हैं। आप चाहें तो एक ही पैर की अलग-अलग उंगलियों में अलग साइज और मिलते-जुल्गते शेप की बिछिया को पहन सकते हैं।

### *सिंपल डिजाइन की बिछिया*

बाजार में कई तरह की सिंपल डिजाइन में आपको बिछिया मिल जाएगी। आप चाहे तो सिल्वर यानी चांदी की बिछिया मिल जाएंगे। चाहें तो इसमें आप अपनी पसंद से घुंघरू या स्टोन भी लगवा सकती हैं। इतना ही नहीं, अपनी पसंद के साइज भी एडजस्ट करवा सकते हैं।

# त्योहारों में बार-बार हेयर्स को स्टाइलिंग करके खराब हो गई दशा, तो इन टिप्स को फॉलो करें

त्योहारों के दौरान हर किसी के लिए खुशी और जश्न का समय होता है, लेकिन इसके साथ ही आपके बालों पर भी काफी असर पड़ता है। इस दौरान पार्टियों और उत्सवों में हिस्सा लेने के लिए आप स्टाइलिंग उत्पादों इस्तेमाल करने से हेयर्स डैमेज हो जाते हैं। वहीं, दूसरी ओर बढते प्रदूषण और वेदर चेंजिंग के चलते बालों पर प्रभाव पड़ता है। इस कारण से बालों की चमक गायब हो जाती है। बालों में शाइन लाने के लिए इन टिप्स को फॉलो करें।



### *हाइड्रेटिंग हेयर रिंस*

बालों के देखभाल के लिए आप सबसे पहले हाइड्रेटिंग हेयर रिंस से करें। बालों को धोने के बाद, घर पर ही हेयर रिंस का ट्रीटमेंट लें। इसके लिए आप पानी और एप्पल साइडर विनेगर का मिश्रण तैयार करें और बालों में उनका प्रयोग करें। इसके यूज से आपके बालों के प्राकृतिक संतुलन करता है। इसके साथ ही बालों में ताजगी और चमकदार दिखाई देते हैं।

### *नेचुरल हेयर मास्क*

हफ्ते में बालों के लिए प्राकृतिक सामग्री से बना हेयर मास्क लगाएं। यह मास्क आपको बालों को नमी और पोषण प्रदान करेगा। इसके लिए आप केले, शहद और नारियल के तेल से बने हुए प्राकृतिक हाइड्रेटर्स का प्रयोग कर सकते है। इससे आपके बाल शाफ्ट और स्वस्थ व मजबूत बनेंगे।

### *बालों में केमिकल का प्रयोग न करे*

फेस्टिव सीजन में बालों में कलरिंग और स्ट्रेटनिंग-पर्म करने जैसे केमिकल ट्रीटमेंट उपचारों से आपके बालों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। इस दौरान आप केमिकल प्रक्रियाओं को कुछ समय के लिए बंद कर दें। ऐसा करने से आपके बाल प्राकृतिक रुप से ठीक हो जाएंगे।

### *स्कैल्प को पोषण दें*

अपने स्कैल्प को स्वस्थ रखने के लिए उसे पोषण दें। आप टी ट्री ऑयल या एलोवेरा जैसे नेचुरल तत्वों वाले स्कैल्प सीरम या तेल का उपयोग करें। ये न केवल आपके स्कैल्प में हो रही जलन और खुजली की समस्या को कम करेंगे बल्कि बालों की वृद्धि के लिए भी एक स्वस्थ वातावरण बनाएंगे।

### *धूप से बचें*

सूरज की हानिकारक किरणों से बचने के लिए बालों की सुरक्षा करना काफी जरुरी है। यदि आप घर से बाहर होते हैं तो यूवी प्रोटेक्शन वाले हेयर प्रोडक्ट्स का उपयोग करें या सिर पर कैप पहनें। इसकी मदद से आपके बालों के रंग भी सुरक्षित रहेगा और रुखापन भी बालों को बचाएगा।

### *शैंपू करना सीमित करें*

अपने बालों की प्राकृतिक नमी बनाने के लिए आप कम से कम हफ्ते में 2 बार ही करें। अधिक शैंपू करने से बालों में मौजूद प्राकृतिक तेल निकल जाता है, जिससे वे रुखे और बेजान हो जाते हैं। सप्ताह में 2-3 बार ही बाल धोएं और इसके लिए हल्के शैंपू का प्रयोग करें। जो आपके बालों को सुरक्षित रखें।

# बेस्ट लुक के लिए जरूर ट्राई करें ये को-ऑर्ड सेट, आप पर टिक जाएगी हर नजर



हम सभी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, जिसके लिए आए दिन फैशन ट्रेंड को फॉलो करते हैं। अक्सर हम सलवार सूट और साड़ी पहनकर बोर हो जाते हैं। ऐसे में हम कुछ अलग ट्राई करना चाहते हैं। ऐसे में हम को-ऑर्ड सेट के बारे में बताने जा रहे हैं। इस फेस्टिव सीजन आप इंडो-वेस्टर्न लुक वाले को-ऑर्ड सेट पहन सकती हैं। ऐसे में हम आपके लिए को-ऑर्ड सेट के कुछ डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको पहनकर आपका लुक बेहद आकर्षक नजर आएगा। साथ ही इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसे कैरी करने के कुछ आसान टिप्स के बारे में भी बताने जा रहे हैं।फ़ैशन का सामान बेचने वाली सबसे अच्छी दुकानें

### *पेप्लम कुर्ती स्टाइल को-ऑर्ड सेट*

बॉडी को परफेक्ट शेप देने के लिए आप पेप्लम कुर्ती स्टाइल को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। यह आपके लुक में जान डालने का काम करेगा। इस तरह की कुर्ती के साथ मैचिंग कलर की बेल बॉटम स्टाइल पैन्ट्स कैरी कर सकती हैं। यह लुक काफी एलिगेंट और स्टाइलिश नजर आएगा। आप चाहें, तो शोल्डर के लिए ऑफ या ट्यूब टॉप स्टाइल लुक चुन सकती हैं।

### *क्रॉप टॉप ब्लाउज स्टाइल को-ऑर्ड सेट*

आजकल क्रॉप स्टाइल ब्लाउज में सिंगल शोल्डर डिजाइन को काफी पसंद किया जाता है। इसके साथ में आपको स्टाइलिश डिजाइन के शरारा या घरारा देखने को मिल जाएंगे। लेटेस्ट फैशन की बात करें, तो आप दो कलर कॉम्बिनेशन को मिक्स करके भी को-ऑर्ड सेट कैरी करवा सकती हैं। वहीं मार्केट में आपको यह 1,500 रुपए तक में आसानी से मिल जाएगा।

### *लेस डिजाइन को-ऑर्ड सेट*

इस तरह लेस में आपको कई तरह की डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। अगर फैंसी लुक की बात करें, तो इसमें गोटा-पट्टी वर्क लेस वाले को-ऑर्ड सेट को सबसे अधिक पसंद किया जाने लगा है। अगर आप इसमें सोबर और सिंपल लुक चाहती हैं, तो चिकनकारी डिजाइन की व्हाइट कलर की लेस बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। आप इसको पंजाबी जूती के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

# सेंसेटिव स्किन को इस तरह से करेंगे एसफोलिएट तो नहीं होगी जलन

स्किन की केयर करने के लिए सिर्फ उसे क्लीन या मॉइश्चराइज करना ही काफी नहीं है। बल्कि आपको महीने में कम से कम दो बार उसे एक्सफोलिएट भी करना होता है। जब आप अपनी स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं तो इससे ना केवल डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने में मदद मिलती है, बल्कि आपकी स्किन अधिक स्मूथ व इवन टोन नजर आती है। यह सच है कि स्किन के लिए एक्सफोलिएशन जरूरी है, लेकिन एक्सफोलिएशन के दौरान आपको अपनी स्किन टाइप का भी ध्यान रखना होता है। मसलन, अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आपको स्किन एक्सफोलिएशन के दौरान समस्या होती होगी। हालांकि, कुछ छोटे-छोटे टिप्स आपके बेहद काम आ सकते हैं-



### *सही एक्सफोलिएंट का करें चयन*

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में स्किन को एक्सफोलिएट करते समय आपको इंग्रीडिएंट को लेकर थोड़ा अधिक सजग होना चाहिए। हमेशा ही नेचुरल व माइल्ड इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करें। सेंसेटिव स्किन के लिए लैक्टिक एसिड और मैंडेलिक एसिड अच्छे विकल्प माने जाते हैं। आप एक सूदिंग एक्सपीरियंस के लिए ओटमील या ब्राउन शुगर जैसे फाइन और नेचुरल स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### *जरूर करें पैच टेस्ट*

अगर आप पहली बार किसी एक्सफोलिएंट का इस्तेमाल कर रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि इससे आपकी स्किन को किसी तरह की एलर्जी या इरिटेशन की शिकायत तो नहीं हो रही है। कभी भी किसी नए स्क्रब को सीधे अपने पूरे चेहरे पर नहीं लगाना चाहिए।

### *ना करें ओवर एक्सफोलिएट*

कई बार हम जल्दी और बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए स्किन को ओवर एक्सफोलिएट करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो आपको यह गलती करने से बचना चाहिए। सेंसेटिव स्किन के लिए आठ से दस दिन में एक बार एक्सफोलिएशन करना पर्याप्त होता है। ज़रूरत से ज़्यादा एक्सफोलिएशन करने से आपकी स्किन से नेचुरल ऑयल निकल सकता है और जलन हो सकती है।

### *एक्सफोलिएट करने के बाद करें मॉइश्चराइज़*

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन आपको इसका खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। अपनी सेंसेटिव स्किन को एक्सफोलिएट करने के बाद आपको हमेशा अच्छे मॉइश्चराइज़र का इस्तेमाल करना चाहिए। यह ना केवल आपकी स्किन को हाइड्रेट करने के साथ-साथ एक बैरियर बनाने में मदद करता है, जिससे यह नरम और पोषित रहती है।

# लंबे-घने बालों के लिए फॉलो करें ये सिंपल टिप्स, महीने भर में दिखेगा असर

हर लड़की की चाहत होती है कि उसके बाल लंबे, घने और शाइनी हों। जिसके लिए वह काफी महंगे-महंगे हेयर प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करें। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को लंबा और घना बनाना चाहते हैं। तो आपको अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल कुछ टिप्स रेगुलरली फॉलो करना चाहिए।

क्योंकि अगर आप हेल्दी हेयर केयर रूटीन फॉलो नहीं करती हैं, तो इससे बालों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। कई बार पोषण की कमी होने का असर भी हमारे बालों पर नजर आता है, ऐसे में आप छोटे-छोटे टिप्स फॉलो कर आप अपने बालों को हेल्दी बना सकते हैं। तो आइए जानते हैं इन हेयर केयर टिप्स के बारे में...



### *ट्रिमिंग है जरूरी*

लंबे और घने बालों के लिए इनकी ट्रिमिंग कराना बेहद जरूरी है। ट्रिमिंग की सहायता से दो-मुंहे बाल रिमूव हो जाएंगे। दो मुंहे बाल ग्रोथ में बाधा बन सकते हैं। इसके साथ ही ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने और हेयर हेल्थ को इम्प्रूव करने के लिए रोजाना लकड़ी की कंघी से अपने बालों को सुलझाएं।

### *हेयर वॉश*

बता दें कि दादी-नानी के समय से बाल धोने से पहले बालों और स्कैल्प पर तेल से मसाज की जाती है। अगर आप बाल धोने से एक रात पहले या फिर 2-3 घंटे पहले सिर में तेल अप्लाई करते हैं, तो आपको कुछ हफ्तों से इसके रिजल्ट्स दिखाई देंगे। वहीं सप्ताह में दो बार माइल्ड शैंपू से हेयर वॉश करें। वरना आपके बालों संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### *डाइट पर करें फोकस*

बालों को घना और लंबा बनाने के लिए आपको अपनी डाइट पर फोकस करना भी बेहद जरूरी है। आपकी डाइट में प्रोटीन, फाइबर, फैट्स, कार्बोहाइड्रेट्स, विटामिन्स और मिनरल्स जैसे तत्व संतुलित मात्रा में होने चाहिए। वहीं बालों को हार्ष केमिकल प्रोडक्ट्स, तेज धूप, ड्रायर, स्टेटनर्स और कर्लर्स जैसे टूल्स से दूर रखना चाहिए। अगर आप ऊपर बताए गए टिप्स को फॉलो करेंगे तो आपको महज कुछ हफ्तों के अंदर मनचाहे परिणाम देखने को मिलेंगे।

# चेहरे के दाग-धब्बे होंगे दूर, कद्दू के बीजों करें स्किन केयर, पाएं बेदाग त्वचा

फेस्टिव सीजन में खिली-खिली त्वचा पाने के लिए है। न जानें हम सभी क्या-क्या नहीं करते हैं। लेकिन फिर भी चेहरे पर ग्लो नजर नहीं आता है। अगर आप घरेलू उपाय के माध्यम से चेहरे पर निखार ला सकते हैं। कद्दू के बीजों के मदद से आप चेहरे के दाग-धब्बे को दूर कर सकते हैं। कद्दू के बीजों में बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं। इन बीज को खाने और स्किन केयर के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।



कद्दू के बीजों में होते पोषक तत्व

कद्दू के बीज में ओमेगा-3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम, बीटा कैरोटीन, जिंक, विटामिन-ए, ई और सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, स्किन के लिए फायदेमंद है।

कैसे बनाएं कद्दू का फेस पैक?

कद्दू का फेस पैक बनाने के लिए आप कद्दू के बीज, छोटा-सा टुकड़ा कद्दू, शहद और सेब का सिरका को साथ मिलाकर अच्छे से पेस्ट बना लें। इसके बाद चेहरे को अच्छे से क्लीन करके इस पैक को 15-20 मिनट के लिए चेहरे और गर्दन पर लगा लें और धो लें। इसे हफ्ते में 1-2 बार लगाया जा सकता है।

इस फेस पैक को लगाने के फायदे

एजिंग को दूर करता

कद्दू के बीजों में विटामिन-ई पाया जाता है, जो फेस पैक के लगाने से चेहरे की फाइन लाइन्स और झुर्रियों जैसे एजिंग के लक्षणों से बचाव करने में मदद मिलती है।

दाग-धब्बे को कम करता

कद्दू के बीज में कई पोषण तत्व पाए जाते हैं। इस फेस पैक को लगाने से पिंपल्स, मुंहासों और दाग-धब्बों को कम करने के लिए मदद करता है। स्किन के लिए भी यह काफी फायदेमंद होता है।

स्किन को सॉफ्ट बनाए

कद्दू के बीज के फेस पैक का लगाने से स्किन की ड्राईनेस दूर होती है। इसके साथ ही स्किन को हाइड्रेट रखता है और साथ ही मॉइस्चराइज करता है। यह एक्सट्रा ऑयल को कम करता है, पोर्स को बंद करता है, मुंहासों, ब्लैकहेड्स को दूर करता है।

चेहरे में निखार आता है

कद्दू के बीजों में एंटी-ऑक्सीडेंट के गुण भी मौजूद होते हैं। इस फेस पैक को लगाने से स्किन को यंग बनाने और त्वचा में निखार लाने के लिए सबसे बेस्ट है।

## किश्तवाड़ में दो विलेज डिफेंस गार्ड की हत्या, आतंकवादी समूह कश्मीर टाइगर्स ने ली जिम्मेदारी



**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों ने विलेज डिफेंस गार्ड के दो सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि ओहिल कुंतवाड़ा निवासी विलेज डिफेंस गार्ड कुलदीप कुमार पुत्र अमर चंद और नजीर अहमद पुत्र मोहम्मद खालिद का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया। इसके बाद दोनों की गोलियों से भून दिया। आतंकवादी समूह कश्मीर टाइगर्स ने घटना की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर दोनों की कथित तस्वीरें साझा की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सेना और सुरक्षाबल दोनों के शव को बरामद करने के लिए इलाके में पहुंच गए हैं। साथ ही आतंकवादियों को दबोचने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। सनातन धर्म सभा किश्तवाड़ ने इस घटना के खिलाफ आज किश्तवाड़ बंद का आह्वान किया है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन

**ग्रहण**

**बुधवार को खरना पूजन के दिन व्रतियों ने पूरे दिन उपवास कर शाम में भगवान का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया।**



**पटना।** देश-दुनिया में लोक आस्था के छठ महापर्व का चौथे दिन आज सुबह छठवर्तियों के उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। इसके बाद सभी छठ व्रतियों ने व्रत का पारण किया। मान्यता है कि सूर्योदय के समय अर्घ्य देने से सुख-समृद्धि, सौभाग्य, संतान प्राप्ति की मनोकामना और संतान की रक्षा का वरदान मिलता है। छठ महापर्व के आखिरी दिन सूर्योदय के दौरान अर्घ्य देते समय मंत्र-ओम एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते, अनुकंपय माम् भक्तया गृहाणार्घ्यम् दिवाकर का जाप किया गया। महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ था। पहले दिन व्रतियों ने यहां गंगा स्नान के साथ सूर्यदेव को जल से अर्घ्य दिया। इसके बाद पूरी पवित्रता के साथ अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग लगाकर प्रसाद तैयार किया। बुधवार को खरना पूजन के दिन व्रतियों ने पूरे दिन उपवास कर शाम में भगवान का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ। गुरुवार को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। आज उदीयमान सूर्य को नदी-तालाब या अन्य जल स्रोतों के बीच खड़े होकर अर्घ्य देने के साथ ही छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान पूरा हो गया। छठ व्रतियों ने अनुष्ठान के समापन की पूर्व संध्या पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दिन षष्ठी तिथि को छठी मैया का पूजन विधि-विधान के साथ हुआ। सात नवंबर को धृति व रवि योग का संयोग बना रहा। व्रतियों ने जल में खड़े होकर पवित्रता के साथ फल, मिष्ठान, नारियल, पान-सुपारी, फूल, अर्कपात से भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की कुशलता के लिए प्रार्थना की। आज सुबह कार्तिक शुक्ल सप्तमी तिथि को सर्वार्थ सिद्धि योग व रवि योग में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय पर्व संपन्न हुआ। अर्घ्य व पूजन करने के बाद व्रतियों ने घाट पर पारण कर पर्व का समापन किया।

## पूर्व मंत्री मोहसिन रज़ा ने यूपीसीए पर लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, मुख्यमंत्री से की शिकायत

**गाजियाबाद,।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं उप्र हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रज़ा ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। पूर्व क्रिकेटर मोहसिन रज़ा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर यूपीसीए में चल रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की है और इन लोगों के खिलाफ़ करवाई की मांग की है। मोहसिन रजा ने गाजियाबाद में हिन्दुस्थान समाचार से शुक्रवार को बातचीत में आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में अपने बच्चे को अगर कोई अभिभावक क्रिकेट खिलाना चाहता है तो जेब में रुपये होने चाहिए। यहां सिर्फ होनहार होना ही पर्याप्त नहीं है। उन्होंने आरोप लगाए कि यदि अंडर 16 में खेलना है तो छह लाख, अंडर 19 में खेलना है तो 20 लाख और अंडर 23 खेलना है तो 30 लाख और रणजी खेलना है तो 30 से 50 लाख रुपये दीजिए, टीम में सेलेक्शन हो जाएगा। उन्होंने ऐसोसिएशन पर युवाओं से धन उगाही, रुपये की हेराफेरी, सरकारी सम्पत्तियों का दोहन समेत कई आरोप लगाए हैं।मोहसिन रज़ा ने कहा कि यूपीसीए का पिछले कुछ वर्षों से स्वरूप ही बदला गया है। पूर्व क्रिकेटर होने के नाते लोगों ने मुझसे सम्पर्क किया और सारी चीजों से अवगत कराया। इस पर आरटीआई के माध्यम से कुछ सूचनाएं प्राप्त की गयीं तो पता चला कि यह वह संस्था है ही नहीं जिसके तहत हम लोग खेला करते थे, इसमें तो बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स हैं। इसमें कांग्रेस के एक बड़े नेता का हाथ है। वर्ष 2005 में कांग्रेस नेता तत्कालीन यूपीसीए के सचिव ज्योति बाजपेयी का सहारा लेकर आगे बढ़े। एसोसिएशन पर खुद कब्जा कर लिया और बाजपेयी को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जैसा चरित्र है, उनके नेता भी वैसे ही करेंगे। इसके बाद प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी बनाकर प्रदेश के युवाओं को गुमराह किया गया। उन्होंने आरोप लगाय कि कांग्रेस नेता के बेहद करीबी कहे जाने वाला अकरम सैफी सारा खेल करता है। बच्चों को क्रिकेट खिलाने के लिए उनसे रुपये लिए जाते हैं, उनका शोषण किया जाता है। ऐसे ही तमाम प्रकरण सामने आए हैं। अकरम के खिलाफ मुकदमें भी लिखे गए हैं रज़ा ने बताया कि बीसीसीआई ने जब इनसे पूछा कि आपने कम्पनी क्यों बना ली ? इस पर इन्होंने कहा कि राज्य सरकार से उनकी नहीं बनती। लिहाजा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी बना ली। इनका यह दावा भी झूठा साबित हुआ। जिस सरकार से खराब रिश्तों का ज़िक्र किया, उसी सरकार ने कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम इन्हीं को तीस साल के लिए लीज़ पर दे दिया। यह सवाल तब उठा जब लोढ़ा कमेटी की रिपोर्ट में आई। इसी रिपोर्ट के आधार पर बीसीसीआई और राज्य के सभी क्रिकेट एसोसिएशन चलने थे। यूपीसीए सबसे अलग चल पड़ा।

## सोपोर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादी मार गिराए

**बारामुला।** जम्मू-कश्मीर में बारामुला जिले के सोपोर के सागीपोरा इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार देरशाम विशेष सूचना पर पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने सोपोर के सागीपोरा इलाके की घेराबंदी कर आतंकवादियों की तलाश शुरू की। इस दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई। कुछ देर बाद आतंकियों ने गोलीबारी बंद कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर अभियान रोक दिया गया। आज सुबह दोबारा अभियान शुरू किया गया। आतंकियों ने एक बार फिर से गोलीबारी की। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

## पटवारी 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**दमोह।** दमोह जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम इमलाई में शुक्रवार सुबह एक पटवारी को लोकायुक्त सागर की टीम ने 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पटवारी तखत सिंह द्वारा फरियादी शुभम अहिरवार और उसके पिता से जमीन के सीमांकन नाप को लेकर 25 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत शुभम एवं उसके पिता के द्वारा लोकायुक्त सागर में की थी। लोकायुक्त उप निरीक्षक रोशनी जैन ने जानकारी देते हुए बताया फरियादी की शिकायत का सत्यापन कराया गया जिसमें सत्यता पाते हुए हमने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए पटवारी तखत सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। कानून में दिए प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

## सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के अंतिम कार्य दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में बैठी सेरेमोनियल बेंच

**समर्थन**

**अगर मैं चीफ जस्टिस के रिटायरमेंट के मौके पर सभी डांस करने के लिए कहूं तो ज्यादातर लोग मेरा समर्थन करेंगे।**



**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अंतिम कार्य दिवस पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में परंपरा के मुताबिक सेरेमोनियल बेंच बैठी। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली इस सेरेमोनियल बेंच में मौजूदा और अगले मुख्य न्यायाधीश साथ में बैठकर कुछ मामलों की सुनवाई करते हैं। इस सेरेमोनियल बेंच के समक्ष अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि उन्हें बहुत कुछ कहना है, लेकिन अचानक पता चलता है कि एक शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में ब्राजील में एक सम्मेलन के खत्म होने के बाद हर कोई डांस करने लगा। अगर मैं चीफ जस्टिस के रिटायरमेंट के मौके पर सभी डांस करने के लिए कहूं तो ज्यादातर लोग मेरा समर्थन करेंगे। इस मौके पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी विदाई हमारे लिए दुखद है। आपने खुद को एक महान पिता का महान पुत्र सिद्ध किया है। मेहता ने कहा कि आपके दोनों बेटे कभी यह नहीं जान पाएंगे कि उन्होंने क्या हासिल किया और हमने क्या खोया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई मुकदमे जीते और कई मामले में सफलता नहीं मिली लेकिन इस बात की संतुष्टि है कि आपने हमारी पूरी बातें धैर्य के साथ सुनीं। इस मौके पर जस्टिस संजीव खन्ना ने हल्के-फुलके अंदाज में कहा कि चीफ जस्टिस समोसा काफी पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि चीफ जस्टिस को दुनिया के कई जज उनके लुक की वजह से उन्हें काफी पसंद करते हैं। जस्टिस खन्ना के ये कहने के बाद कोर्ट रूम में हंसी का फव्वारा छूट पड़ा।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा लाया गया प्रस्ताव अवैध, असंवैधानिक: तरुण चुघ

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा लाया गया प्रस्ताव अवैध और असंवैधानिक तथा लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। अनुच्छेद 370 और 35ए को सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा और राज्यसभा ने निरस्त कर दिया था। 5 अगस्त 2019 को देश की सर्वोच्च अदालत ने इस पर अपनी मुहर लगाई थी।मीडिया से बातचीत में चुघ ने कहा कि देश जानना चाहता है कि क्या कांग्रेस एनसी के प्रस्ताव पर उनके साथ है? अनुच्छेद 370 और 35ए वापस या उनके खिलाफ? भारतीय जनता पार्टी जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देग। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सभी भाजपा विधायक योद्धा बनकर देश विरोधी ताकतों का सामना कर रहे हैं, हम पीछे नहीं हटेंगे। तरुण चुघ ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हुआ आतंकवादी हमला कायरतापूर्ण और निंदनीय कृत्य है। यह न सिर्फ निर्दोष जिंदगियों पर हमला है बल्कि मानवता पर हमला है। जो लोग अपने गांव अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं, उन पर हमला करना आतंक जैसे कृत्यों का हम डटकर सामना करेंगे और सुरक्षा बलों पर हमें पूरा विश्वास है। जम्मू कश्मीर में हर आतंकी साजिश को हमने पहले भी नष्ट किया है, समाप्त किया है, आगे भी नष्ट किया जाएगा ।

## नेपाल-भारत के बीच दो नई ट्रांसमिशन लाइन पर सैद्धांतिक सहमति



**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच दो अंतरराष्ट्रीय ट्रांसमिशन लाइन पर सैद्धांतिक सहमति हो गई है। नई दिल्ली का तीन दिवसीय दौरा पूरा कर लौटे ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने आज यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच नेपाल के इनरुवा और भारत के पूर्णिया को जोड़ने वाली 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन और इतनी ही क्षमता की लम्की-बरेली ट्रांसमिशन लाइन के निवेश के प्रारूप पर सैद्धांतिक सहमति हो गई है। इनरुवा-पूर्णिया ट्रांसमिशन लाइन को 2027-2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। लमकी (दोधारा)-बरेली 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन को 2028-2029 तक पूरा करने पर भी सहमति बनी है। नेपाल इन दोनों ट्रांसमिशन लाइनों को न्यू बुटवल-गोरखपुर ट्रांसमिशन लाइन के भारतीय खंड की तर्ज पर बनाने का प्रस्ताव कर रहा था। उन्होंने कहा नई दिल्ली में उनकी भारत के मंत्री मनोहर लाल के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। खड़का ने बताया कि इस पर नेपाल विद्युत प्राधिकरण और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया मिलकर काम करेंगे। खड़का के मुताबिक नेपाल अपने हिस्से का निर्माण कार्य अमेरिका की एमसीसी परियोजना के अनुदान से करेगा। यह जानकारी भारत को दे दी गई है। नेपाल की सीमा से भारत के गोरखपुर तक निर्माण के लिए दोनों देशों की सरकारी कंपनी को मिला कर एक ज्वाइंट वेंचर कंपनी बनाने पर भी सहमति हो गई है। इसमें दोनों देशों की बराबर की हिस्सेदारी होगी। जल्द ही दोनों देशों के ऊर्जा सचिव लिखित समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

## बाइडन ने नागरिकों से व्यवस्थित सत्ता परिवर्तन का वादा किया

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश के नागरिकों से डोनाल्ड ट्रंप की जीत को स्वीकार करने का आग्रह किया और कसम खाई कि सत्ता का व्यवस्थित हस्तांतरण होगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, बाइडेन ने कल व्हाइट हाउस में कहा,अमेरिकी प्रयोग कायम है। हम ठीक होने जा रहे हैं, लेकिन हमें इस पर लगे रहने की जरूरत है। हमें चलते रहने की जरूरत है और सबसे बढ़कर यह कि हमें विश्वास बनाए रखने की जरूरत है। खबर में कहा गया है कि अपनी जीत के बाद ट्रंप ने अपना ध्यान अपने नए प्रशासन में अपने चुनावी वादों को पूरा करने के लिए तैयार वफादारों के साथ पदों को भरने पर केंद्रित कर दिया है। उनका दीर्घकालीन एजेंडा सरकार, विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थशास्त्र और घरेलू मामलों को व्यापक रूप से नया आकार देना होगा।

# डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस के स्टाफ में सबसे ताकतवर होंगी सूसी विल्स

**नियुक्ति**

**द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, मंगलवार को चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने सूसी के रूप में व्हाइट हाउस में पहली नियुक्ति की है।**



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने अपने चुनाव में फ्लोरिडा की रणनीतिकार सूसी विल्स को व्हाइट हाउस का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया है। वह व्हाइट हाउस की पहली अमेरिकन महिला चीफ ऑफ स्टाफ होंगी। उन्होंने लगभग चार साल तक ट्रंप के चुनाव अभियान की कमान संभाली।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, मंगलवार को चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने सूसी के रूप में व्हाइट हाउस में पहली नियुक्ति की है। 67 वर्षीय सूसी विल्स उनके परिवार के बेहद करीब हैं। विल्स ने ट्रंप को अराजक प्रबंधन शैली से उबारा है। वह 2016 और 2020 में भी ट्रंप के राजनीतिक अभियान से जुड़ी रही हैं। साथ ही मुकदमों से निपटने में भी ट्रंप की मदद की है। ट्रंप ने उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा, ÷सूसी सख्त, स्मार्ट, नवोन्मेषी हैं और सार्वभौमिक रूप से प्रशंसित और सम्मानित हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह हमारे देश को गौरवान्वित करेंगी। सूसी के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, ट्रंप के दो बड़े बेटों डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और एरिक से घनिष्ठ संबंध हैं। सूसी विल्स के पिता पैट समरॉल दिग्गज फुटबॉलर रहे हैं। फ्लोरिडा के पूर्व गवर्नर जेब बुश ने ट्रंप के इस फैसले की प्रशंसा की है। सूसी विल्स ने फ्लोरिडा स्थित लॉबिंग फर्म बैलार्ड पार्टनर्स और फिर मर्करी पब्लिक अफेयर्स के लिए भी काम किया है। सूसी विल्स की व्हाइट हाउस में अहम भूमिका होगी। विल्स रिपब्लिकन पार्टी की कार्यकर्ता हैं। अब वह व्हाइट हाउस के कर्मचारियों का प्रबंधन करेंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम तय करेंगी। फ्लोरिडा स्थित रिपब्लिकन सलाहकार डेविड जॉनसन ने कहा, ÷सूसी एक मजबूत महिला और एक सच्ची नेता हैं, जिनके पास काम करने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है।÷ सूसी विल्स ने रोनाल्ड रीगन के 1980 के राष्ट्रपति अभियान पर भी काम किया है। उन्होंने फ्लोरिडा के रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डेसेंटिस को 2018 में चुनाव जीतने में भी मदद कर चुकी हैं। चुनाव के दौरान विल्स ने ट्रंप को अपनी रणनीति से भटकने नहीं दिया। यही वजह है कि ट्रंप ने दूसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

## भारत भी सुपर पॉवर देशों की सूची में शामिल हो, पुतिन ने उठाई INDIA के लिए आवाज

**तनाव**

**रूस और भारत के बीच सहयोग हर साल बढ़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति ने राजनयिक प्रगति के बारे में आशा व्यक्त करते हुए भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव को भी स्वीकार किया।**



**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर भारत की तारीफ की है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को महान देश बताया और कहा कि भारत की किसी भी अन्य देश की तुलना में तेज आर्थिक वृद्धि इसे वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने के योग्य बनाती हैं। पुतिन ने रूस के सोची शहर में वल्दाई डिस्कशन क्लब में अपने संबोधन के दौरान ये बातें कही हैं। पुतिन ने भारत की प्रगति की सराहना करते हुए इसे वैश्विक क्षेत्र में अद्वितीय बताया। उन्होंने कहा कि रूस कई मोर्चों पर भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। पुतिन ने सत्र के दौरान कहा, भारत को निस्संदेह अपनी डेढ़ अरब की आबादी, दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज विकास, प्राचीन संस्कृति और आगे विकास की बहुत अच्छी संभावनाओं के साथ महाशक्तियों की लिस्ट में जोड़ा जाना चाहिए। मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर प्रकाश डालते हुए पुतिन ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की रूस की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा,हम भारत के साथ सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहे हैं। पुतिन ने अपने संबोधन में कहा कि हम भारत के साथ अपने रिश्तों को विभिन्न क्षेत्रों में विकसित कर रहे हैं।

भारत एक महान देश हैं। यह आर्थिक विकास के मामले में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भी प्रमुख है। इसकी जीडीपी 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। रूस और भारत के बीच सहयोग हर साल बढ़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति ने राजनयिक प्रगति के बारे में आशा व्यक्त करते हुए भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव को भी स्वीकार किया। पुतिन ने आगे कहा, ÷बुद्धिमान और सक्षम लोग जो अपने राष्ट्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हैं, वे समझौते की तलाश में हैं और अंततः उन्हें पा ही लेंगे। यदि यह दृष्टिकोण गति पकड़ता रहा, तो समझौते ढूंढे जा सकते हैं, और वे ढूंढे जाएंगे।

## जापान के 41 साल के युवक को चढ़ा इश्क का रोग, एनिमे किरदार से की थी शादी



**नई दिल्ली।** इश्क का रोग बहुत खतरनाक होता है, इंसान ऐसे में एआई चैटबॉट और होलोग्राम से लेकर रोबोट तक सबसे अजीब जगहों पर प्यार पा सकते हैं। ऐसे में लोग प्यार को एक नए स्तर पर ले जाते हैं। हम जापान के 41 साल के अकिहिको कोंडो के बारे में बात कर रहे हैं, जिन्होंने वर्चुअल सिंगर हात्सुने मिकू से खुशी से शादी की है। आपको जानकार हैरानी होगी कि एक जापानी व्यक्ति में एक एनिमे किरदार की दीवानगी इस कदर बढ़ी, कि उन्होंने उससे शादी ही रचा डाली। अब अपनी छठी शादी की सालगिरह मनाई। कोंडो ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने प्यार का इजहार किया, जहां उन्होंने 4 नवंबर को अपनी सालगिरह के लिए लाए गए केक की रसीद साझा की। केक पर लिखा था, मुझे मीकू बहुत पसंद है। छह साल की सालगिरह मुबारक। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोंडो ने कहा कि सेकेंडरी स्कूल से पहले ही वह महिलाओं में रोमांटिक रूप से दिलचस्पी रखता थाचीजें तब बदल गईं जब लंबे, फिरोजा पिगटेल वाले 16 वर्षीय पॉप सिंगर के रूप में एक वोकलॉइड सॉफ्टवेयर वॉयसबैंक (गायन आवाज सॉफ्टवेयर) हत्सुने मिकू को 2007 में क्रिप्टन फ्यूचर मीडिया की तरफ से जारी किया गया था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसे कैरेक्टर ने कई लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया होगा।

## कनाडा ने दस साल के लिए जारी होने वाला पर्यटक वीजा को क्यों किया बंद, सामने आई वजह

**एलान**

**ट्रूडो ने इससे पहले एलान भी किया था कि वह अस्थायी और स्थायी आप्रवासन दोनों को कम कर रहे हैं।**



**नई दिल्ली।** कनाडा सरकार ने मल्टीपल एंट्री वीजा पर अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए दस साल वाला पर्यटक वीजा जारी करना बंद कर दिया है। इससे कनाडा आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आखिर कनाडा सरकार ने ऐसा क्यों किया, इसको लेकर कई कारण सामने आए हैं। सूत्रों के मुताबिक,इस बदलाव के पीछे की पहली वजह राजनीतिक संकट से जूझ रहे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आवास की कमी बताई जा रही है। जीवनयापन की उच्च लागत और घटती अनुमोदन रेटिंग पर जनता के गुस्से को कम करने के लिए भी ऐसा किया गया है। ट्रूडो ने इससे पहले एलान भी किया था कि वह अस्थायी और स्थायी आप्रवासन दोनों को कम कर रहे हैं। साथ ही पिछले महीने, इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने कहा था कि कनाडा सरकार को देश में अस्थायी अप्रवासन के प्रवाह को रोकने के लिए पहले ही जल्द से जल्द कोई कार्रवाई करनी चाहिए थी। जिसके कारण आवास संकट पैदा हो गया है। इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने स्पष्ट किया था कि मल्टीपल वीजाधारक को वीजा की वैधता की अवधि में आवश्यकतानुसार ही किसी भी देश से कनाडा में प्रवेश करने की अनुमति होगी। मार्क मिलर ने आगे कहा, खासकर अस्थायी निवासियों की डिमांड पर हमें शायद थोड़ा जल्द कदम उठाना चाहिए था।

दो साल पहले, जब से ब्याज दरें बढ़ने लगीं, कई कनाडाई लोगों को आवास बाजार से बाहर कर दिया गया। बड़े पैमाने पर आप्रवासन लहर के कारण कनाडा की जनसंख्या भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। अक्टूबर 2025 में संघीय चुनाव निर्धारित है, जिससे यह कनाडा की राजनीति में सबसे विवादास्पद विषयों में से एक बन गया है।

सर्वेक्षणों के अनुसार, बढ़ती संख्या में लोग मानते हैं कि कनाडा में बहुत अधिक आप्रवासी हैं। दृश्यमान अल्पसंख्यकों के खिलाफ घृणा अपराधों और नए लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया में बढ़ोतरी हुई है।

# उगते सूरज को व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य

- पुत्र, पति की लंबी उम्र की तथा परिवार की सुख समृद्धि की कामना
- हवन पूजन के साथ हुआ भगवान भास्कर की मूर्ति का विसर्जन
- कमेटी के पदाधिकारियों ने अतिथियों का अंगवस्त्रम से किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** प्रतापगढ़ रोड स्थित शक्तिपीठ दौलतिया हनुमान मंदिर के तालाब पर नवयुवक डाला छठ पूजा समिति द्वारा लोक आस्था का महापर्व दो दिवसीय छठ पर्व के अंतिम दिन शुक्रवार को व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसी के साथ दो दिवसीय व्रत का हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया । भोर से ही तलाब पर भीड़ उमड़ पड़ी थी। अंतिम दिन छठ पर्व के मद्देनजर तालाब पर आस्था का समंदर उमड़ पड़ा। दूर से ही घाट के किनारे आस्थावान पहुंचने लगे। धूप ,दीप, नैवेद अर्पित कर भगवान भास्कर की पूजन अर्चन की। इसके साथ ही उनकी उगने पर अर्घ्य दिया। इसके लिए व्रती महिलाओं के साथ घर के पुरुष सदस्य वह बच्चे भोर से ही नंगे पांव सिर पर डालिया आदि रख तालाब पर पहुंचना शुरू कर दिए थे। पूजा के समय तलाब पर काफी भीड़ लगी थी। अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं जहां पानी में खड़ी होकर हाथ में फल आदि से भरा सूप लेकर भगवान भास्कर की स्तुति करते हुए उनके उदय होने का इंतजार कर रही थी। जैसे लालिमा छाई की अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हो गया। व्रती महिलाओं ने दुग्धाधार सेब पुरोहितों के मंत्रोच्चारण के बीच अर्घ्य देते हुए मंगल कामना की। सूर्य के उदय होते ही लोग हर्षित हो उठे । समाजसेवी बिजेंदर जायसवाल द्वारा श्रद्धालुओं के लिए देशी घी से निर्मित प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। नवयुवक डाला छठ पूजा समिति के अध्यक्ष संदीप कसेरा सहित पदाधिकारियों ने आइए अतिथियों में ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, मनोज द्विवेदी व्यास, थाना प्रभारी संतोष पाठक, मेला महासमिति अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता पिंटू, पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू, सभासद सौरभ जायसवाल व सुरेश सोनी सहित समाजसेवियों पत्रकारों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। विद्वान पंडित सिद्धार्थ त्रिपाठी ने मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। साथ ही कमेटी के पदाधिकारियों ने तालाब में भगवान भास्कर की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार काका, सुजीत मोदनवाल, पत्रकार विक्की गुप्ता, सुरेश सोनी, राकेश मोदनवाल, मनीष केसरी, जितेंद्र अग्रवाल, गोपाल जायसवाल, नमन गुप्ता, व बबलू गुप्ता आदि लोगों ने सहयोग किया।

## निविदा प्रक्रिया से ही आवंटित होंगी दुकानें

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले की सुचिता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए गैर सनातनियों को खाने पीने की दुकान नहीं आवंटित करने की अखाड़ा परिषद की मांग पर मेला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मेले में दुकानें निविदा प्रक्रिया से ही आवंटित होंगी। प्रयागराज में लगने वाले कुम्भ और महाकुंभ मेले में हमेशा से दुकानें निविदा प्रक्रिया से आवंटित होती रही हैं जिसमें किसी वर्ग विशेष को दुकानें आवंटित करने पर रो नहीं है। खाने-पीने की वस्तुओं में गंदगी मिलाए जाने का पिछले दिनों कई वीडियो वायरल होने के बाद से अखाड़ा परिषद गैर सनातनियों को खानपान की दुकानें आवंटित करने का विरोध कर रहा है। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने कहा कि जो दुकानें आवंटित होती हैं, वह निविदा प्रक्रिया से होती हैं। दुकानें निविदा प्रक्रिया के अनुसार ही आवंटित होंगी। यह बड़ा मेला है जहां दुनियाभर से लोग आएंगे.. हम इसी प्रक्रिया से दुकानें आवंटित करेंगे। वहीं अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने शुक्रवार को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सभागार में बैठक के बाद एक बार फिर कहा कि हमारा विरोध किसी वर्ग विशेष से नहीं है। हाल ही में खाने में थूक, पेशाब आदि मिलाकर परोसे जाने का वीडियो सामने आने के बाद हमारी मांग है कि जूस की दुकान, खानपान की दुकान, ढाबा आदि गैर सनातनियों को ना दी जाएं। उन्होंने कहा कि इस मेले में देशभर से साधु संत, तपस्वी आते हैं और गैर सनातनी लोग खाने पीने की चीजों में गंदगी मिलाकर उनका धर्म भ्रष्ट कर सकते हैं। इसलिए हमारी मांग है कि खानपान की दुकानें केवल सनातनियों को ही आवंटित की जाएं।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ छठ पूजा का समापन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सूर्योपासना के महापर्व छठ के आखिरी दिन शुक्रवार की भोर से ही संगम और अरेल घाट पर व्रती महिलाएं गीत गाते हुए ढोल ताशों के साथ पहुंची। महिलाओं के गीत से पूरा घाट गुंजायमान हो रहा था। गुरुवार को संध्याकाल डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद महिलाएं अपने घरों में भजन कीर्तन कर रात जगी की और भोर में फिर से घाट पर पहुंचकर छठ मईया का पूजन कर उगते सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य देकर अपने परिवार की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की। महिलाओं ने घाट पर सुहागिन महिलाओं को मांग भर सिंदूर लगाया और प्रसाद दिया।

पूर्वांचल और बिहार में पुत्रों की दीर्घायु और परिवार की मंगल कामना के लिए मनाए जाने वाले चार दिवसीय महापर्व की शुरुवात मंगलवार से हुई। नहाए खाए और खरना के बाद इस महापर्व पर गुरुवार की शाम को फलों और प्रसाद के साथ पूजन समाग्री से भरी दौरी डाला सिर पर रखकर महिलाएं व उनके पति ढोल नगाड़े के साथ घाट पर पहुंचे।

संगम नोज, बलुआघाट व्रती महिलाओं और उनके परिवार से खचाखच भरा रहा। महिलाओं ने घाट पर लेप लेकर गन्ने की छावनी बनाकर छठी मईया की पूजा की। पूजन कर बाद कमर तक पानी में उतरकर अस्ताचल डूबते हुए भगवान आदित्य (सूर्य) को संध्याकाल में अर्घ्य दिया और अपने घर पहुंचकर रातजगी की। शुक्रवार की भोर यानी व्रत के आखिर दिन महिलाएं फिर अपने परिवार के साथ संगम, अरेल घाट पर बाजे गाजे के साथ पहुंचकर छठ मईया की पूजा की।

महिलाओं ने कमर तक पानी में भगवान आदित्य देव की पहली किरण के दर्शन के लिए इंतजार करती रहीं। सूर्य की पहली किरण के दिखने पर महिलाओं ने जल और दूध से अर्घ्य देकर व्रत को पूरा किया। घाट पर सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को मांगभर सिंदूर लगाया और अखंड सौभाग्यवती होने की कामना की।

# एमएमयू पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 जावेद ने सुप्रीम कोर्ट के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को लेकर दिए गए फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह किसी की हार और जीत का मामला नहीं है। दरअसल तस्वीर को गलत ढंग से पेश किया जाता है। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से न ही कभी किसी हिन्दू भाई को और न ही किसी मुस्लिम को कोई शिकायत रही है। इस यूनिवर्सिटी को सिर्फ तालीम के लिए ही बनाया गया है। इस दौरान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और जनपद के गोपालपुर विधानसभा से विधायक नफीस अहमद समेत यूनिवर्सिटी के नए-पुराने कई छात्र मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए एक दुसरे को मिठाई खिलाई। गोपालपुर विधायक नफीस अहमद ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहाकि आज का दिन हम सभी के लिए बड़ा दिन है, आगे और भी इम्तेहान है। बता दें कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर एएमयू इंतजामिया, छात्र, पूर्व छात्रों के साथ दुनिया की निगाहें सुप्रीम कोर्ट के फैसले की ओर लगीं थीं। दोपहर में जैसे ही सुप्रीम कोर्ट ने 1967 के अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्य के फैसले को पलटा और एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले को तीन सदस्यीय नियमित पीठ के लिए भेजा, वैसे ही एएमयू कैंपस में सभी एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने साल 1967 में अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्य मामले में दिए अपने ही फैसले को पलट दिया है, जिसमें कहा गया था कि केंद्रीय कानून के तहत बने संस्थान को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक पीठ ने 4-3 के बहुमत से यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई संस्थान कानून के तहत बना है तो भी वह अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावा कर सकता है। अब अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रहेगा या नहीं, इसका फैसला नियमित पीठ करेगी।

# जिलाधिकारी ने किया हाफिजपुर के धान की उपज का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** ग्राम हाफिजपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर, न्याय पंचायत हाफिजपुर जनपद आजमगढ़ में वर्तमान फसली वर्ष 1432 के खरीफ फसल में क्रॉप कटिंग कराने हेतु शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नियत किया गया था। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में एवं तहसीलदार सदर व राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में आज ग्राम हाफिजपुर में गाटा संख्या 175 कुल रकबा 1.163 हे0 खातेदार सुबाष पुत्र कैलाश का एवं गया प्रसाद पुत्र छोटकुन, निवासी ग्राम खातेदार का गाटा संख्या 1167 रकबा 0.488 हे0 में कराया गया। जिसमें गाटा संख्या 175 में 23.980किग्रा व गाटा संख्या 1167 में 19.100 किग्रा चयनित प्लाट में धान की उपज प्राप्त हुई।

इस अवसर पर तहसीलदार सदर करणवीर सिंह, राजस्व निरीक्षक एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सशक्त करने का निरंतर किया कामः डॉ. रीता बहुगुणा जोशी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्व. कमला बहुगुणा की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में किया गया।इसका संयोजन हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा किया गया।÷क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है।÷ विषय पर प्रतिभागियों ने अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए और महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार परिसर की विद्यार्थी अपेक्षा सिंह, द्वितीय पुरस्कार टीडी कॉलेज के आफताब एवं तृतीय पुरस्कार मेधा को मिला।कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं अतिथियों ने विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। कुलपति ने कहा कि नारी वंदन अधिनियम से महिलाओं को बेहतर अवसर प्राप्त होगा।कार्यक्रम में ऑनलाइन

संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए निरंतर काम किया है. उनकी सोच है कि इस देश में महिला केंद्रित विकास नहीं बल्कि इस देश में महिला नेतृत्व वाला विकास होगा।बचाओ- बेटी पढ़ाओ जैसे प्रयास बड़े स्तर पर किये गए।महिलाओं को आरक्षण के प्रति युवा क्या सोचते है यह जानने के लिए देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. बहुत सारे छात्र आरक्षण के पक्ष में बोले और बहुत सारी छात्राएं आरक्षण के विरोध में बोल रही थी.आज का युवा तर्क के साथ अपनी बात को रख रहा है।उन्होंने कहा कि महिलाएं तीनों स्तंभ में 15 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है।विश्वविद्यालयों में जो जब रिजल्ट ते है तो अधिकांश गोल्ड मेडल छात्राएं लाती है. इनमें टैलेंट की कमी नहीं है अवसर की कमी है।मुख्य अतिथि जौनपुर के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कहा कि महिला आरक्षण का मैं पूरा समर्थन करता हूं ।इस विषय पर सरकार ने सार्थक कदम उठाया है तो निश्चित रूप से इसके परिणाम सुखद होंगे. उन्होंने कहा कि अंतकरण में किसी काम को करने की जिज्ञासा न हो तब तक कुछ प्राप्त नहीं किया जा सकता. उन्होंने रामधारी दिनकर सिंह की एक कविता को भी सुनाया. विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण से हमारी मातृ शक्ति को एक मौका मिलेगा. उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति का अतीत बहुत स्वर्णिम रहा है उसको दृष्टिगत रखते हुए यह सरकार का साहसिक निर्णय है.विशिष्ट अतिथि लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी ने कहा कि प्रख्यात महिला नेत्री कमला बहुगुणा जी का जीवन नारी सशक्तिकरण की एक मिसाल है. वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के तौर पर डॉ. महेंद्र त्रिपाठी,डॉ. मनोज वत्स एवं डॉ छाया सिंह रहीं.

अतिथियों का स्वागत प्रो. अजय द्विवेदी ने आभार अभिषेक शुक्ल द्वारा किया गया. संचालन उद्देश्य सिंह ने किया. इस अवसर पर प्रो.मनोज मिश्र, प्रो देवराज सिंह, प्रो प्रमोद यादव, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार, डॉ रसिकेश, डॉ सुशील समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दान जैसा पुण्य दुनिया मे कुछ भी नहीं: सीमा

अवधनामा संवाददाता




- पंडित स्व. मुरलीधर पाठक के चतुर्थ पुण्य तिथि पर 11000 हजार नोट बुक, 4000 कम्बल किया गया वितरित

**जौनपुर (सुजानगंज)** क्षेत्र के राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महविद्यालय मे पंडित मुरलीधर त्रिपाठी के चौथे पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी ने कहा की इस समय समाज मे ऐसे बहुत लोग है जिनके पास बहुत पूजी है परन्तु वे दान पुण्य का कार्य नहीं करते। परन्तु कुछ लोग अपने आय का अधिकतर भाग दान दक्षिणा मे ख़त्म कर देते है. किसी भी पुत्र को अपने पिता के नाम को जिन्दा रखना सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होता है। प्रमोद जी द्वारा अपने पिता की पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष इस तरह के कार्य का आयोजन किया जाना प्रशंशा के काबिल है। इस मौके पर विधायक रमेश मिश्रा, रमेश सिंह, टी राम समेत कई वक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त किया। वहीं दूसरी तरफ लोक गायक के रूप में उपस्थित अलका सिंह पहाड़िया और मनोहर सिंह ने अपने सुरों के माध्यम से उपस्थित ज़न समुह को मोहित कर दिया. इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर मे उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को पांच हजार रुपये प्रदान किया गया. और प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल मे 11000 छात्रों को नोट बुक और 4000 लोगो को कम्बल वितरित किया गया.इस मौके पर आयोजक प्रमोद पाठक ने कहा की मै पुरे जीवन काल मे ऐसा कार्य करता रहुगा. वही सभी आए हुए आगंतुकों का पाठक जी द्वारा फुल बुके एवं उपहार भेंट किए गए इस मौके पर जिलाधिकारी दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा, नारायण उपाध्याय, सतीश सिंह सत्येंद्र सिंह फंटू ब्लॉक प्रमुख, रंजना सिंह, सुनील मणि त्रिपाठी, शिव बाबा राजा सिंगरामऊ, प्रभाकर मिश्रा, वीरेंद्र पाल प्रधान, सुशील सिंह टिंकू, शुभम काशी, बृजेश तिवारी, वारिस अली, अमरीश सिंह भोला,आनंद मणि त्रिपाठी, सहित क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## दो पक्षो मे पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष, आधा दर्जन घायल

**जौनपुर।** चन्दवक थाना क्षेत्र के बरैक्षाबीर मे पुरानी रंजीश को लेकर दो पक्षो मे लाठी डंडे चलने लगे इस खुनी संघर्ष मे दोनों पक्ष केआधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष को सामुदायिक केंद्र बिरीबारी भेजी पर एक की हालत गंभीर देखते हुए बी एच यू वाराणसी रेफर कर दिया गया ।जानकारी अनुसार लुटावन निषाद व सुग्रीव में पुरानी विवाद चल रहा था वही कल बृहस्पतिवार को रात लुटावन के बेटे व सुग्रीव ने नाती सतीश निषाद के बीच लड़ाई हो गयी जिसमे लुटावन का पुत्र घायल हो गया वही सुबह लुटावन पक्ष के लोगो ने जब सुबह विपक्षी के दरवाजे पर पहुचे वही दोनों पक्ष मे कहा सुनी होते होते एक एक लाठी डंडे चलने लगे इस खुनी संघर्ष मे दोनों तरह सें मिलाकर लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं सूचना पर पहुंची चन्दवक पुलिस दोनों पक्ष के घायल लोगो को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र बिरिबारी भेजा जहाँ डॉक्टरो ने सुग्रीव निषाद की हालत गंभीर देखते हुए बीएच यू वाराणसी रेफर कर दिया इधर पुलिस मामले की जांच पड़ताल मे जुटी हुई हैं।


## उत्तर रेलवे
### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | AUCTIONWVM-3 |
| कार्य का विवरण | Installation and operation of Water Vending Machines (WVM's) at Various Stations over Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ (समस्त लाट) | 19.11.2024 at 10:00 Hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.11.2024 at 14:40 Hrs |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of WVM's to be auctioned are as under: -

| SN | Station | PF No. | Lot No. | No of WVM |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shahganj | 2/3 | MSS-LKO-SHG-WVM-44-24-1 | 2 |
| 2 | Shahganj | 1 | MSS-LKO-SHG-WVM-43-24-1 | 3 |
| 3 | Unnao | 1 | MSS-LKO-ON-WVM-54-24-1 | 2 |
| 4 | Bhadohi | 1 | MSS-LKO-BOY-WVM-49-24-1 | 2 |
| 5 | Maa Belha Devi Dham Pratapgarh Jn. | 4 | MSS-LKO-MBDP-WVM-53-24-1 | 1 |
| 6 | Unnao | 2/3 | MSS-LKO-ON-WVM-55-24-1 | 2 |
| 7 | Raebareli | 2/3 | MSS-LKO-RBL-WVM-61-24-1 | 2 |
| 8 | Sultanpur | 1 | MSS-LKO-SLN-WVM-34-24-2 | 3 |
| 9 | Barabanki | 1 | MSS-LKO-BBK-WVM-57-24-1 | 2 |
| 10 | Jaunpur Jn. | 1 | MSS-LKO-JNU-WVM-46-24-1 | 3 |
| 11 | Amethi | 1 | MSS-LKO-AME-WVM-39-24-1 | 2 |
| 12 | Barabanki | 2/3 | MSS-LKO-BBK-WVM-58-24-1 | 2 |
| 13 | Jaunpur Jn. | 4/5 | MSS-LKO-JNU-WVM-48-24-1 | 2 |
| 14 | Maa Belha Devi Dham Pratapgarh Jn. | 1 | MSS-LKO-MBDP-WVM-51-24-1 | 3 |
| 15 | Unnao | 4 | MSS-LKO-ON-WVM-56-24-1 | 2 |
| 16 | Phulpur | 2/3 | MSS-LKO-PLP-WVM-42-24-1 | 2 |
| 17 | Sultanpur | 2/3 | MSS-LKO-SLN-WVM-35-24-2 | 2 |
| 18 | Barabanki | 4 | MSS-LKO-BBK-WVM-59-24-1 | 2 |
| 19 | Jaunpur Jn. | 2/3 | MSS-LKO-JNU-WVM-47-24-1 | 2 |
| 20 | Prayag | 1 | MSS-LKO-PRG.WVM-37-24-1 | 3 |
| 21 | Prayag | 2/3 | MSS-LKO-PRG-WVM-38-24-1 | 3 |
| 22 | Amethi | 2/3 | MSS-LKO-AME-WVM-40-24-1 | 2 |
| 23 | Maa Belha Devi Dham Pratapgah Jn. | 2/3 | MSS-LKO-MBDP-WVM-52-24-1 | 2 |
| 24 | Phulpur | 1 | MSS-LKO-PLP-WVM-41-24-1 | 2 |
| 25 | Raebareli | 4 | MSS-LKO-RBL-WVM-62-24-1 | 1 |
| 26 | Bhadohi | 2/3 | MSS-LKO-BOY-WVM-50-24-1 | 2 |

कृते वरिष्ठ मण्डल, वाणिज्य प्रबन्धक उत्तर रेलवे, लखनऊ

3466/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र सूचना

लखनऊ मण्डल उ.रे., लखनऊ के विभिन्न स्टेशनों पर ए.टी.वी.एम. सुविधाप्रदाता के चयन हेतु दिनांक 23.10.2024 को प्रकाशित आवेदन पत्र सूचना संख्या सी / 123–ATVM/24/SV एवं संख्या सी / 123–ATVM/24/KUMBH-2025/SV के नियम व शर्तों के पैरा 2 के (a) व (b) में स्मार्ट कार्ड पर बोनस राशि त्रुटि वश 3% के स्थान पर 5% छप गया है। अतः उसे 3% समझा जाये, शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगी। 3467/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र सूचना

लखनऊ मण्डल, उ.रे. लखनऊ के विभिन्न स्टेशनों पर ए.टी.वी.एम. सुविधाप्रदाता के चयन हेतु दिनांक **23.10.2024** को प्रकाशित आवेदन पत्र सूचना संख्या **सी/123-ATVM/24/SV** एवं **सी/123-ATVM/24/KUMBH-2025/SV** के नियम व शर्तो के पैरा 2 के (a) व (b) में स्मार्ट कार्ड पर बोनस राशि त्रुटि वश **3%** के स्थान पर 5% छप गया है अतः उसे **3% समझा जाये**, शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी। 3468/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता / सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 16 / डब्ल्यू0 / बीडब्ल्यूएस / सीबी / एल.के.ओ / 2024–25 | उप मुख्य पुल अभियंता लखनऊ के अधीन ब्रिज संख्या 16, ब्रिज संख्या 75, ब्रिज संख्या 110–(1x12.2मी), (25x30.5मी), और ब्रिज संख्या 66 डीएन–(18x18.3) का ड्रोन और स्थलीय लिडार आधारित निरीक्षण |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 4997457.74 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रु. 100000 / – |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 19.11.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 03.12.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी |
| 7 | न्यूनतम पात्रता की शर्ते | |
| | तकनीकी | लागू नही |
| | वित्तीय | लागू नही |
| 8 | एक समान कार्य | लागू नही |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता | www.ireps.gov.in कार्यालय उप मुख्य अभियंता / से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ |

नोटः 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.–16 / डब्ल्यू0 / बीडब्ल्यूएस / सीबी / एल.के.ओ / 2024–25 दि: 06.11.2024

3472/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांक : 3067/1ए-11 दिनांक : 26-10-2024

### अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण एवं तदोपरान्त पाँच वर्ष का अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा–महसी। | | | | | | |
| 1 | बहराइच | चन्दपईया डिहवा सम्पर्क मार्ग से सिकन्दरपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 24.45 | 2.45 | 945.00 | 02 माह |
| 2 | बहराइच | पिपरी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 25.76 | 2.58 | 945.00 | 02 माह |
| 3 | बहराइच | कौड़हा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 28.75 | 2.88 | 945.00 | 02 माह |
| 4 | बहराइच | बेहटा चूड़ामणि सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 21.09 | 2.11 | 945.00 | 02 माह |
| 5 | बहराइच | गढ़वा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 22.72 | 2.27 | 945.00 | 02 माह |
| 6 | बहराइच | रमपुरवा-पण्डितपुरवा-चमारनपुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 28.53 | 2.85 | 945.00 | 02 माह |
| 7 | बहराइच | भिरवा से खैरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 30.33 | 3.03 | 945.00 | 02 माह |
| 8 | बहराइच | जुलाहनपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0-1 (455मी0) में विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 23.98 | 2.40 | 945.00 | 02 माह |
| 9 | बहराइच | जोधेपुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 25.42 | 2.54 | 945.00 | 02 माह |
| 10 | बहराइच | चमारनपुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 25.07 | 2.51 | 945.00 | 02 माह |
| 11 | बहराइच | सबलापुर-द्वितीय सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 26.12 | 2.61 | 945.00 | 02 माह |
| 12 | बहराइच | बेहटा-चूड़ामणि से तारापुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 28.46 | 2.85 | 945.00 | 02 माह |
| 13 | बहराइच | जरमापुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 26.05 | 2.61 | 945.00 | 02 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथिः- दिनांक 11-11-2024 से पूर्व।
3. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से पांच वर्ष होगी।
4. दोष दायित्व अवधि पांच वर्ष है, जिसकी गणना कार्य पूर्णता तिथि से की जायेगी।
5. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन दिनांक 11-11-2024 से 21-11-2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 21-11-2024 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 21-11-2024 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) तकनीकी निविदा खोलने की 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी। त्रुटिपूर्ण/Non Qualitative अनावश्यक शिकायत पाये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जायेगी।

सहायक अभियन्ता, प्रा.ख., लो.नि.वि., बहराइच

UPID-221808 Dated-07-11-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता, प्रा.ख., लो.नि.वि., बहराइच

# घरेलू बाजार में एफआईआई की घटी हिस्सेदारी डीआईआई बन सकते हैं सबसे बड़े नॉन प्रमोटर

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा अक्टूबर महीने से ही जमकर बिकवाली की जा रही है। इसके कारण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनियों में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी घट कर 15.98 प्रतिशत के स्तर तक आ गई है। पिछले 12 साल के दौरान एनएसई में लिस्टेड कंपनियों में एफआईआई की हिस्सेदारी का ये सबसे निचला स्तर है।




नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में विदेशी संस्थागत निवेशकों की स्टॉक होल्डिंग मासिक आधार पर 8.8 प्रतिशत कम होकर 71.08 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर आ गई। इसके पहले सितंबर के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों की स्टॉक होल्डिंग 77.96 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर थी। अक्टूबर में आई ये गिरावट मार्च 2020 के बाद की सबसे बड़ी मासिक गिरावट है। दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनियों में घरेलू म्युचुअल फंड्स की हिस्सेदारी मासिक आधार पर 9.32 प्रतिशत से बढ़कर 9.58 प्रतिशत यानी 42.36 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई लेवल पर आ गई।

इसी तरह अगर घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की ओवरऑल इक्विटी होल्डिंग की बात करें, तो सितंबर महीने तक डीआईआई के एसेट्स की टोटल वैल्यू 76.80 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंची हुई थी। सितंबर में खत्म हुई तिमाही में मासिक आधार पर उनकी होल्डिंग 16.15 प्रतिशत से बढ़कर 16.21 प्रतिशत की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी।

एनएसडीएल ने अक्टूबर के महीने के लिए घरेलू संस्थागत निवेशकों की इक्विटी होल्डिंग का डेटा अभी रिलीज नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि डीआईआई की इक्विटी होल्डिंग एफआईआई की इक्विटी होल्डिंग से अधिक हो चुका है। डीआईआई ने अक्टूबर के महीने में इक्विटी मार्केट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। ऐसे में जब दिसंबर के महीने में इक्विटी होल्डिंग के आंकड़े सामने आएंगे, तब डीआईआई की ओवरऑल इक्विटी होल्डिंग की सटीक जानकारी मिल सकेगी।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर डीआईआई की होल्डिंग एफआईआई की होल्डिंग की तुलना में अधिक हो जाती है, तो भारतीय शेयर बाजार के लिए ये बहुत बड़ा बदलाव होगा, क्योंकि अभी तक एफआईआई इक्विटी मार्केट में सबसे अधिक हिस्सेदारी वाले नॉन प्रमोटर यानी इन्वेस्टर रहे हैं। ये कभी भी बड़ी बिकवाली करके मार्केट के रुझानों को पूरी तरह से बदल दिया करते थे।

लेकिन अगर डीआईआई की इक्विटी होल्डिंग एफआईआई की इक्विटी होल्डिंग से अधिक हो जाती है, तो पहली बार डीआईआई शेयर बाजार के सबसे बड़े नॉन प्रमोटर इनवेस्टर बन जाएंगे। ऐसा होने से शेयर बाजार पर विदेशी निवेशकों का दबाव पहले की तुलना में काफी कम हो जाएगा।

धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि डीआईआई घरेलू शेयर बाजार में अब प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। इसका अंदाजा अक्टूबर में शेयर बाजार की चाल को देख कर भी लगाए जा सकता है। अक्टूबर में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 94 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की।

# लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।



दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, हेल्थ केयर और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 443.92 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 448.45 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.53 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,064 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,396 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,573 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 95 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।

# Lexlegis.ai प्रस्तुत करता है इंटरैक्टः कानूनी दस्तावेज़ों के प्रबंधन के लिए एक परिवर्तनकारी ए.आई. समाधान



**मुंबई।** विधिक टेक्नोलॉजी और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एल.एल.एम.) में सबसे आगे, Lexlegis.ai ने परिवर्तनकारी सुविधा, इंटरैक्ट के पेशकश की घोषणा कर दी है, जिसे कानूनी व्यावसायियों द्वारा दस्तावेज़ की कार्य-प्रणाली का प्रबंधन, विश्लेषण और उन्हें अनुकूलित करने के तरीके को बदलने के लिए तैयार किया गया है। एक शक्तिशाली लीगल सर्च टूल के रूप में Lexlegis.ai की प्रतिष्ठा पर आधारित, इंटरैक्ट कानूनी प्रक्रियाओं को और भी अधिक सुचारु, तेज़ और अधिक कुशल बनाने के लिए ए.आई.-आधारित क्षमताओं को एकीकृत करते हुए इस प्लैटफ़ॉर्म के विकास को केस प्रबंधन के एक संपूर्ण समाधान के रूप में प्रदर्शित करता है। Lexlegis.aiके संस्थापक, साकार एस. यादव ने कहा, इंटरैक्ट कानूनी दस्तावेज़ों प्रबंधन को अगले स्तर पर ले जाता है। इसका उद्देश्य केवल शोधकार्य को तेज़ करना नहीं है– बल्कि उन कार्यों को स्वचालित करना है जिनके लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और जो अक्सर विधिक कार्य-प्रणाली की रफ़्तार को धीमा कर देते हैं, जिससे व्यावसायी महत्वपूर्ण निर्णयों और केस के सर्वश्रेष्ठ परिणामों पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते हैं।

दस्तावेज़ों की तुलना, विश्लेषण और अंतर्दृष्टि के प्रासिकरण के लिए कुशल उपकरणों के साथ कानूनी व्यावसायियों को सशक्त बनाने की इसकी क्षमता इंटरैक्ट का मुख्य आधार है। एकल, इंट्यूइटिव इंटरफ़ेस के साथ, इसका उपयोग करने वाले अब ये कार्य कर सकते हैं-

कानूनी दस्तावेज़ों की तुलना करना- अंतरों की पहचान करने और संगतता को सुनिश्चित करने के लिए अनुबंधों, करारों या केस की फाइलों की सहजता से तुलना करना।

महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करना- लंबे कानूनी दस्तावेज़ों से महत्वपूर्ण विवरण प्राप्त करने या पी.डी.एफ. और चित्रों से लिखित सामग्री को स्कैन करने के लिए ए.आई. का लाभ उठाना, जिससे स्वयं ढूँढने के प्रयास न करने पड़ें।

दस्तावेज़ों का अनुवाद- कानूनी विषय-सामग्री को स्वचालित रूप से विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करना, जिससे सीमा पार के मामलों और सहयोगों को सुविधाजनक बनाया जा सके।

जोखिम का विश्लेषण- दस्तावेज़ों के भीतर संभावित जोखिमों या विसंगतियों की तुरंत पहचान करना, जिससे निर्णय लेने में बेहतर सहायता मिलती है।

विधिक कार्यप्रवाह में मुख्य चुनौतियों का समाधान करते हुए

इंटरैक्ट सुविधा को कानूनी टीमों द्वारा सदा बार-बार सामना की जाने वाली कुछ चुनौतियों से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है - विशेष रूप से बड़ी मात्रा में विधिक लिखित सामग्री की समीक्षा और विश्लेषण की समय लगने वाली प्रक्रिया। यह उपकरण तुरंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है, मानवीय त्रुटि के जोखिम को कम करते हुए स्वयं समीक्षा करने के समय को कम करता है। कुशल स्वचालन की यह प्रक्रिया वकीलों और कानूनी टीमों को अत्यंत महत्वपूर्ण गतिविधियों, जैसे केस की रणनीति, क्लाइंट की संबद्धता और लागू कानून के तर्कों के विकास की दिशा में अपने प्रयासों को मोड़ने में सक्षम बनाता है।

## मांग में कमी और वैश्विक दबाव के कारण सोने-चांदी में गिरावट, ट्रंप की जीत से बदला गोल्ड मार्केट का रुझान

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज जबरदस्त कमजोरी नजर आ रही है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने आज जोरदार गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत की है। सोना की कीमत में 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आ गई है। इसके पहले सर्राफा बाजार में इतनी तेज गिरावट आम बजट में आए सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी को घटाने के बाद देखी गई थी। माना जा रहा है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद सोने की मांग में कमी होने की आशंका बन गई है, जिसकी वजह से वैश्विक दबाव में सोना और चांदी के भाव में गिरावट आ गई है।

मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद सेफ इन्वेस्टमेंट की जगह निवेशक ज्यादा जोखिम वाले निवेश की ओर आकर्षित हुए हैं। खासकर निवेशकों ने बिटकॉइन जैसी बड़ी क्रिप्टो करेंसी में कैपिटल फ्लो बढ़ा दिया है। इसकी वजह से बिटकॉइन जहां ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचकर ट्रेड कर रहा है, वहीं सोने की मांग में अचानक गिरावट आ गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सेंटीमेंट कमजोर होने के कारण सोने की आयात पर निर्भर करने वाले भारत जैसे कई देशों के बुलियन मार्केट में भी सोना कमजोर हुआ है। मार्केट सेंटीमेंट कमजोर होने और ज्वेलरी सेक्टर में मांग में आई गिरावट के कारण भी सोने पर दबाव की स्थिति बन गई है। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के अनुसार दिवाली के बाद ज्यादातर सर्राफा बाजारों में हाजिर सोने की मांग में गिरावट आई है। ये गिरावट शादी का सीजन शुरू होने तक जारी रह सकती है। शादी का सीजन शुरू होने के बाद भारतीय सर्राफा बाजारों में सोने चांदी की मांग में एक बार फिर तेजी आने की उम्मीद है, लेकिन यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत पर दबाव बना रहा, तो भारत में भी खरीदारों को राहत मिल सकती है।

# सीबीआईसी ने कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स को दी राहत

**नई दिल्ली।** पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तहत लॉजिस्टिक के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और दक्षता तथा सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) ने कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स (सीसीएसपी) के लिए राहत देने का ऐलान किया है।

इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार कस्टम एरियाज रेगुलेशंस 2009 के अनुसार पहले कस्टम एरिया में रखी की गई सामग्री के लिए कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स को 10 दिन की अवधि के लिए बीमा करवाना आवश्यक था?, लेकिन अब इसे कम करके 10 दिन की जगह 5 दिन कर दिया गया है। ऐसा होने से कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स की लागत में कमी आएगी, जिससे कैश फ्लो में बढ़ोतरी हो सकेगी।

इसके साथ इंटरनेशनल ऑपरेशनल स्टैंडर्ड के मानकों को पूरा करने वाले कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स को अपने लाइसेंस की नवीनीकरण प्रक्रिया से भी राहत दे दी गई है। उनके लाइसेंस को अब इंटरनेशनल ऑपरेशनल स्टैंडर्ड के अनुज्ञप्ति पत्र के साथ ही सिंक्रोनाइज कर दिया जाएगा। इससे कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर के रूप में काम करने वाले लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर्स के लिए कारोबार करना आसान हो जाएगा।

बताया जा रहा है कि इन कदमों का उद्देश्य कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए परिचालन लागत को घटाने के साथ ही आयात और निर्यात की जाने वाली वस्तुओं के प्रबंधन से जुड़े नियमों के अनुपालन के कारण होने वाली परेशानियों को कम करना है। बताया जा रहा है कि आयात निर्यात के कार्य के संचालन की दक्षता में सुधार करने और वैश्विक व्यापार को सुविधाजनक बनाने की केंद्र सरकार की कोशिशें के तहत ये बदलाव किए गए हैं।

## एसआर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ की अनुष्का चौहान भारतीय अंडर-18 टीम में दुबई टूर के लिए चयनित




**लखनऊ।** लखनऊ के एसआर ग्लोबल स्कूल की छात्रा अनुष्का चौहान का भारतीय अंडर-18 टीम में दुबई टूर के लिए चयन होने पर पूरे जिले में गर्व का माहौल है। अनुष्का ने लखनऊ जिले की पहली महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया है, जो न केवल उनके परिवार और स्कूल बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।

अनुष्का का यह सफर मेहनत, समर्पण और लगन का परिणाम है। एसआर ग्लोबल स्कूल ने उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की है ताकि वह अपने खेल में उत्कृष्टता हासिल कर सकें। उनके इस चयन ने स्कूल के अन्य छात्रों और युवा खिलाड़ियों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया है। जैसे ही अनुष्का दुबई में भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी करती हैं, स्कूल और उनके समर्थक इस बात का विश्वास रखते हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ेंगी और अपने स्कूल और देश का नाम रोशन करेंगी।

# वैश्विक भैरव अष्मी महोत्सव को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में एक प्रयास

**नीमच।** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में अखिल भारतीय बटुक भैरव भक्त मंडल, राष्ट्र संत डॉ. वसंत विजय जी महाराज, जो कि पार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ धाम, कृष्णगिरि, तमिलनाडु के पीठाधीश्वर हैं, के नेतृत्व में 15 नवंबर से 23 नवंबर तक नौ दिवसीय भव्य भैरव अष्टमी महोत्सव का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन मध्य प्रदेश के नीमच स्थित दशहरा मैदान में होगा और भक्ति तथा सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा।

27 राज्यों और 12 देशों से आने वाले भक्तों की उपस्थिति में इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण 84,000 वर्ग फीट की रंगोली होगी, जो लगभग 2 एकड़ में फैली होगी। यह रंगोली प्रमुख आध्यात्मिक गुरुओं और राष्ट्रीय नायकों के चित्रों से सजी होगी, जो भारत की सामाजिक समरसता, एकता, और आतंकवाद के खिलाफ अडिग संकल्प का प्रतीक होगी। यह आयोजन भारतीय कला और संस्कृति की समृद्धि को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा और 50 से अधिक प्रतिष्ठित विश्व रिकॉर्ड संस्थानों में दर्ज होने का प्रयास करेगा।

इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करना और देश की वैश्विक पहचान को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाना है।

डॉ. वसंत विजय जी महाराज के अनुसार, ÷भैरव अष्टमी पर आयोजित कष्ट हरण महायज्ञ और कथा साधना का विशेष महत्व है। इसका उद्देश्य देश को संभावित आर्थिक संकट और महामारी से बचाना है। यह यज्ञ न केवल देश की सुख-समृद्धि और शांति के लिए किया जाएगा, बल्कि भक्तों के लिए भक्ति और आस्था का प्रकाश भी प्रसारित करेगा।

इस कार्यक्रम की एक और विशेषता रहेगी, भैरव देव को अर्पित की जाने वाली 2024 प्रकार की दिव्य मिठाइयाँ। पूरे कार्यक्रम के दौरान अष्ट कुंडीय महायज्ञ, कथा, और भक्तों के लिए भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। यज्ञ में 46 विद्वान पंडित हिस्सा लेंगे, जिनमें मुख्य कुंड में 11 पंडित और शेष सात कुंडों में 5-5 पंडित 9 दिन तक निरंतर यज्ञ करेंगे। भक्तजन निःशुल्क पंजीकरण कर इस आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं।

इस महोत्सव में मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सी. पी. जोशी और सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, और विभिन्न राज्य विधायकों व अधिकारियों की भागीदारी भी रहेगी।

देश-विदेश से 50 से अधिक विविध संस्थाएं 2024 प्रकार की मिठाइयों के अर्पण और रंगोली के विश्व रिकॉर्ड में भाग लेंगी। डॉ. वसंत विजय जी महाराज के पावन सानिध्य और उनके मुखारविंद से कथा के साथ इस अद्वितीय आयोजन का समापन होगा। यह महोत्सव भक्ति और आराधना का अप्रतिम उदाहरण बनेगा।

यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, एकता और अखंडता को दर्शाएगा और दुनिया भर से भक्तों को इस अद्वितीय भक्ति और उत्सव के अनुभव का हिस्सा बनने के लिए आकर्षित करेगा। कार्यक्रम के दौरान सभी भक्तों के लिए भोजन और अन्य सेवाओं की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी।

# दूसरी तिमाही में सेल के मुनाफे में आई गिरावट, कमजोर नतीजे के कारण शेयर 4 प्रतिशत से ज्यादा टूटा

**नई दिल्ली।** देश की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के दूसरे तिमाही के नतीजे निराशाजनक रहे हैं। आज कंपनी ने दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए। इसके मुताबिक जुलाई से सितंबर की तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 31 प्रतिशत की कमी आई है। आमदनी घटने से कंपनी का मुनाफा भी कम हुआ है। कमजोर तिमाही नतीजे के कारण शेयर बाजार में भी कंपनी के शेयर आज 4.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 118.21 रुपये के स्तर पर बंद हुए।

हालांकि कंपनी का दावा है कि मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान कंपनी ने पहली तिमाही के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। कंपनी के प्रचालन से कारोबार, ब्याज, कर, मूल्यहास और ऋण चुकाने से पहले की कमाई और विक्रय मात्रा सभी में इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही के मुक़ाबले दूसरी तिमाही के दौरान बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही की तुलना में मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान कंपनी के प्रदर्शन में सस्ते आयात और इस्पात कीमतों में कमी जैसे कारकों के प्रभाव की वजह से गिरावट आई है।

सेल के वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि हमें उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी छमाही सितंबर में खत्म हुई पहली छमाही के मुक़ाबले अधिक आशाजनक वित्तीय परिणाम लाएगी। आने वाले समय में आयात में अपेक्षित गिरावट और सकल घरेलू उत्पाद और पूंजीगत व्यय में अनुमानित वृद्धि को देखते हुए कंपनी मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर सकती है।

## फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की देशभर की 20 शाखाओं की सदस्य उद्यमियों ने ट्रेड कनेक्ट में अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित कीं



**नई दिल्ली।** देश में महिलाओं की सर्वोच्च संस्था फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने एक दिवसीय ट्रेड कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें देशभर की 20 शाखाओं की महिला उद्यमियों ने घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित कीं।

कई 50 महिला उद्यमियों ने कपड़ा और परिधान, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी और डिजिटल सेवाएं, स्वास्थ्य और कल्याण उत्पाद, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद, पर्यटन और आतिथ्य उद्योग सहित प्रमुख क्षेत्रों से अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित कीं।

ट्रेड-कनेक्ट कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिला उद्यमियों का एक संवादात्मक सत्र था, जिसमें हमारे साथ 17 देशों - अर्मेनिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चिली, एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इजरायल, जापान, केन्या, पेरू, श्रीलंका, अमेरिका, ब्रिटेन, मिस्र और ट्यूनीशिया के टी प्रतिनिधि शामिल थे।

फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) एक ऐसा संगठन है, जिसके 20 अध्यायों में 12,000 से अधिक सदस्य हैं, जिसका मुख्यालय दिल्ली में है, जिसने पूरे भारत में असंख्य महिलाओं के जीवन पर एक स्थायी प्रभाव डाला है, जिसमें अनुभवी उद्यमियों से लेकर व्यवसाय में अपना पहला कदम रखने वाली महिलाएँ शामिल हैं। एफएलओ एक निरंतर शक्ति रही है, जिसने बाधाओं को दूर किया है, स्वतंत्रता को बढ़ावा दिया है और सभी क्षेत्रों की महिलाओं के लिए अवसरों का विस्तार किया है। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री जॉयश्री दास वर्मा ने कहा।

एफएलओ ने ऐसे संबंध विकसित किए हैं, जो परिवर्तनकारी हैं, दुनिया भर के व्यवसायों को एकजुट करते हैं और ऐसे अवसर पैदा करते हैं, जो भविष्य को परिभाषित करेंगे।

# हीरो मोटोकॉर्प ने EICMA 2024 में पेश किया अपने मोबिलिटी विजन का नया अध्याय

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प का उद्देश्य मोबिलिटी का भविष्य बनें (बी द फ्यूचर ऑफ मोबिलिटी) विज़न के साथ आगे बढ़ना है। इस लक्ष्य के तहत, कंपनी चुनौतियों को पार करते हुए नई ऊंचाइयों को छूने और नवाचार एवं दीर्घकालीन विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। हम आधुनिक तकनीकों को अपनाने और उन पर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि मोबिलिटी का ऐसा भविष्य तैयार किया जा सके जो आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी हो।

''हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी होने के नाते, विश्व के लिए भारत में विकसित की सोच को साकार करती है। यह सोच हमारे हर काम में झलकती है और हमारे 120 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों की सेवा करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाती है। हम पर्यावरण की रक्षा पर भी पूरा ध्यान देते हुए नए और बेहतर नवाचार के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

हीरो मोटोकॉर्प एक भरोसेमंद ग्लोबल लीडर बना हुआ है, जो अपनी मशीनों की विश्वसनीयता और मजबूती के लिए जाना जाता है। यह

**अनावरण**

**ग्लोबल मार्केट के लिए हाई परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रिक स्कूटर का किया अनावरण**

मजबूत भरोसा और हमारे विश्व स्तरीय उत्पाद, यूरोप और यूके में हमारे विस्तार का मूल आधार हैं।

हम चार विश्व स्तरीय उत्पादों का अनावरण करते हुए उत्साहित महसूस कर रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक में एक विशिष्ट वैश्विक पहचान, अपनी श्रेणी की अग्रणी विशेषताएं, उन्नत प्रौद्योगिकी और दुनिया भर में प्रशंसा प्राप्त इंजीनियरिंग उत्कृष्टता है जो हीरो मोटोकॉर्प की पहचान है।

डॉ. पवन मुंजाल

कार्यकारी अध्यक्ष (एक्जीक्यूटिव चेयरमैन ), हीरो मोटोकॉर्प

मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने श्वढ्ढष्टरू 2024 में




रोमांचक और बहुप्रतीक्षित नई मोटरसाइकिलों और एक इलेक्ट्रिक स्कूटर की श्रृंखला का अनावरण किया है। कंपनी ने 2025 की दूसरी छमाही तक कई यूरोपीय देशों और यूके के बाजारों में प्रवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की है।

अपने विजन 'मोबिलिटी का भविष्य बनें ( बी द फ्यूचर ऑफ मोबिलिटी)' के मुताबिक, हीरो मोटोकॉर्प ने नए और मौजूदा आंतरिक दहन इंजन (इंटर्नल कम्बशन इंजन) और इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादों की अपनी प्रीमियम रेंज का प्रदर्शन किया। इसमें पुरस्कार विजेता, फ्यूचरिस्टिक सर्ज एस 32, स्नढ्ढरू विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली एडवेंचर मशीन, हीरो 450 रैली और एक दम नए इलेक्ट्रिक कंसेप्ट शामिल रहे। उत्पाद प्रदर्शन प्रीमियमाइजेशन की अपनी यात्रा को जारी रखते हुए और अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में दो नई कटेगरी जोड़ते हुए, हीरो मोटोकॉर्प ने तीन नई मोटरसाइकिलों - एक्सपल्स 210, एक्सट्रीम 250आर और करिज्मा एक्सएमआर 250 का अनावरण किया।

मोटरसाइकिलों की ये विस्तृत रेंज विभिन्न राइडिंग शैलियों और सड़कों की जरूरतों को पूरा करती हैं। इसमें ऑफ-रोड/एडवेंचर से लेकर रेड और ट्रैक तक की कटेगरी की मोटरसाइकिलें शामिल हैं। जबकि VIDA Z इलेक्ट्रिक स्कूटर पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों के लिए स्टाइल और परफॉर्मेंस दोनों पेश करता है।

VIDA Z ग्लोबल ग्राहकों के लिए बनाया गया एक ऐसा उत्पाद है, जो अपने शानदार फीचर्स और स्टाइलिंग के लिए बार्सिलोना से बोगोटा तक पसंद किया जाता है। जैसे-जैसे ग्राहक अधिक जागरूक होते जा रहे हैं, नये तकनीक-रूप से उन्नत टिकाऊ उत्पाद स्वतंत्रता, उत्साह और आनंद की अभिव्यक्ति बनने के लिए डिजाइन किए जाते हैं।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा संपन्न


उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं


लक्ष्मीपुर घाट पर प्रधान अकमल के साथ प्रशासन


छठ घाटों पर सुरक्षा में लगी पुलिस प्रशासन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार भोर में उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ संपन्न

**व्रतियों ने की सुख-समृद्धि की कामना**

हो गया। चार दिवसीय छठ पूजा के महापर्व की शुरुआत पांच नवंबर को नहाय खाय के साथ हुई थी। इसके बाद अगले दिन छह नवंबर को व्रती महिलाओं ने खरना की रस्म निभाई। बृहस्पतिवार की शाम व्रती महिलाओं ने घाट पर खड़े होकर अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया। शुक्रवार सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह चार बजे से ही घाट पर व्रती महिलाओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटने लगी। यहां पूजा-पाठ के लिए महिलाएं पारंपरिक वेषभूषा में अपने परिवार के साथ पहुंचीं थी व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा का व्रत संपन्न किया और सुख समृद्धि की कामना किया। इस दौरान छठी मैया के गीत गूंजते रहे।

गौरतलब है कि भोर से ही व्रती महिलाएं व श्रद्धालु घाट पर पहुंचने लगे। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद घर में भरी कोसी को भोर में घाट पर पहुंचाया गया और छठ वेदी पर गन्ने के बीच कोसी रखकर षष्ठी माता व भगवान तपन की धूप दीप, नैवेद्य अर्पित कर पूजा अराधना की गई। सूर्योदय होते ही व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान गांव से लेकर शहर तक के घाटों पर छठ पूजा के पारंपरिक व कर्ण प्रिय गीत गूंजते रहे। छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं जहां पानी में खड़ी होकर हाथ में फल आदि से भरा सूप लेकर भगवान भानु की स्तुति करते हुए उनके उदय होने का इंतजार कर रही थी वही उनके साथ गई अन्य महिलाए समूह मे छठी मइया की गीत गा रही थी। जैसे ही आकाश मे भगवान आदित्य की लालिमा छाई अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हो गया।

**जनप्रतिनिधियों ने मांगा आर्शीवाद-** छठ घाट पर जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए छठी मइया एवं व्रती महिलाओं से अपने राजनीति उज्जवल भविष्य की कामना के लिए आर्शीवाद प्राप्त किया।

**युवाओं में सेल्फी का दिखा क्रेज-** पूजन सामग्री के साथ युवाओं ने खूब सेल्फी ली। इस दौरान बच्चों ने भी परिवार के साथ सेल्फी ली। बच्चों ने पूजन सामग्री को सिर पर रखकर भी सेल्फी ली। साथ ही युवाओं ने सेल्फी और फोटो को सोशल साइट पर अपलोड किया। फेसबुक, व्हाट्सएप के अलावा इंस्टाग्राम पर भी सेल्फी का खूब क्रेज दिखाई दिया। लोगों में छठ व्रत को लेकर काफी उत्साह भी नजर आया।

**रंग-बिरंगी रोशनी से गुलजार रहा घाट-** छठ महापर्व पर शुक्रवार की सुबह रंग-बिरंगी रोशनी में जिले भर के छठ घाट गुलजार रहे। गीतों की गूंज दूर तक सुनाई देती रही। हाथ में जल लेकर भगवान तजोरुप की ओर टकटकी लगाए पानी में खड़ी महिलाओं की श्रद्धा देखने लायक रही। उगते हुए ओजस्कर को अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने दीप जलाकर पानी में बहाया। इसी के साथ छठ पूजन के तीन दिवसीय व्रत का समापन हुआ।


मथौली छठ घाट पर आदर्श युवा समिति के सदस्य

## छठ घाटों पर मेले जैसा दिखा उत्साह

पडरौना नगर के छावनी स्थित पोखरा, जंगल बेलवा स्थित घाट, रामलीला मैदान स्थित पोखरा, बावली चौक स्थित पोखरा, कसया में हिरण्यवती नदी घाट, श्रीनाथ पोखरा, कप्तानगंज में राम जानकी घाट, हाटा स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर की छठ घाट, सेवरही के शिवा घाट, बांसी घाट, मथौली के राम जानकी घाट, लक्ष्मीपुर घाट, रगड़गंज घाट, मलुकही, अजीजनगर, पकड़ी मदरहां, सिकटिया, दुबौली घाट सहित जिले के सभी छठ घाटों पर व्रती महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, यहां का दृश्य मेले जैसे था।

## सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रही पुलिस

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने खुद छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा के इंतजाम को देखा और मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

## प्रसाद में अनिवार्य है ठेकुआ

सूर्य षष्ठी पूजा में ऋतुफल के अतिरिक्त आटा, गुड़ और घी से निर्मित ठेकुआ प्रसाद होना अनिवार्य है। इस पर सांचे से भगवान प्रकाश रुप के रथ का चक्र अंकित किया जाता है। पूजा सामग्री में पांच तरह के फल, मिठाइयां, गन्ना, केले, नारियल, अनन्नास, नींबू, शकरकंद, अदरक नया अनाज शामिल होता है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरे दिन हुए 4 क्वार्टर फाइनल मुकाबले

**अमेठी।** नगर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में चल रही राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन चार क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ ने बताया कि प्रतियोगिता के तृतीय दिवस अतिथि के रूप में प्रतिनिधि विधायक अमेठी अनुराग कुमार प्रजापति अरूण कुमार प्रजापति पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमेठी अमरेन्द्र सिंह (पिन्टू) भूतपूर्व ब्लॉक प्रमुख अमेठी घनश्याम चौरसिया थाना प्रभारी अमेठी बृजेश कुमार समाजसेवी सुधीर मिश्रा कृष्ण कुमार सिंह व सरवन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीसरे दिन 4 क्वार्टर फाइनल मैच टीम-ए तथा टीम-बी के मध्य खेले गये जिसमें प्रथम क्वार्टर फाइनल में अयोध्या मण्डल ने 22-19 से आजमगढ़ मण्डल द्वितीय क्वार्टर फाइनल में लखनऊ मण्डल ने 16-08 से मीरजापुर मण्डल तृतीय क्वार्टर फाइनल में वाराणसी मण्डल ने 21-13 से मुरादाबाद मण्डल व चतुर्थ क्वार्टर फाइनल में बरेली मण्डल ने 17-13 से अलीगढ़ मण्डल को पराजित किया।

# टैंकर के चपेट में आने से मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत


सड़क पार करने के दौरान घाटी घटना, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

अवधनामा संवाददाता

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** शुक्रवार को दिन के एक बजे खैरटिया बनकटा मार्ग पर दुलदुलिया गांव के सामने के मुख्य सड़क पार करते समय तेज़ रफ्तार टैंकर के चपेट में आने से चार वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौरा खास थाना क्षेत्र के गांव दुलदुलियां निवासी विकास निषाद की चार वर्षीय पुत्री सोनिया अपने दरवाजे पर पर खेल रही थी। तभी खैरटिया बनकटा मार्ग पर तेज रफ्तार में आ रहे हिंदुस्तान पेट्रोलियम की टैंकर ने बच्ची को रौंदते हुए भाग निकला जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन की रफ्तार तेज़ होने से बच्ची के शव के चिथड़े चिथड़े उड़ गए। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने घटना की सुचना पुलिस को दिया जिसके बाद पुलिस ने बनकटा चौकी के पास वाहन को चालक सहित पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए चालक और वाहन को थाने लेती गई। घटने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है चालक और वाहन पुलिस के कब्जे में है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई किया जायेगा।

# कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में 25 करोड़ से खरीदे जाएंगे उपकरण

### ईको और आटोमेटिक अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए भेजा गया है प्रस्ताव

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मेडिकल कॉलेज में उपकरणों की खरीद पर 25 करोड़ से अधिक रुपए खर्च किए जाएंगे। अधिकांश उपकरणों की खरीद भी हो चुकी है, लेकिन ईको और आटोमेटिक अल्ट्रासाउंड मशीनें अभी नहीं आई हैं। इसका भी प्रस्ताव भेज दिया गया है। सब कुछ ठीक रहा 15 दिसंबर से रोगियों को ईको और आटोमेटिक अल्ट्रासाउंड मशीन से जांच की सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। मेडिकल कॉलेज में कॉर्डियोलॉजी के डॉ. धनंजय मिश्रा की तैनाती के बाद ओपीडी में दिल के रोगियों की संख्या में इजाफा होने लगा है। इसके पहले इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार के बाद रोगियों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया जाता था। अब दिल के रोगियों को इलाज मिल रहा है। जिन मरीजों को ईको जांच की जरूरत पड़ रही है, उन्हें निजी जांच सेंटर पर जाना पड़ रहा है। वहीं, अल्ट्रासाउंड की आटोमेटिक मशीन लगाई जाएगी। इसमें एक साथ कई तरह की जांच की जा सकती है। दोनों मशीनों की खरीदारी के लिए प्राचार्य की ओर से प्रस्ताव भेज दिया गया है। बजट की स्वीकृति भी मिल गई है। प्राचार्य डॉ. आरके शाही ने बताया कि 15 दिसंबर से पहले दोनों मशीनें लग जाएंगी। पैथोलॉजी का भी विस्तार किया जाएगा। इसके लिए भी मशीनों की डिमांड की गई है। एकेडमिक ब्लॉक पर उपयोग किए जाने वाले अधिकांश उपकरणों की खरीदारी कर ली गई है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का जिला स्तरीय चयन 11 को

**अमेठी।** उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स की तिथि निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 11 नवम्बर 2024 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 14 नवम्बर 2024 तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में 16 नवम्बर 2024 से 22 नवम्बर 2024 तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त खेल का जिला स्तर चयन ट्रायल्स 11 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया जायेगा तथा प्रतिभागी खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड निवास प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज की फोटो लाना अनिवार्य होगा।

## बिजली के खंभे से लटकता मिला महिला का शव

**अमेठी।** मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक अज्ञात महिला का शव बिजली के खंबे से लटका पाया गया।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतीत होता है कि महिला ने अपनी साड़ी को फंदे के रूप में इस्तेमाल किया था। जिससे संकेत मिलता है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के पास चप्पलें भी बरामद हुई है।मुसाफिरखाना के थाना प्रभारी विवेक सिंह ने कहा महिला का शव रेलवे लाइन के बिजली के खंबे से लटका पाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया और अन्य स्रोतों से महिला की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं।

## रोटरी क्लब द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जॉच शिविर का आयोजन 10 नवम्बर को

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** रोटरी क्लब कुशीनगर 3120 एवं मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में एक नि-शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कसया स्थित नगर पालिका परिषद, कुशीनगर के सभागार में 10 नवंबर 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल होंगी। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचना है। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि-शुल्क परामर्श और जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ के जाने-माने जनरल फिजिशियन, हृदय रोग विशेषज्ञ, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ के द्वारा नि-शुल्क परामर्श दिया जाएगा साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बी.एम.आई., आंखों की जांच और दांतों की जांच भी निःशुल्क में किया जाएगा। रोटरी क्लब कुशीनगर के सचिव अजय कुमार सिंह ने लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह शिविर विशेष रूप से गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे इस शिविर का लाभ उठाए और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

# पूर्व विधायक भुलई भाई को विधायक ने दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता


भुलई भाई को श्रद्धांजलि देते विधायक

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर में पूर्व विधायक भुलई भाई का निधन भाजपा नेता ने साझा की यादें, बोले- बिरला ग्रुप के ऑफर को भी ठुकरा दिया था कुशीनगर के राजनीतिक परिदृश्य में एक युग का अंत हुआ, जब पूर्व विधायक श्री नारायण उर्फ भुलई भाई का 111 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी निधन की खबर सुनकर भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता शोक में डूब गए।

भाजपा नेता व कुशीनगर विधायक पीएन पाठक उनके आवास पर शुक्रवार को पहुंचे और उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहसिक राजनीतिक फैसलों की चर्चा की। विधायक पीएन पाठक ने बताया कि एक समय ऐसा भी आया था, जब बिरला ग्रुप ने राज्यसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए भुलई भाई को 20 हजार रुपए देकर खरीदने की कोशिश की थी। लेकिन भुलई भाई ने इस ऑफर को ठुकरा दिया और पूरी बात संगठन को बता दी। यह उनके चरित्र और निष्ठा का परिचायक है।

**प्रधानमंत्री ने भी लिया हाल-चाल-** विधायक पीएन पाठक ने यह भी बताया कि कोरोना काल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भुलई भाई का हाल-चाल लेने के लिए फोन किया था। भुलई भाई का राजनीतिक सफर 1974 में शुरू हुआ, जब उन्होंने दिया बाती चुनाव चिन्ह पर पहली बार विधायक बनने का गौरव हासिल किया। **साइकिल से किया था क्षेत्र का भ्रमण-** भुलई भाई की सादगी और निष्ठा का एक उदाहरण यह भी है कि वे खड्डा क्षेत्र का भ्रमण साइकिल से किया करते थे। विधायक पीएन पाठक ने बताया कि उस समय नौरंगिया विधानसभा हुआ करता था, और भुलई भाई खुद लोगों के घर जाकर उनसे मिलते थे। उनका जीवन समर्पण और संघर्ष का प्रतीक था, जो न केवल भाजपा के लिए बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

## डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय भोंए का निरीक्षण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को प्राथमिक



विद्यालय भोंए का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यालय में शिक्षण कार्य सहित अन्य गतिविधियों का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली स्वयं अपने सामने बच्चों से किताब पढ़वाया तथा उपस्थित अध्यापक गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जो बच्चे पढ़ाई में कमजोर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर उनकी पढ़ाई की स्थिति को ठीक कराएं विद्यालय की खिड़कियों में जाली लगवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शौचालय में पानी नहीं आ रहा था कारण पूछने पर बताया गया की मोटर खराब है जिस पर उन्होंने तत्काल मोटर ठीक कराने के निर्देश दिए। बच्चों से मध्यान भोजन की जानकारी ली बच्चों द्वारा बताया गया कि आज खाने में तहरी दी गई थी। जिलाधिकारी ने निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को मध्यान्ह भोजन देने के निर्देश दिए।

## जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति फेज 05 के तहत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के द्वारा श्रीमती रमराजी माध्यमिक विद्यालय विकास खंड शाहगढ़ में मिशन शक्ति के उद्देश्यों एवं महिलाओं के आत्म रक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन कराया गया।जिसमें महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं हेल्प लाइन नंबर 1090 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में भी छात्राओं को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रागिनी पांडेय प्रधानाचार्य धीरज कश्यप युवक मंगल दल अध्यक्ष आकाश एवं विद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न छठ पर्व

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** लोक आस्था व प्रकृति पूजा का महापर्व छठ शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। जिले के विभिन्न स्थलों पर बनाए गए छठ घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सहभागिता निभाई। छठ व्रतियों ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत संपन्न किया। इसके बाद व्रतियों ने पारण किया घाट पर श्रद्धालुओं को ठेकुआ आदि के प्रसाद बांटे गये।घाटों पर छठ गीत बज रहे थे।छठ की घटा काफी मनोरम लग रही थी।नगर अमेठी में मुंशीगंज रोड पर फायर स्टेशन के पास छठ घाट बनाया गया था।यहां दर्जनों परिवार की महिलाओं ने पूजन कर अर्घ्य दिया। वहीं कालिकन धाम सगरा में बड़ी संख्या में छठ व्रतियों ने पूजन कर अर्घ्य दिया। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित लोदी बाबा धाम पर छठ की घूम रही यहां भी व्रतियों ने पूजन अर्चन कर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया।पूर्वांचल और बिहार का प्रमुख त्यौहार उत्तर भारत में भी मनाया जा रहा है नौकरी पेशा के कारण कई परिवार पूर्वांचल और बिहार के यहां रहने लगे है साथ ही शादी विवाह के कारण कुछ महिलाये अपने मायके के अनुरूप छठ पर्व को यहां मना रही है।धीरे धीरे छठ पर्व कीलोकप्रियता यहां भी बढ़ती जा रही है।मंगलवार से छठ पूजा का महापर्व शुरू हुआ है। यह त्योहार 4 दिन तक मनाया जाता है।पहले दिन नहाय-खाए दूसरे दिन खरना और तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य की पूजा और अर्घ्य चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। नहाए-खाए के दिन महिलाएं और पुरुष नदियों में स्नान करते हैं। इस दिन चावल चने की दाल इत्यादि बनाए जाते हैं। इस दिन विशेष रूप से कद्दू की सब्जी और पकवान बनाए जाते हैं । दूसरे दिन खरना के दिन से महिलाएं और पुरुष छठ का उपवास शुरू करते हैं इन्हें छठ व्रती कहते हैं। इसी दिन शाम के समय प्रसाद बनाया जाता है। प्रसाद में चावल दूध के पकवान ठेकुआ बनाया जाता है। साथ ही फल सब्जियों से पूजा की जाती है। छठ के तीसरे दिन दिन शाम के पूजन की तैयारियां की जाती हैं। छठ व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत करते हैं और शाम के पूजन की तैयारियां करते हैं। इस दिन नदी तालाब में खड़े होकर ढलते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

# दो बाइक सवारों में टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़े, दो की मौत

अवधनामा संवाददाता


मृतक चंदन साहनी मृतक मुख्तार

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कस्बे के आजाद चौक पर दो बाइक सवारों की सीधी टक्कर हो गई जिससे एक बाइक सवार ट्रैक्टर ट्राली में जा भिंडा एक कि मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया वहां उसकी इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

शुक्रवार को चंदन साहनी पुत्र पिंटू साहनी निवासी नगर पंचायत कप्तानगंज चकबंदी चौक मोटरसाइकिल से आजाद चौक पर आ रहा था वही मुख्तार अंसारी पुत्र संकी अली निवासी बौलिया विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल से आ रहा था जिससे दोनों में टक्कर हो गई जो दोनों मोटरसाइकिल सामने जा रही ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ गए जिससे चंदन साहनी की मौके पर मौत हो गई वहीं मुख्तार अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्रथम उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## किसानों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण 17 से

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत गठित समिति (गवर्निंग बोर्ड) द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत जनपद से किसानों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण राष्ट्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा उत्तर प्रदेश में 17 नवम्बर 2024 से 21 नवम्बर 2024 तक कराये जाने हेतु अनुसंधान संस्थान से तिथि प्राप्त हुयी है। उन्होंने बताया कि जनपद के प्रत्येक विकासखण्ड से 10 किसानों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर करते हुये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने जनपद के समस्त किसानों से उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक किसान अपने विकासखण्ड में स्थापित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर अपना आवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु अपील किया है।

# मेडिकल कालेज में भ्रष्टाचार के खिलाफ़ छात्र संघ का क्रमिक प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिती के मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल के अगुआई में मेडिकल कालेज देवरिया में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ क्रमिक प्रदर्शन प्रारंभ हुआ। मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल ने कहा कि मेडिकल कालेज में प्राचार्य का भ्रष्टचार अपनी जड़े जमा चुका है। इनको मेडिकल कॉलेज में इलाज व्यवस्था से कोई ताल्लुक नहीं है यह केवल सत्ता के नशे में चूर है।

श्री शुक्ल ने कहा की प्राचार्य को जब तक कार्यमुक्त नही किया जाता और मेडिकल कालेज में इलाज व्यवस्था को सही नही किया गया । तब तक यह प्रदर्शन चलता रहेगा। जिला पंचायत सदस्य वेद प्रकाश तिवारी ने कहा की देवरिया मेडिकल कालेज भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है हम प्रशासन से मांग करते हैं की इसकी उच्च सत्रीय जांच कराई जाय और दोषियों पर कार्रवाई हो। पुर्व अध्यक्ष आनन्द श्रीवास्तव ने कहा है की देवरिया मेडिकल कालेज में मरीजों के साथ जांच के नाम पर उत्पीड़न किया जाता है। अल्ट्रासाउंड के नाम पर मरीजों का शोषण किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष अरविंद गिरी ने कहा की देवरिया में मेडिकल कॉलेज केवल नाम के लिए बना है सुविधा के नाम पर यहां कोई व्यवस्था नही है। इस दौरान छात्र नेता दीपक सिंह, पूर्व अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र, पूर्व महामंत्री अशीष शुक्ल, जमालुद्दीन खान, अभिषेक मिश्र, फारुख अहमद, मनीष चतुर्वेदी, नीतेश पांडे, जयप्रकाश मिश्र, महेंद्र यादव, अनिल मिश्र, संजय मिश्र, रामप्रताप यादव, नागेंद्र सिंह अनुज पांडे, मंटू मदेशिया, श्रीयश पांडे, रोशन तिवारी, दुर्गेश पांडेय, धीरेंद्र मिश्र, शाकिर अली, सतेंद्र यादव सहित अधिक संख्या में छात्र नेता शामिल रहे।

## स्मार्टफोन से छात्रों को मिलेगी तकनीकी जानकारी




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गौरी बाजार नगर पंचायत क्षेत्र के ललिता देवी धर्मदेव सिंह आईटीआई विद्यालय उसरी खुर्द में सदर सांसद शशांक मणि ने विद्यालय के 60 छात्रों को टैबलेट वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र इन टैबलेट और स्मार्टफोन के माध्यम से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में छात्रों को इन स्मार्टफोन और टैबलेट के जरिए नौकरी ढूंढने में भी आसानी होगी साथ ही स्मार्ट फोन और टैबलेट के माध्यम से जिले के ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल और डिप्लोमा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को काफी मदद मिलेगी । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की इस योजना से डिजिटल क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं और लाखों छात्र और छात्राएं इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, महेंद्र, सुर्य नारायण राय, अतुल राय, बृजेश गुप्ता, कृष्ण मोहन राय जी, जटाशंकर राय पूर्व प्रधान, अंकित सिंह मौजूद रहे।

## दलित महिला के साथ गांव के दबंग ने की मारपीट

**गोसाईगंज, सुल्तानपुर।** खेत में गाय चारा रहे व्यक्ति को मना करने पर दलित महिला को गांव के ही दबंग ने मारा पीटा, थाने पर तहरीर देने के दस दिन बाद भी थाना पुलिस मुकदमा दर्ज करने से परहेज कर रही है।पीड़िता दलित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से किया है। पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में थाना गोसाईगंज क्षेत्र के बंधन भगत का पुरवा, गनेश पुर कैथौली निवासिनी सुदेशा पत्नी अच्छेलाल ने बताया है कि बीते 29 अक्टूबर को सायं 5 बजे वह अपना खेत देखने गई थी। उसने देखा कि गांव का ही निवासी शहजाद पुत्र आबाद उसके खेत में अपनी गाय चरा रहा है।मना करने पर उसने हाथ में लिए हुए डंडे से मरना शुरू कर दिया।पीड़िता बेहोश हो गई। होश में आने पर उसने थाना गोसाई गंज जाकर मामले की तहरीर दिया, किंतु मुकदमा नहीं लिखा गया। हारकर उसने पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले का प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिए जाने की गुहार की है।

## छठ पर्व के अंतिम दिन उगते हुए भगवान सूर्य देव को श्रद्धालुओं ने दिया अर्ध्य

**टूंडला।** चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा के चलते श्रद्धालुओ ने उगते हुए सूर्यदेव को अर्ध्य दिया। चार दिनों तक चले इस पर्व के दौरान व्रती लोगों ने पूजा अर्चना कर छठी मैया से अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। रिकेश महानामा ने बताया कि छठ पूजा में भगवान भाष्कर की ही पूजा की जाती है। शुक्रवार को पर्व का अन्तिम दिन था सुबह से ही व्रती महिला व पुरूष बड़ी संख्या में पानी भरे हुए कुंड में आये जो अपनेक साथ कच्चा दूध, फ्ल व गंगा जल लेकर आये जिससे उगते हुए सूर्यदेव का अर्ध्य दिया गया। यह पूजा की प्रक्रिया नदी में ही होती है लेकिन जहां पर नदी नहीं होती वहां पर लोग एक कुंड में पानी भर देते हैं और उसी पानी भरे कुंड में खड़े होकर भगवान सूर्य की पूजा कर उनको अर्ध्य दिया जाता है।

# बिना लाइसेंस बीज का व्यापार करने पर दर्ज होगी प्रथम सूचना रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने बताया कि रबी 2024-25 में बुआई हेतु बीज वितरण कार्य प्रारम्भ हो रहा है जिसे देखते हुए शासन/कृषि विभाग कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। रबी 2024-25 में बीज आपूर्ति एवं ब्रिकी हेतु बीज विक्रेताओं को निम्न निर्देश दिये जा रहे है। जनपद में बीज बिक्री करने हेतु सभी बीज विक्रेताओं के पास वैध बीज बिक्री लाइसेंस होना अनिवार्य है। यदि कोई व्यापारी बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्राप्त किये बीज का व्यवसाय करते पाया जायेगा तो सम्बन्धित व्यापारी के विरुद्ध बीज नियंत्रण आदेश 1983 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्राविधानों के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। बीज विक्रेता अपने फर्म/दुकान पर डिस्प्ले बोर्ड रेट बोर्ड, स्टाक बोर्ड, बिक्री/स्टाक रजिस्टर, कैशमेमो व अन्य वांछित अभिलेख पूर्ण रखें तथा बीज क्रय करने वाले कृषकों को रसीद अवश्य उपलब्ध करायें। रसीद पर कृषक का नाम एवं पता, खसरा संख्या, रकबा के साथ बीज आपूर्ति करने वाली संस्था का नाम, बोरी का टैग संख्या तथा लाट संख्या का भी उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होनें बताया कि बीज विक्रेता उसी फर्म/कम्पनी से स्टाक का क्रय करें जो फर्म कृषि निदेशालय उ0प्र0 से पंजीकृत/ अधिकृत हो तथा उस फर्म का बीज बिकी प्राधिकार पत्र संख्या बिल में अवश्य अंकित करायें अन्यथा की दशा में समस्त बीज निरीक्षण के समय सीज कर दिया जायेगा। बीज विक्रेता अपने प्रतिष्ठान से बिकी किये जा रहे बीजों का पूर्ण विवरण सुरक्षित रखें, जिसमें बीज प्राप्ति श्रोत, बिल, कैशमेमो संख्या व दिनांक का पूर्ण विवरण अंकित हो। रिसर्च वैरायटी, जो अधिसूचित नही है अपितु अनुसंधान के अन्तर्गत है, की बिक्री प्रतिबन्धित रहेगी। बीज विक्रेता स्टाक का भण्डारण बीज प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) में दर्ज स्थान पर ही करें अन्यथा स्टाक का भण्डारण अवैध माना जायेगा तथा बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। विक्रेता द्वारा प्रत्येक माह में बीज प्राप्ति/वितरण व अवशेष की सूचना अगले माह की 05 तारीख तक जिला कृषि अधिकारी बहराइच कार्यालय में उपलब्ध कराई जायेगी।

# गुमनाम छात्रा द्वारा अधिकारियों पर लगाया गया झूठा आरोप

अवधनामा संवाददाता

- प्रथम दृष्टया असत्य एवं निराधार पायी गई शिकायत

**बहराइच।** जनपद में आज सोशल मीडिया द्वारा प्रसारित की गई एक खबर जिसमें जिले के विकास विभाग के एक बड़े अधिकारी और एक सहायक विकास अधिकारी पर एक छात्रा द्वारा डीएम को प्रार्थना पत्र देकर शौचालय मांगने पर इज्जत से खिलवाड़ किए जाने का आरोप लगाया गया, इस खबर के वायरल होते ही जनपद में चर्चाओं का दौर आम हो गया कुछ लोग पत्रकारों द्वारा अनदेखी करने तथा विपक्षी दल सपा के लोगों द्वारा सरकार को घेरने जैसी पोस्ट वायरल की जाने लगी जिसपर इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए डीएम मोनिका रानी ने टीम बनाकर साजिश करके दबाव बनाने वाली इस झूठी कहानी से पर्दा उठा दिया। इस मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी व प्रभारी सहायक विकास अधिकारी के विरूद्ध प्राप्त शिकायती पत्र के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया टीम में नगर मजिस्ट्रेट, प्राचार्य स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला प्रोबेशन अधिकारी को सदस्य नामित किया गया। प्रकरण की जांच में पाया गया कि प्रथम दृष्ट्या शिकायत असत्य एवं निराधार है तथा शिकायत के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी व प्रभारी सहायक विकास अधिकारी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

## "ऑपरेशन कन्विक्षन" के तहत दोषी अभियुक्त को जुर्माने

**फिरोजाबाद।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत फिरोजाबाद पुलिस की प्रभावी पैरवी के फ्लस्वरूप अभियुक्त आवेश को न्यायालय द्वारा दोषी पाते हुए 18 माह कारावास एवं 25000 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन÷अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 544/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के दोषी अभियुक्त आवेश पुत्र गुड्डू निवासी नाईयो वाली गली मस्जिद थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को न्यायलय द्वारा दोषी पाते हुए 18 माह के कारावास एवं 25000 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया है। अभियुक्तों को सजा दिलाने में अभियोजक प्रदीप कुमार चौहान, पुलिस मॉनिटरिंग सेल एवं कोर्ट पैरोकार है0का0 वेदपाल सिंह का विशेष योगदान रहा है।

# पुलिस से दो कदम आगे हैं चोर-उचक्के

- बे-खौफ सरे-राह छीन लेते हैं बाइक-मोबाइल

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** भले ही पुलिस रोज़ाना गुडवर्क दिखाकर यह कहते हुए अपनी पीठ थपथपाने से नहीं थकती है कि अपराधियों पर पुरजोर तरीके से शिकंजा कसा हुआ है। लेकिन एक तरफपुलिस द्वारा की जाने वाली धर-पकड़ तो दूसरी ओर चोर-उचक्कों द्वारा दी जाने वाली घटनाओं को अंजाम देते हुए यही प्रतीत होता है कि चोर-उचक्के व अपराधियों के बीच पुलिस का खौफ दूर-दूर तक दिखायी नहीं देता। यही कारण है कि एक सप्ताह के अन्तर्गत एस0एन0 रोड से सरेराह न सिर्फ एक बाइक चोरी हो गयी तो वहीं एक चलते हुए कम्पाउन्डर का मोबाइल लूट लिया गया।

थाना दक्षिण क्षेत्र के अन्तर्गत एस0एन0 रोड पर दीवाली के दौरान एक मिष्ठान भण्डार के सामने खड़ी बाइक को एक चोर-उचक्का सरेराह पैदाल चलाते हुए ले गया तो वहीं गत दिवस एक मेडिकल स्टोर के सामने से गुजर रहे कम्पाउन्डर से मोबाइल छीनकर दो लुटेरे स्टेशन की ओर लूट कर चले गए। बताते चलें कि जीआर प्लाज़ा के प्रबन्धक मंगल कुमार गुप्ता ने अपनी बाइक संख्या यूपी 83एन6786 सुपर स्पलैण्डर दाउ जी मिष्ठान के सामने खड़ी कर दी थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगल कुमार गुप्ता के साथ छीना-झपटी शुरू कर दी और लोग समझ पाते कि इसी बीच छीना-झपटी करने वाला युवक मिष्ठान भण्डार के सामने खड़ी बाइक को पैदल ही चलाकर ले गया। चोरी की गयी बाइक मौ0 साबिर के नाम रजिस्टर्ड है। उक्त के सम्बन्ध में मंगल कुमार गुप्ता ने थाना दक्षिण एक शिकायती पत्र भी दिया था। समाचार लिखे जाने तक गाड़ी का कोई अता-पता नहीं चला है। उक्त घटना को एक सप्ताह ही बीता था कि गत रात गुरूवार की रात 9:30 बजे के लगभग एक कम्पाउण्डर एस0एन0 रोड स्थित आवास पर इंजेक्शन लगाने आ रहा था कि जिला पशु चिकित्सालय के बाहर सोनाली मेडिकल के सामने से गुजरते समय कम्पनी बाग चौराहे की ओर से तेज रफ्तार में आती एक स्पोर्ट नीले रंग की बाइक पर बैठे हुए दो युवकों ने झपट्टा मारकर कम्पाउन्डर का मोबाइल लूटते हुए तेजी से स्टेशन की ओर निकल गए। पींड़ित कम्पाउण्डर झपट्टे से इतना हतप्रभ हो गया कि वह न तो गाड़ी का नम्बर देख पाया और न ही चीख-पुकार सका। पीड़ित ने बताया कि टैक्नो स्पार्क 8 मॉडल के मोबाइल में 8394022365 नम्बर की सिम डली थी। उसने बताया कि बाइक पर लूट करने वाला पीछे बैठा युवक काली-सफेद लाइनदार शर्ट पहने हुए था और घुंघराले बाल थे। उक्त घटना से स्पष्ट होता है कि पुलिस की पैदल मार्च तथा प्रतिदिन किए जा रहे गुडवर्क चोर-उच्क्कों में खौफ पैदा करने में पूरी तरह से असमर्थ है। समय रहते अगर पुलिस ने इन चोर-उचक्कों पर शिकंजा नहीं कसा तो यह बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। क्योंकि एस0एन0 रोड प्रमुख व्यापारिक केन्दऊ है जिस पर शहर के प्रमुख परिवारों के परिजन एवं अधिकारियों के परिजन भी खरीद-फ्रोख्त के लिए आते रहते हैं।

## पॉक्सो एक्ट में एक वांछित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन व चैकिंग अभियान, तलास वांछित/वारंटी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के निकट नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा मुअस 280/24 धारा 64/ 137(2)/ 87/ 115(2)/352/351(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद में वांछित अभियुक्त गोविन्द यादव उर्फ कनका पुत्र पुजारी यादव उर्फ श्रीगणेश निवासी नगला बाजदार थाना मक्खनपुर को अभियुक्त के घर नगला बाजदार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। आग्रिम विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक उदयवीर मलिक, व0उ0नि0 सुनीलचन्द्र, का0 32 दीपक कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# उगते सूर्य को अर्ध्य देकर सुहागिनो ने व्रत तोड़ा, 36 घंटे निराजल व्रत रही महिलाएं

अवधनामा संवाददाता



- सीताकुंड घाट पर उमड़ी व्रतधारियो व श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भीड़ कंट्रोल करने में जुटे रहे आयोजक
- मोबाइल से वीडियो व सेल्फी की रही धूम

**सुल्तानपुर।** कार्तिक मास की चतुर्दशी से प्रारंभ होने वाला लोक आस्था व सूर्य की उपासना का महापर्व आदिशक्ति छठ माता का व्रत शुक्रवार भोर मे उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। सीता कुंड धाम पर व्रत धारियों व दर्शीर्थियो की भारी भीड़ उमड़ी।पुलिस व प्रशासन की ओर से व्यवस्था व सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। स्वर्णकार समाज की ओर से यहाँ प्रसाद वितरण कराया गया वही समिति की ओर से पत्रकार बंधुओ अधिकारियों सामाजिक संगठनों व सामाजिक विभूतियों का सम्मान किया गया। मंगलवार को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ या व्रत बुधवार को खरना गुरुवार को अस्तांचल सूर्य को अर्ध्य व शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ संपन्न हो गया।

इस व्रत मे सुहागिने अपने पुत्र व पति की कुशलता व सुख समृद्धि की कामना के लिए 36 घंटे का कठिन व्रत रखती है।जहां घरों में विविध आयोजन किए जाते हैं वही नदी मे पहुंचकर डूबते सूर्य व सूर्य उगते सूर्य को दूध व जल से अर्ध्य दे कर उपासना की मान्यता है इस दौरान व्रतधारी महिलाएं शिव शक्ति के संयुक्त पिंडी स्वरूप के रूप में शिव शक्ति की स्थापना करती है जिस पर फूल माला प्रसाद व दीपक जलाकर अपने पुत्र की व पति की सुख समृद्धि की कामना करती है।मान्यता है प्रकृति के दृश्य देवता भगवान आदित्य सूर्य से परिवार को ऊर्जा मिलती है वहीं उनकी सारी मान्यताएं आदिशक्ति स्वरूप छठ मैया पूर्ण करती है। छठ महापर्व को देखने के लिए सीताकुंड घाट पर भारी भीड़ उमड़ी आधुनिकता के दौर में मोबाइल फोटो व सेल्फी की घूम रही खास तौर पर भारी भरकम जेवरों से लदी हुई महिलाओं ने खूब सेल्फी ली। किशोरियों ने रील बनाने में अपने आप को मदमस्त रखा वहीं युवाओं में सेल्फी का क्रेज दिखाई दिया।

# ब्लाक मिहींपुरवा में 12 नवम्बर को आयोजित होगा रोज़गार मेला

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय तथा कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड मुख्यालय मिहींपुरवा में 12 नवम्बर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 10 नियोजकों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोज़गार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में क्रैशकार्प लिमिटेड, पीपल ट्री आनलाइन, धनवर्षा बायोप्लांटेक, पशुपति नाथ बायोटेक्नालॉजी, एल.आई.सी., पुखराज हेल्थ केयर, यूनाइटेड यंग इण्डिया व ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक, शैलेषपति इण्टरप्राइजेज़ व इलजिन इलेक्ट्रानिक्स इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशन विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोज़गार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बिलग्राम- हरदोई

पत्रांक-774 / लेखाकार/क्षे0पं0/ 2024-25 दिनांक : 06/11/2024

## -: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-

राज्य वित/पन्द्रहवाँ वित योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्षेत्र पंचायत बिलग्राम को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्राप्त प्रस्तावित परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फार्मो को अल्पकालीन टेण्डर निविदा आमंत्रण की जाती है। निविदादाता किसी कार्य/सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है। उपलब्धता की तिथि दिनांक 07/11/2024 से निविदा प्राप्त के लिए अन्तिम तिथि/समय दिनांक 2 बजे तक 20/11/2024 प्राप्त की जा सकती है। निविदा खोलने की दिनाक 20/11/24 को दोपहर 3.00 बजे के बाद कार्यो का विवरण निम्निवत् है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | भौतिक मात्रा | प्राक्कलन लागत | धरोहर राशि | टेण्डर मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत अजमत नगर में यदुनाथ के घर से डामर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 145 मी0 | 997000.00 | 99700.00 | 950.00 | 06 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में बाबू यादव के घर से रामवीर के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 146 मी0 | 995000.00 | 99500.00 | 950.00 | 06 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में गुलशेर के घर से अमृतलाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 165 मी0 | 997000.00 | 99700.00 | 950.00 | 06 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में सत्य प्रकाश के घर से मिथलेश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 148 मी0 | 995000.00 | 99500.00 | 950.00 | 06 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत पिण्डारी में रजबहा पुलिया से देवेन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 152 मी0 | 996000.00 | 99600.00 | 950.00 | 06 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में विजय सिंह के घर से सूरज सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 160 मी0 | 994000.00 | 99400.00 | 950.00 | 06 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में प्रेम के घर से सूरज सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 156 मी0 | 996000.00 | 99500.00 | 950.00 | 06 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत परचल रसूलपुर में सोनेलाल के घर से मदनपाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 145 मी0 | 999000.00 | 99900.00 | 950.00 | 06 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में दिलीप के घर से पंकज के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 145 मी0 | 991000.00 | 99100.00 | 950.00 | 06 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में विशाल के घर से बेचेलाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 152 मी0 | 996000.00 | 99600.00 | 950.00 | 06 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत सहोरा रामापुर में श्याम सुन्दर के घर से रोहित के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 145 मी0 | 998000.00 | 99800.00 | 950.00 | 06 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में अंकित गुप्ता के घर से कमलू के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 152 मी0 | 992000.00 | 99200.00 | 950.00 | 06 माह |
| 13 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में डामर रोड से श्याम सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 148 मी0 | 996000.00 | 99600.00 | 950.00 | 06 माह |
| 14 | ग्राम पंचायत कुन्दरौली सादिकपुर में कुन्दरौली मार्ग से योगेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 165 मी0 | 993000.00 | 99300.00 | 950.00 | 06 माह |
| 15 | ग्राम पंचायत बिरौरी में नन्हें सिंह के घर से रणधीर सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 145 मी0 | 997000.00 | 99700.00 | 950.00 | 06 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में धर्मेन्द्र गुप्ता के घर से राजकरन के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 152 मी0 | 993000.00 | 99300.00 | 950.00 | 06 माह |
| 17 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में निजामुद्दीन के घर से गंगा प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 144 मी0 | 993000.00 | 99300.00 | 950.00 | 06 माह |
| 18 | ग्राम पंचायत सखेड़ा में डामर रोड से श्रीकृष्ण के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 114 मी0 | 999000.00 | 99900.00 | 950.00 | 06 माह |
| 19 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में नरवेश के गोड़ा से कमलेश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 165 मी0 | 996000.00 | 99600.00 | 950.00 | 06 माह |
| 20 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में सुशील के घर से फूल सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 152 मी0 | 994000.00 | 99400.00 | 950.00 | 06 माह |
| 21 | ग्राम दुहतियामऊ में लालाराम के घर से पुलिया तक नाला निर्माण कार्य | 167 मी0 | 991300.00 | 99130.00 | 950.00 | 06 माह |
| 22 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में रघुवीर के घर से देवी मंदिर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 158 मी0 | 996000.00 | 99600.00 | 950.00 | 06 माह |
| 23 | ग्राम पंचायत बिरौरी में इन्द्रपाल के घर से पंचायत घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 157 मी0 | 994000.00 | 99400.00 | 950.00 | 06 माह |
| 24 | ग्राम पंचायत नूरपुर हथौड़ा में रामसेवक के घर से रामसिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 146 मी0 | 998000.00 | 99800.00 | 950.00 | 06 माह |

**निविदा की शर्ते निम्नवत् है-**

1. निविदा के निर्माण कार्य की दरे प्रतिशत् में उल्लेख करना अनिवार्य है। एवं पैसे में प्रस्तुत निविदा मान्य न होगी।
2. निविदादाताओं को प्रपत्र के साथ रू0 200.00 का स्टाम्प एवं रू0 100 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर एवं नोटेरी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता आयकर देने वाला हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जिस पर जी0एस0टी0 नं0 अंकित हो की प्रमाणित पैन नम्बर एवं जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति व हैसियत प्रमाण-पत्र की प्रति अवश्य संलग्न की जाये।
4. निविदादाताओं को निविदा स्वीकृत होने पर नियमतानुसार टैक्स की अनुमन्य कटौती की जायेगी।
5. निविदा के साथ कालम-5 में अंकित जमानत धनराशि सम्बन्धित कार्यो के अनुसार आवश्यक संलग्न होनी चाहिये कुल धरोहर धनराशि में से 02 प्रतिशत की राष्ट्रीय बैंक से निर्मित फिक्स डिपाजिट रसीद, एन0एस0सी0 पोस्ट ऑफिस पासबुक जोकि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम हरदोई के पदनाम से एक वर्ष की अवाधिक तक बंधक हो तथा 8 प्रतिशत धरोहर की बिल से कटौती की जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निरस्त कर की जायेगी। जिसके सम्बन्ध में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
6. फर्म/ठेकेदार कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृत के पश्चात् कार्य स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हाने की अवधि वर्षा एवं गर्मी के मौसम को सम्मिलित करते हुए की गयी है जिसके सम्बन्ध में कोई भी दावा मान्य न होगा।
7. कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में विवाद निपटारा होने तक निर्माण कार्य का कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा, और न ही भुगतान सम्बन्धी कोई दावा आपत्ति मान्य होगा।
8. ऐसे निविदादाता जोकि राज्यवार काउंसिल को टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी की में पंजीकृत हैं अनुमति नहीं है।
9. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10. बीजक के बिल से नियमानुसार आयकर/जी0एस0टी0/जमानत धनराशि एवं अन्य अनुमन्य कटौती पर भुगतान होगा।
11. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं समस्त वादों का न्याय क्षेत्र न्यायालय हरदोई के अधीन होगा।

**(डा. सौरभ कुमार पाण्डेय)**
**खण्ड विकास अधिकारी,**
**बिलग्राम-हरदोई।**

# हेडमास्टर का विरोध करने पर 9 पर हुयी एफआईआर

**अवधनामा संवाददाता**




**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा तहसील क्षेत्र के सिजनौडा गांव में स्थित एक सरकारी स्कूल में तैनात प्रधान अध्यापिका के तानाशाही रवैये के विरोध में अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन किया। अभिभावकों के खिलाफ प्रधान अध्यापिका ने मुकदमा दर्ज कराया है, जिसके बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। सिजनौडा गांव के प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका नेहा गुप्ता के खिलाफ अभिभावकों ने तहसील दिवस में शिकायती पत्र दिया था, जिसमें उन पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। शिकायत में कहा गया था कि प्रधान अध्यापिका समय पर स्कूल नहीं आती, मिड डे मील में गड़बड़ी होती है, और दूध में पानी मिलाया जाता है। इसके अलावा, अगर कोई शिकायत करता तो वह अभद्रता करतीं और मुकदमे में फंसा देने की धमकी देती हैं। जब अभिभावकों की शिकायत की जांच के लिए एबीएसए (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) स्कूल पहुंचे, तो आरोप है कि उन्होंने उल्टा अभिभावकों को धमकाना शुरू कर दिया, जिससे गुस्साए लोग उन्हें स्कूल से खदेड़ने लगे। इस घटना के बाद प्रधान अध्यापिका नेहा गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देते हुए दो नामजद हरिओम साहनी और शिक्षामित्र शांति देवी के अलावा 7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने की खबर पर गुस्साए अभिभावक अपने बच्चों और महिलाओं को लेकर तहसील पहुंचे और सड़कों पर जाम लगा दिया। उन्होंने प्रधान अध्यापिका को हटाने और उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग की। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे के अंदर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन का हिस्सा बनेंगे और धरने पर बैठ जाएंगे।

# जिलाधिकारी ने विभिन्न जगहों का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जनपद के जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कुरारा विकास खण्ड के कुतुबपुर गांव में टीकाकरण केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र व प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कुतुबपुर आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा था। इस मौके पर जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं से नियमित रूप से जांच होने,जरूरी दवाई मिलने तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा/ गर्भवती महिला टीकाकरण से छूटने न पाए।इसके लिए घर घर का सर्वे कर लिया जाय। बताया कि पोलियो, टीबी, काली खांसी, गला घोटू, टिटनेस, निमोनिया, डायरिया खसरा, दिमागी बुखार आदि बीमारियों से बचाव के लिये टीकाकरण जरूरी है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं के बारे में संबंधित से जरूरी पूछताछ की। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से मिलकर वहां दी जा रही शिक्षा सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा मिड डे मील ,शिक्षण व्यवस्था ,छात्र व शिक्षक उपस्थिति आदि के बारे में जरूरी पूछताछ कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों से प्रश्न / सवाल पूछकर पठन पाठन की गुणवत्ता का फीडबैक भी लिया।इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी कुरारा , एमओआईसी कुरारा तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# निरक्षण मे ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग और पचखुरा खुर्द मे पायी गयी कमिया

**अवधनामा संवाददाता**



**सुमेरपुर।** विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग मे जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निरक्षण किया गया जिसमे ग्राम पंचायत के पंचायत भवन का निरक्षण मे पाया गया कि पंचायत भवन मे जनपद स्तरीय अधिकारियो का नाम अघतन नही किये गये है जब की अभी हाल ही मे वाल पेंटिंग करायी गयी है जब की ग्राम पंचायत मे पूर्व मे तैनात सचिव का नाम अभी भी पंचायत भवन के वाल पेंटिंग मे अंकित है जिसके क्रम मे मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव को उक्त पेंटिंग को अघतन कराये जाने के कड़े निर्देश दिये गये है। साथ ही ग्राम पंचायत मे तैनात पंचायत सहयक द्वारा बताया गया कि माह अक्टूबर 2024 तक कुल 101 सी0 एस0 सी 0 सेवाओ का आवेदन किया गया है। पंचायत सहायक द्वारा प्रति सेवा ली जाने वाली फीस 30 पंचायत ओ0 एस0 आर के खाते मे अभी तक जमा नही की गयी है। जिसमे सचिव को निर्देशित किया गया कि उक्त फीस ग्राम पंचायत के खाते मे जमा कराते हुए बैंक स्टेटमेंट एव कैश बुक की छाया प्रति तत्काल कार्यालय मे प्रेषित करे इसी प्रकार से ग्राम पंचायत पचखुरा बुजुर्ग मे ग्राम पंचायत सचिवालय मे निर्मित मीटिंग हाल की छत मे क्रैक प्रदर्शित हो रही है जिसकी मरम्मत कराते हुए मीटिंग हाल को सक्रिय किये जाने की आवश्यकता है ग्राम पंचायत मे तैनात पंचायत सहायक द्वारा अब तक मात्र 06 सी0 एस0 सी0 मे दी जाने वाली सेवाओ की सूची एंव निर्धारित सेवा शुल्क की वाल पेंटिंग कराया जाना आवश्यक है। साथ ही ग्राम सभा की बैठको एव मुनादी आदी के मध्यम से पंचायत सचिवालय मे दी जाने वाली सी एस सी की जानकारी जन सामान्य को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश सचिव को दिये गये है साथ ही ग्राम पंचायत पचखुरा बुजुर्ग मे वितीय वर्ष 2023 - 24 मे ओ0 डी0 एफ प्लस हेतु चयनित किया गया था। परन्तु ग्राम पंचायत मे निर्मित कराया गया आर आर सी अभी भी संचलित नही है , जिसे सम्बंधित सचिव द्वारा 03 दिन के अंदर संचालित कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

# बदमाशों ने दिनदहाड़े रिटायर्ड रोडवेज कर्मी को लूटा

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के पोस्टमार्टम हाउस के पास दो अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े दुःसाहस करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दे डाला। अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल भरवा कर लौट रहे बाइक सवार रिटायर्ड रोडवेज कर्मी को रोककर एवं तमंचे के बल पर उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी जेब में रखे पर्स में पड़े ढाई सौ रुपए के अलावा उसका मोबाइल फोन लूट कर घटना को अंजाम दे डाला। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने राठ कोतवाली में घटना के लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। राठ कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले के निवासी मोहम्मद रशीद पुत्र स्वर्गीय नूर खान राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि वह राठ रोडवेज का रिटायर्ड कर्मचारी है। बताया कि आज गुरुवार दोपहर करीब 1:00 बजे वह है गल्ला मंडी के पास स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवा कर वह वापस नगर की ओर आ रहा था। बताया कि तभी रास्ते में पोस्टमार्टम हाउस के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने आवाज देकर उसे रोक लिया। बताया कि उक्त बदमाशों ने उसे पीछे से अवैध तमंचा लगाकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी जेब में रखें पर्स में पड़े ढाई सौ रुपए के अलावा उसका मोबाइल छीनकर उसे धक्का मार कर बाइक सहित सड़क पर गिरा दिया। बताया कि बदमाशों के द्वारा की गई मारपीट और धक्का मार कर गिराने से उसे चोटें आई हैं। बताया कि घटना के बाद उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मामले की जांच कराकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि दरोगा को भेज कर घटना की जांच पड़ताल कराई जा रही है।

# तीन दिन से प्यासे हैं नगरवासी अब होगा पानी के लिये महायुद्ध

**जलसंस्थान ने मौरंग खनन कारोबारियों के आगे किया समर्पण, नगर मे पानी की किल्लत से बिलबिलाये बाँदावासी**



**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** अभी तो सर्दियों का आरम्भ भी पूरी तरह से नही हो पाया है और शहर मे पानी की किल्लत की पहली झलक मिलने लगी है , पिछले तीन दिनों से नगर मे पानी की आपूर्ति करने वाले जल संस्थान ने अपने हाथ खडे कर लिये कि नदी मे पानी की जलधारा सिकुडने से पानी मशीनों मे नही पहुंच पा रहा है जिस कारण से नदी से जल की आपुर्ति लगभग बंद हो गयी है , लाखों की आबादी वाले शहर मे अभी से ये हाल है तो फरवरी मार्च मे स्थिती कितनी डरावनी होगी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

जलसंस्थान द्वारा केन नदी और कुछ कुओं के माध्यम से कुछ ट्यूबबेलो के माध्यम से नगरवासियों को पानी की आपूर्ति की जाती है परंतु विगत तीन दिनों से नगर मे पानी की सप्लाई बंद हो जाने से हाहाकार मचा तब पता चला कि केन नदी के इंटकवेल तक पानी पहुंच ही नही रहा है जिससे नदी से पानी को खींचा ही नही जा पा रहा है और आपुर्ति बाधित हो गयी है।

### मौरंग खनन के कारण नदी की धारा बदल गयी

नदी की जलधारा बदलने का प्रमुख कारण मौरंग खनन कारोबारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र मे नदी की जलधारा के साथ खिलवाड करना है जिससे मौरंग खनन करने मे उन्हे कोई समस्या ना आये , इसलिये कई जगहों पर खनन कारोबारियों ने पानी को बांध दिया है और रास्ता बनाकर खनन कार्य किया जा रहा है जिससे नदी अपनी जलधारा बदल रही है ऐसे मे केन नदी का स्वरूप और असतित्व समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। अवर अभियंता जलसंस्थान का कहना है कि हम भी मजबूर है कि शहरवासियों को पानी की आपूर्ति नही कर पा रहे है परंतु जब नदी मे जलधारा मे ही पानी नही मिलेगा तो हम आपूर्ति कैसे करेगे , दबी जबान से उन्होने भी मौरंग खनन को बडा कारण बताया और कहा कि हमारे उच्चाधिकारी जिलाधिकारी से मिलकर अपना पक्ष रखेगे और खनन कारोबारियों की कारगुजारी जिलाधिकारी महोदय को देंगे।

## एनटीपीसी लिमिटेड के 50वें साल पूरे होने का मनाया जश्न

**सोनभद्र/विंध्याचल।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा उपयोगिता कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने 7 नवंबर को अपने 50वें स्थापना दिवस का आयोजन किया, जिसमें कंपनी के पिछले पांच दशकों में हुई उपलब्धियों और योगदान को सराहा गया। इस खास मौके पर, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के पुरी बीच पर एनटीपीसी के 50 वर्षो का प्रतीक चिन्ह अपनी अद्भुत सैंड आर्ट के रूप में तैयार किया। सुदर्शन पटनायक, जो अपनी सैंड आर्ट के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं, ने लिमिटेड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कंपनी के नए लोगो को सैंड आर्ट के रूप में उकेरा। इस लोगो में अनंत लूप और लचीला रूप दर्शाया गया है, जो लिमिटेड की निरंतर प्रगति और भविष्य की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। लिमिटेड का नया 50 वर्ष लोगो अपने आप में कई महत्वपूर्ण संदेश देता है। नीला रंग कंपनी की थर्मल ऊर्जा की विश्वसनीयता और स्थिरता का प्रतीक है, जबकि हरा रंग नवीकरणीय ऊर्जा में लिमिटेड की प्रगति को दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारियों नें सासंद से की मुआवजा दिलाने की मांग




**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** नवीन मंडी के बाहर स्थिति सुपर मार्केट के व्यापारीयों की मांग को लेकर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित की अगुवाई में सासंद जितेंद्र दोहरे से मिले, व्यापारियों नें बताया कि नवीन मंडी सिमित मे निर्मित सुपर मार्केट में 69 दुकानों का आवंटन किया गया था, जिसमे दुकनदारों को दुकानों के विक्रय का भी अधिकार दिया गया था, इटावा बरेली राजमार्ग के चौड़करण की परिधि मे उक्त बाजार भी आ रहा है, इस कारण जो क्षति व्यापारियों की हो रही है उसका मुआवजा वर्तमान सर्किल रेट के हिसाब से व्यापारियों को दिया जाए ये पूरी जगह व्यवसायिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है, सासंद ने अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, अखिलेश वर्मा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, लाइन पार अध्यक्ष दिनेश यादव, नरेश चन्द्र यादव, मनोज त्रिपाठी, अरविंद यादव आदि व्यापारी गण मौजूद रहे।

### परशुराम सेवा समिति उ.प्र.की समस्त इकाइयां भंग



**इटावा, इकदिल।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र.( रजि. )की प्रदेश, जिला व नगर की समस्त इकाइयां भंग कर दी गयीं है। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति उ.प्र.के प्रदेश अध्यक्ष डा.सुशील सम्राट ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी व नगर कार्यकारिणी एवं महिला प्रकोष्ठ इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डा.सुशील सम्राट ने आगे बताया कि वर्ष 2025 का सदस्यता अभियान एक दिसम्बर से शुरू किया जायेगा उसके बाद समस्त इकाइयों का पुनःगठन किया जायेगा। नयी कमेटी में सक्रिय व लगनशील लोगों को ही पद दिये जायेगें द्य उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर नगर, जिला व प्रदेश स्तर पर सदस्यता प्रभारी नियुक्त किये जायेगें। सदस्यता अभियान पूर्ण होने के बाद समस्त प्रदेश, जिला व नगर इकाइयों का गठन किया जाएगा।

### वीरेंद्र कुमार तिवारी को जनपद इटावा का जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया



**इटावा।** उत्तर प्रदेश में संगठन चुनाव के लिए भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने पहले सदस्यता अभियान चलाया। इसके बाद अब उत्तर प्रदेश में संगठात्मक चुनाव का ऐलान कर दिया है। भाजपा इटावा जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने बताया कि जनपद इटावा में संगठनात्मक चुनाव के लिए भाजपा के कद्दावर पूर्व राज्यमंत्री व पूर्व प्रदेश मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी को जनपद इटावा का जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। पूर्व राज्यमंत्री व पूर्व प्रदेश मंत्री के मार्गदर्शन में संगठन चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न होंगे। जिला चुनाव अधिकारी पूर्व राज्यमंत्री व पूर्व प्रदेश मंत्री वीरेंद्र तिवारी का 9 नवंबर से 11 नवम्बर 2024 तक तीन दिवसीय प्रवास हेतु जनपद आगमन हो रहा है। जनपद इटावा संगठनात्मक चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी का 9 नवम्बर 2024 को दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यालय पर आगमन होगा। स्वागत बाद जिला चुनाव अधिकारी संगठन चुनाव हेतु पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। दिनांक 10 नवंबर 2024 दोपहर 1 बजे भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। बूथ समिति के चुनाव 15 नवंबर से प्रारंभ होकर 30 नवंबर के मध्य संपन्न होंगे।

## इन्वेस्टर्स के साथ डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**हमीरपुर।** उद्योग विभाग के अंतर्गत मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग/ एमओयू के संबंध में इन्वेस्टर्स के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के इन्वेस्टर्स से बातचीत की तथा उनको प्रोजेक्ट के संबंध में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद के इन्वेस्टर्स को हर संभव मदद कर जनपद में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित किया जाए। कहा कि जनपद में ग्रीन एनर्जी के विकास के संबंध में अच्छा स्कोप है तथा यहां पर पर्याप्त मात्रा में भूमि भी उपलब्ध है अतः ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट हेतु एनटीपीसी, ओएनजीसी आदि से पत्राचार किया जाए। जनपद के इन्वेस्टर द्वारा अपने संबंधित प्रोजेक्ट के बारे में शीघ्र विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/ डीपीआर उपलब्ध कराया जाए।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने 10 टीपीडी CO2-से-ग्रीन मीथेनॉल संयंत्र से पहला मीथेनॉल ड्रॉप सफलतापूर्वक संश्लेषित किया

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी ने 6 नवम्बर 2024 को अपने 50वें स्थापना दिवस के मौके पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, जब एनटीपीसी विंध्याचल में स्थित 10 टीपीडी CO2-से-ग्रीन मीथेनॉल संयंत्र से पहली बार मीथेनॉल का ड्रॉप सफलतापूर्वक संश्लेषित किया गया। यह मीथेनॉल CO2 और ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग करके तैयार किया गया है, और यह कंपनी के कोयला-आधारित पावर प्लांट से कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस परियोजना का उद्देश्य भारतीय पावर सेक्टर में कार्बन कैप्चर, उपयोग और संग्रहण (CCUS) प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। आने वाले दिनों में इस संयंत्र के संचालन से प्राप्त डेटा का उपयोग इन-हाउस विकसित उत्प्रेरक (कैटलिस्ट) की जांच, विश्लेषण और स्केल-अप के लिए किया जाएगा, जो एनटीपीसी और पूरे पावर सेक्टर को कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से उत्सर्जन कम करने में मदद करेगा। यह परियोजना भारत के 2070 तक नेट-ज़ीरो उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने में भी अहम भूमिका निभाएगी। CO2-से-मीथेनॉल परियोजना में 20 टीपीडी CO2-कैप्चर प्लांट, 2 टीपीडी PEM आधारित हाइड्रोजन (H2) उत्पादन संयंत्र और 10 टीपीडी मीथेनॉल संश्लेषण संयंत्र शामिल हैं। इस परियोजना को एनटीपीसी के R&D विंग एनटीपीसी एनर्जी टेक्नालजी रिसर्च एलायंस ने डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग और अवार्ड किया है और इसे एनटीपीसी विंध्याचल के ग्रीन केमिकल्स विभाग द्वारा एनटीपीसी एनर्जी टेक्नालजी रिसर्च एलायंस और टीम विंध्याचल के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है। मीथेनॉल के पहले संश्लेषण के इस ऐतिहासिक अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार की उपस्थिति में हुआ।

# धूम धाम से मना एनटीपीसी का स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना में दिनांक 07 नवंबर, 2024 को एनटीपीसी-लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशासनिक-भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने एनटीपीसी ध्वजारोहण किया और सभी ने एनटीपीसी गीत गाया। साथ ही परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक( आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस) ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक( संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने केक काटकर हवा मे गुब्बारे छोड़े और अपना हर्षोल्लास व्यक्त किया। इस भव्य अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष/ अनुभागाध्यक्ष, अध्यक्षा सुहासिनी संघ सरोजा फणि कुमार, उपाध्यक्षा सारिका चतुर्वेदी एवं सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण, कमांडेंट सीआईएसएफ पंकज बलियान एवं उनकी टीम, यूनियन/ एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, सभी स्कूलों के प्राचार्यगण एवं अध्यापकगण, सभी कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहें। सर्वप्रथम अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी-लिमिटेड, गुरदीप सिंह ने लाइव टेलिकास्ट के जरिये एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं के सभी कर्मचारियों को संबोधित किया। सिंह ने कर्मचारियों से पर्यावरण और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इनोवेटिव, उच्च दक्षता, उच्च विश्वसनीयता और उच्च उपलब्धता प्रदर्शित करने की अपील की। श्री सिंह ने सभी को एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। सिंह ने देश की सेवा के लिए समर्पित कंपनी के अद्वितीय विकास में एनटीपीसी के प्रत्येक सदस्य की अटूट प्रतिबद्धता और योगदान की सराहना की।

# एनटीपीसी के 50 वें स्थापना दिवस का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन, शक्तिनगर सोनभद्र में 07 नवम्बर-2024 को 50 वें एनटीपीसी स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली से विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से एनटीपीसी लिमिटेड के प्रमुख, गुरदीप सिंह द्वारा एनटीपीसी ध्वज का ध्वजारोहण एवं एनटीपीसी गीत के सम्मान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

तत्पश्चात् एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने एनटीपीसी कर्मी सहित आम जन को सहयोग एवं समर्पित भाव से ऊर्जा उत्पादन में योगदान प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। एनटीपीसी की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि अकोटकर ने गर्व के साथ अवगत कराया कि एनटीपीसी मौजूदा वक्त में 76,475.68 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली देश की प्रमुख विद्युत उत्पादक कंपनी बन गई है तथा पाँच दशक पुराना विद्युत गृह होने के बाद भी किफायती विद्युत उत्पादक कंपनियों में प्रमुख स्थान बनाए हुए है।

एनटीपीसी लिमिटेड को प्राप्त अनेकों पुरस्कारों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि - ÷हमारी कंपनी एक मात्र पी एस यू है जिसे टॉप 50 बेस्ट प्लेस टू वर्क में स्थान प्राप्त हुआ है तथा प्रसन्नता एवं गर्व का विषय है कि इस विशाल विद्युत उत्पादक कंपनी का शुभारंभ सिंगरौली की पवित्र धरती से हुआ था।÷

ऊर्जा उत्पादन के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति वचनबद्धता का परिणाम है की सिंगरौली विद्युत गृह द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए 20 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं एवं भविष्य में भी एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा पर्यावरण के लिए नवीनतम एवं आधुनिकतम तकनीकों को अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर सफल और सार्थक प्रयास किये जायेगें।

इस अवसर को और विशेष बनाने हेतु स्थानीय सेवा भवन पार्क में एक खास टैलंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ एनटीपीसी गीत तथा माननीय परियोजना प्रमुख द्वारा केक काटकर किया गया। इस टैलेंट हंट कार्यक्रम में सभी संविदा कर्मियों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। गायन, कविता पाठ और नाट्य कला जैसी विभिन्न विधाओं में कर्मचारियों ने अपनी क्षमताओं को प्रस्तुत किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में उत्साहपूर्वक मनाया गया छठ पर्व



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल का लेक पार्क छठ मईया के गीतों से रहा गुंजायमान हर वर्ष के भाति इस वर्ष भी एनटीपीसी-विंध्याचल के लेक पार्क में छठ पर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। छठ पर्व भगवान भास्कर को समर्पित एवं पवित्रता एवं सदभावना का प्रतीक है। इसे श्रद्धालु तीन दिवस तक पूर्ण पवित्रता एवं भक्ति भाव के साथ मानते है। इस दौरान आवासीय परिसर तथा आस-पास के हजारो श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। छठ पर्व के आयोजन में शाम को अस्त चलगामी सूर्य को अर्ध्य देने के लिए उपस्थित श्रद्धालुओं का सैलाब लगा रहा।

इस दौरान देर रात तक लेक पार्क छठ मईया के गीतों से गुंजायमान होता रहा। छठ पर्व में हुये आयोजन के दौरान लेक पार्क ,मंदिर कॉम्प्लेक्स एवं सरोवर को आकर्षक विद्युतीय झालरों से सजाया गया था।

## शक्तिनगर में छठ पूजा का भव्य आयोजन



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में छठ पूजा का आयोजन इस वर्ष भी विधिपूर्वक और भव्यता से संपन्न हुआ। स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एनटीपीसी परियोजना ने छठ पूजा के आयोजन के लिए व्यापक प्रबंध किए, ताकि यह पर्व श्रद्धा और सुरक्षा के साथ मनाया जा सके। इस आयोजन में श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की गई। चिल्काझील की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया और श्रद्धालुओं के लिए समुचित जलपान, साफ-सफाई, चेंजिंग रूम और प्रसाधन जैसे कई जरूरतमन्द व्यवस्थाओं का ध्यान रखा गया। साथ ही, श्रद्धालुओं के उत्साह को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त रोशनी, सजावटी लाईट और पेयजल की व्यवस्था की गई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में सी.आई.एस.एफ सुरक्षा कर्मी, पुलिस और निजी गार्डो की तैनाती की गई। आयोजन स्थल पर पूरे क्षेत्र की निगरानी सी.सी.टी.वी व ड्रोन कैमरों से की गई, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम के माध्यम से निरंतर आवश्यक सूचना प्रदान की गई। खोये हुए परिवार जनों को भी यहां के अधिकारियों द्वारा मिलाया गया। घाट के चारों ओर सुरक्षा तैराक तैनात किए गए थे और झील में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से नाव, रस्सी और हुक की व्यवस्था की गई थी। एनटीपीसी द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंध, घाट की सफाई, रास्तों की साफ-सफाई, सुरक्षा बैनर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं ने आयोजन को सफल और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF EDUCATION
Government of India
सत्यमेव जयते



"पढ़ने से बड़ा
कोई आनंद नहीं,
और ज्ञान से बड़ी
कोई ताकत नहीं।"

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

कथा, कला और अभिव्यक्ति का उत्सव

# गोमती पुस्तक महोत्सव

**9-17 नवंबर 2024**

किताबों की दुनिया में
फिर से आपका स्वागत है!

# उद्घाटन

**9 नवंबर, 2024**
प्रातः 9:00 बजे

मुख्य अतिथि

## श्री योगी आदित्यनाथ

माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



गरिमामयी उपस्थिति

**श्री योगेन्द्र उपाध्याय**
उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश

**प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे**
अध्यक्ष, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

**युवराज मलिक**
निदेशक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

**गोमती रिवरफ्रंट पार्क, लखनऊ** | प्रातः 11:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक

### शब्द संसार
### Children's Pavilion

- शब्द जो गाते हैं : कविता लेखन कार्यशाला
- अदला–बदली क्विज़ : शिक्षकों से सवाल!
- भूली हुई क्रांतियाँ : अंबालिका भट के साथ
- स्मार्ट डिफेंस : एआई के युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी
- From Pages to Stage : Theatre Play
- Unleash Your Inner RJ : Write & Perform
- How & Why Tales by Geeta Ramanujan
- Picture Book Workshop

### लेखकगंज / Authors' Corner

9–17 नवंबर 2024 : शाम : 3 बजे से 6 बजे

- एशियाई देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध की आधारशिला के रूप में रामायण : नीरज वशिष्ठ और डॉ. अलका सिंह
- मुंशी नवल किशोर : भारत के कैक्सटन, एक किंवदंती : पद्म श्री डॉ. रंजीत भार्गव, नीता दुबे, हिमांशु बाजपेयी
- स्क्रीन के लिए सम्मोहक कहानियाँ : मनोज राजन त्रिपाठी
- लोक संगीत और साहित्य : पद्मश्री मालिनी अवस्थी
- अतीत की अभिव्यक्तियाँ : सांस्कृतिक कहानी कहने में कथक की भूमिका : प्रोफेसर मांडवी सिंह
- सीमाओं से परे : पैरालंपिक विजेताओं की यात्रा प्रीति पाल और सिमरन शर्मा के साथ
- फिल्मकार मुजफ्फर अली से मुलाकात
- Mythology and Modern Culture : With Anand Neelakantan
- Rehearsals vs. Takes : The Actor's Process in Theatre and Film by Phonsok Ladakhi
- How Modern Workplace Inspires Literature and Creativity by Rajiv Gupta and Ambalika Bhat
- Rivers in the Culture of Bharata by Ratul Chakraborty
- Through the Lens of Art and Verse: Edward Lear in Lucknow and Tennyson's 'The Siege of Lucknow by Anindyo Roy
- Coins in Rivers : Indian English poetry for contemporary times by Rochelle Potkar

### बाल फिल्म महोत्सव
### Children Film Festival

- Loupetoo: Iran | Persian | 9 Nov
- Giulia e il Capoposto : Italy | Italian | 11 Nov
- मास्साब (द टीचर) : भारत | हिंदी | 12 नवंबर
- The Little God : भारत | मलयालम | 13 नवंबर
- Paulas Dad and the Right Button in his Head : Germany | German | 14 Nov
- The Double Life of Hugh : USA | English | 14 Nov
- मेरे पापा सुपरहीरो : भारत | गुजराती | 15 नवंबर

### रंगमंच
### Cultural Stage

काव्यराग : चिन्मयी त्रिपाठी और जोएल | दास्तानगोई : हिमांशु बाजपेयी
शाम–ए–ग़ज़ल : इंदिरा नाइक | रामेष्ट बैंड द्वारा प्रस्तुति | कवि सम्मेलन | मुशायरा | युग्म बैंड

कार्यक्रमों की तिथिवार जानकारी के लिए स्कैन करें।

nbt.india एक: सूत्रे सकलम्

@nbt_india | @GBFbyNBT | YouTube @NBTIndia | @GBF_2024 | Gomti Book Festival 2024

CBC 21103/15/0031/2425